

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शुक्रवार 02 अगस्त 2024 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-126 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 03 अगस्त 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### ईरान या कोई भी आए सबको देख लेंगे, जंग में कूदा अमेरिका

**वाशिंगटन,2 अगस्त।** तेहरान में हमास के चीफइस्माइल हानिया की मौत के बाद व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा कि वाशिंगटन ईरान से सभी खतरों के खिलाफ इजरायल की सुरक्षा की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि दोनों नेताओं के बीच बातचीत तब हुई जब इज़राइल ने घोषणा की कि उसने बेरूत में हिज़्बुल्लाह के सैन्य कमांडर फुआद शुक्र को ख़त्म कर दिया है। नेतन्याहू की सरकार ने तेहरान में हमास के राजनीतिक नेता इस्माइल हानियेह की हत्या पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह ने इज़राइल को दोषी ठहराया है। व्हाइट हाउस ने नेतन्याहू के साथ राष्ट्रपति की कॉल के एक रीडआउट में कहा कि बाइडेन ने ईरान से उसके प्रॉक्सी आतंकवादी समूहों हमास, हिजबुल्लाह और हूथिस सहित सभी खतरों के खिलाफइजरायल की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति ने बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन सहित खतरों के खिलाफइजरायल की रक्षा का समर्थन करने के प्रयासों पर चर्चा की, जिसमें नई रक्षात्मक अमेरिकी सैन्य तैनाती भी शामिल है।

### ईडी का बाँहें खोलकर इंतजार: राहुल गांधी

**नई दिल्ली,2 अगस्त।** राहुल गांधी ने रात क़रीब दो बजे सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा है कि, उनके यहाँ ईडी छापा मार सकती है।राहुल ने तीन दिन पहले संसद में 'चक्रव्यूह' का जिक्र करते हुए पीएम मोदी को



घेरा था। रात 1 बजकर 52 मिनट पर राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा - ईडी का बाँहें खोलकर इंतज़ार,चाय बिस्कुट मेरी ओर से। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आशंका जताई है कि, उनके यहाँ ईडी छापा मारने आ सकती है। केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय का ज़िक्र करते हुए राहुल गांधी ने लिखा है कि,मैं चाय बिस्कुट के साथ बाँहें खोलकर इंतज़ार कर रहा हूँ। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने रात 1 बजकर 52 मिनट पर एक्स पर पोस्ट किया। राहुल गांधी ने लिखा -जाहिर है, 2 इन 1 को मेरा चक्रव्यूह भाषण पसंद नहीं आया। ईडी के अंदरूनी सूत्र ने मुझे बताया कि छापेमारी की योजना बनाई जा रही है।खुली बाहों से इंतज़ार कर रहा हूँ @dir_ed ...चाय और बिस्कुट मेरी तरफ से। जुलाई 2023 में केंद्रीय प्रवर्तन निदेशालय याने ईडी कांग्रेस की शीर्षस्थ नेता श्रीमती सोनिया गांधी से तीन दिन पूछताछ कर चुकी है। नेशनल हेराल्ड केस में यह पूछताछ हुई थी। इसी केस में ईडी ने राहुल गांधी से भी पूछताछ की थी।

### जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव का ऐलान जल्द ही संभव

**श्रीनगर,2 अगस्त।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव का इंतजार लंबे समय से हो रहा है. चुनाव आयोग ने जल्द चुनाव करवाने को लेकर बड़ा संकेत दिया है. चुनाव आयोग ने केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन से कहा है कि जिन अधिकारियों की नियुक्ति उनके गृह जिले में है, उनका ट्रांसफर किया जाए. इसी तरह के निर्देश हरियाणा , महाराष्ट्र और झारखंड की सरकारों को भी दिए गए हैं. इन राज्यों में इसी साल चुनाव होने हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जून में ही श्रीनगर में कहा था कि जम्मू-कश्मीर में ना केवल विधानसभा के चुनाव करवाए जाएंगे।

## मलबे के साथ गांवों-जंगलों में मिल रही लाशें

### वायनाड लैंडस्लाइड में 315 की मौत, 200 से ज्यादा लोग अब भी लापता

**केरल,2 अगस्त।** वायनाड में कुदरत ने जमकर कहर बरपाया है। विगत मंगलवार (30 जुलाई) को आए वायनाड लैंडस्लाइड में अबतक 315 लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही 200 से अधिक लोग अब भी लापता है। प्रकृति के प्रकोप का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि महज 195 लोगों के ही शव मिले हैं। वहीं 105 लोगों के शरीर क कुछ हिस्सा ही बरामद हुआ है, जिससे उनकी मौत कंफर्म हुई है।सेना, नेवी और एयरफोर्स के साथ बचावकर्मियों की 40 टीमें लोगों के रेस्क्यू में दिन-रात जुटे हुए है। वहीं लगातार बारिश के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत हो रही है। रेस्क्यू को प्रभावी बनाने के लिए सर्च क्षेत्र को 6 अलग-अलग भागों में बांटने की बात चल रही है। वहीं जैसे-जैसे मलबा हटाने के काम चल रहा है, वैसे-वैसे शव निकल रहे हैं। वहीं गांवों-जंगलों में भी लाशें मिल रही है। गुरुवार सुबह लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी वायनाड पहुंचे थे। विजिट के दौरान दोनों ने लैंड स्लाइड प्रभावितों से बात की। चूरलमाला और मेप्पाडी में एक अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मॉर्चुरी भी पहुंचे। आज शुक्रवार को राहुल गांधी वायनाड में रहेंगे। यहां राहत कार्य को लेकर पार्टी नेताओं और मेप्पाड़ी ग्राम पंचायत के डेलिगेशन से मिलेंगे।



राहुल गांधी ने वायनाड में कहा, 'यह देखना दुखद है कि कितने लोगों ने अपने परिवार और घरों को खो दिया है। हम मदद करने की कोशिश करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि बचे हुए लोगों को उनका हक मिले। आज मुझे वैसा ही महसूस हो रहा है, जैसा मेरे पिता के निधन के समय हुआ था।' राहुल वायनाड और रायबरेली से लोकसभा चुनाव जीते थे। उन्होंने वायनाड सीट छोड़ दी थी। अब प्रियंका वायनाड से चुनाव लड़ने वाली हैं। सेना ने हादसे के बाद जो बेली ब्रिज बनाया है, इससे 25 एंबुलेंस मुंडकई पहुंचाई जाएंगी। मिट्टी में दबे शवों का पता लगाने के लिए दिल्ली से ड्रोन आधारित रडार शनिवार को आने वाला है। तलाशी अभियान में 6 कुत्तों की भी मदद ली जा रही है। आज तमिलनाडु से 4 और कुत्ते लाए जाएंगे। आर्मी के मद्रास इंजीनियरिंग ग्रुप ने वायनाड के चूरलमाला को मुंडक्कई से जोड़ने के लिए 190 फीट लंबा बैली ब्रिज तैयार किया। इससे राहत कार्य में तेजी लाई जा सकेगी। मलबा हटाने का काम ज्यादा तेजी से हो सकेगा, क्योंकि अब बड़ी जेसीबी मशीनों को उन जगहों पर पहुंचाया जाएगा, जहां सबसे ज्यादा तबाही हुई है।

## नीट-यूजी पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

### नीट पेपर लीक केवल पटना-हजारीबाग तक सीमित, एनटीए को 'फ्लिप-फ्लॉप' से बचना चाहिए

**नई दिल्ली,2 अगस्त।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा कि केंद्र द्वारा गठित समिति परीक्षा प्रणाली की साइबर सुरक्षा में संभावित कमजोरियों की पहचान करने, पहचान जांच बढ़ाने की प्रक्रिया, परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी कैमरा निगरानी के लिए तकनीकी प्रगति के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने पर भी विचार करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार, 2 अगस्त को कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी या एनटीए को नीट-यूजी 2024 परीक्षा के संबंध में की गई फ्लिप-फ्लॉप से बचना चाहिए। इसने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा में इस तरह की फ्लिप-फ्लॉप छात्रों के हितों की पूर्ति नहीं करती है। सुप्रीम कोर्ट ने 2024 नीट-यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा को रद्द न करने के कारणों को शामिल करते हुए अपना फैसला सुनाया, जबकि परीक्षा में पेपर के आरोपों और अन्य अनियमितताओं को लेकर विवाद चल रहा था। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने यह भी कहा कि विशेषज्ञ समिति को परीक्षा प्रणाली की कमियों को दूर करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अपने फैसले में उसने एनटीए की संरचनात्मक प्रक्रियाओं में सभी कमियों को उजागर किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम छात्रों की बेहतरी के लिए ऐसा नहीं कर सकते। शीर्ष अदालत ने कहा कि जो मुद्दे उठे हैं, उन्हें केंद्र को इस साल ही ठीक कर लेना चाहिए, ताकि यह दोबारा न हो। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नीट-यूजी 2024 के पेपर में कोई व्यवस्थित उल्लंघन नहीं हुआ है और लीक केवल पटना और हजारीबाग तक ही सीमित था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा कि केंद्र द्वारा गठित समिति परीक्षा प्रणाली की साइबर सुरक्षा में संभावित कमजोरियों की पहचान करने, पहचान जांच बढ़ाने की प्रक्रिया, परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी कैमरा निगरानी के लिए तकनीकी प्रगति के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने पर भी विचार करेगी।



पीठ ने कई निर्देश भी जारी किए और एनटीए के कामकाज की समीक्षा करने और परीक्षा सुधारों की सिफारिश करने के लिए पूर्व इसरो प्रमुख के राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाली केंद्र द्वारा नियुक्त समिति के अधिकार क्षेत्र का विस्तार किया। इसने कहा कि चूंकि पैनल के अधिकार क्षेत्र का विस्तार किया गया है, इसलिए समिति परीक्षा प्रणाली में कमियों को दूर करने के विभिन्न उपायों पर 30 सितंबर तक अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। पीठ ने कहा कि राधाकृष्णन पैनल को परीक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए तकनीकी प्रगति को अपनाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करने पर विचार करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि नीट-यूजी परीक्षा के दौरान जो मुद्दे उठे हैं, उन्हें केंद्र द्वारा ठीक किया जाना चाहिए। 23 जुलाई को, शीर्ष अदालत ने विवादों से घिरी परीक्षा को रद्द करने और फिर से परीक्षा कराने की मांग करने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था।

## नीट पेपर लीक केस में पहली चार्जशीट

### सीबीआई ने 13 आरोपियों के खिलाफ दाखिल किया आरोप पत्र, अब तक 40 गिरफ्तार

**नई दिल्ली,2 अगस्त।** नीट पेपर लीक मामले में पहली चार्जशीट दाखिल हो गई है। सीबीआई ने 13 आरोपियों के खिलाफ गुरुवार को आरोप पत्र दाखिल किया। सीबीआई ने नीतीश कुमार, अमित आनंद, सिकंदर यादवेंदु, आशुतोष कुमार, रोशन कुमार, मनीष प्रकाश, आशुतोष कुमार-2, अखिलेश कुमार, अवधेश कुमार, अनुराग यादव, अभिषेक कुमार, शिवनंदन कुमार और आयुष राज के खिलाफ सीबीआई की विशेष अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। सीबीआई ने सभी आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 120-बी, 201, 409, 380, 411, 420 और 109 के तहत कार्रवाई करते हुए आरोप पत्र दाखिल किया है। वहीं मामले में अबतक 40 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। बता दें कि मामले में पटना के शास्त्रीनगर थाने में इंस्पेक्टर के लिखित शिकायत पर पहली FIR दर्ज की गई थी। फिर जांच का दायरा बढ़ा तो 23 जून को केस सीबीआई को स्थानांतरित कर दिया गया था। मामले में अब तक 40 आरोपियों को गिरफ्तारी हुई है। जिनमें से 15 आरोपियों को बिहार पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बता दें कि नीट पेपर लीक के तार बिहार से होते हुए झारखंड, यूपी, महाराष्ट्र और गुजरात तक पहुंचे हैं। बीते दिनों सीबीआई ने पटना एम्स के 4 डॉक्टरों को गिरफ्तार किया है। ये सभी सॉल्वर्स के रूप में काम करते थे। सीबीआई सभी डॉक्टरों को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था।

## याचिकाकर्ता के दावे से हैरान रह गया सुप्रीम कोर्ट; वकीलों को लगाई फटकार

**नई दिल्ली,2 अगस्त।** सुप्रीम कोर्ट में एक अजीब मामला सामने आया है। एक मामले में पेश हुए याचिकाकर्ता ने दावा कि उन्होंने कोई याचिका फाइल ही नहीं की और ना ही वह वकालतनामा में शामिल किसी वकील को जानते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी मामले पर हैरानी जताते हुए वकीलों को फटकार लगाई है। दरअसल साल 2019 में इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका फाइल की गई थी। इसमें याचिकाकर्ता का नाम भगवान दास बताया गया है था। रेप के एक मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने आपराधिक केस ना चलाने का फैसला सुनाया था। 30 जुलाई को भगवान सिंह जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच के सामने अपने दो वकीलों के साथ पेश हुए। उनके वकीलों का नाम निखिल मजीठिया और ऋषि कुमार सिंह गौतम था। हालांकि वकालतनामा के अनुसार जिस वकील ने याचिका फाइल की थी वे गायब थे। 30 जुलाई को बेंच ने कहा कि वकालतनामा के मुताबिक जो वकील रिकॉर्ड में हैं, उन्हें पेश होना होगा। 31 जुलाई को फिर से सुनवाई शुरू हुई और इस केस का सारा मामला सामने आ गया। 9 जुलाई को याचिकार्ता ने सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री के जनरल सेक्रेटरी को पत्र लिखा था और कहा था कि उन्हें 3 जुलाई को पुलिस स्टेशन में बुलाया गाय था और उन्हें एक नोटिस दिया गया था। इसके बाद एक फार्म पर साइन करवाए गए थे। उन्होंने यह भी कहा था कि उन्होंने तत्काल कोई एसएलपी नहीं दायर की और ना ही किसी वकील को नियुक्त किया। उन्होंने किसी वकालतनामे पर साइन भी नहीं किए। उन्होंने कहा कि यह याचिका किसी साजिश के तहत दायर की है और ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। जब बात सुप्रीम कोर्ट की बेंच को पता चली कि याचिकाकर्ता का दावा है कि उसने एसएसपी दायर ही नहीं की। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने एसएलपी के साथ दायर वकालतनामा पर याचिकाकर्ता के साइन को सत्यापित करने के लिए रजिस्ट्री की मूल प्रति मांगी है। वहीं जिस वकील के साइन वकालतनामे पर थे उसने दावा किया कि उन्हें किसी दूसरे वकील से भगवान सिंह के साइन समेत वकालतनामा मिला था। वे इलाहाबाद हाई कोर्ट में प्रैक्टिस करते हैं। इसके बाद जस्टिस त्रिवेदी ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा, जब सुप्रीम कोर्ट में ही प्रक्रिया का दुरुपयोग किया जा रहा है।

## इजरायल और ईरान में बड़ी जंग के आसार, भारत तक पहुंचा तनाव

**नई दिल्ली,2 अगस्त।** इजरायल और ईरान के बीच बढ़े तनाव का असर भारत तक दिखने लगा है। एयर इंडिया ने इजरायल के लिए अपनी सभी फ्लाइट्स को कैंसिल कर दिया है। शुक्रवार को एयर इंडिया ने बताया कि उसने 8 अगस्त तक के लिए अपनी सभी उड़ानों को रद्द कर दिया है, जो तेल अवीव जानी थीं। एयर इंडिया ने बयान जारी कर बताया, मिडल ईस्ट में जैसी स्थितियां हैं, उसे देखते हुए



हमने तत्काल प्रभाव से तेल अवीव के लिए उड़ानों को रद्द कर दिया है। 8 अगस्त तक ये फ्लाइट्स कैंसिल रहेंगी। हम स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। इसके अलावा तेल अवीव जाने और आने वाली उड़ाने बुक कराने वाले यात्रियों से भी हम संपर्क में हैं। एयर इंडिया ने बताया कि यात्रियों को कैंसिल करने या फिर रिशेड्यूल का चार्ज नहीं देना होगा। हमारी पहली प्राथमिकता यात्रियों और क्रू मेंबर्स की सुरक्षा है। इससे पहले गुरुवार को भी कुछ उड़ानों को एयर इंडिया ने रद्द कर दिया था, जो इजरायल जानी थीं।

## मुस्लिमों के लिए मदरसे तो हिंदुओं के लिए ऐसी संस्था क्यों नहीं: शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद



**नई दिल्ली,2 अगस्त।** अपने बयानों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहने वाले शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने धार्मिक शिक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया है। शंकराचार्य ने सवाल किया है कि जब मुस्लिम अपनी धार्मिक शिक्षा मदरसे पढ़ा सकते हैं तो हिन्दू अपने बच्चों को धर्म की शिक्षा क्यों नहीं दे सकते?

शंकराचार्य ने कहा कि हुंदुओं के धार्मिक शिक्षा नहीं देने के कारण ही धर्मांतरण हो रहा है, क्योंकि हंदिू अपने धर्म को जानते ही नहीं हैं। शंकराचार्य ने सवाल उठाते हुए कहा है कि जो लोग खुद को हंदिू नेता कहते हैं, उन्होंने भी आजतक धारा 28 (1)में कोई संशोधन नहीं कयिा है।शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अपने एक वीडियो में कहा, '28 (1), जो अल्पसंख्यक हैं, वो अपने मदरसों में अपने बच्चों को धर्म की शिक्षा दे सकते हैं। वहीं हिन्दू के गुरुकुल तो अंग्रेजों के समय ही तोड़ दिए गए और स्कूलों में हम अपने बच्चों को धर्म की शिक्षा नहीं दे सकते। आपने अपने बच्चों की धर्म शिक्षा बंद करवा दी। ये कसिने कयिा, धर्माचार्यों ने कयिा या राजनेताओं ने कयिा' जो हंदिू नेता कहते हैं, हम हिंदू नेता हैं, उन्होंने भी आज तक इस कानून में संशोधन नहीं कयिा। 100 से ज्यादा संशोधन भारत के संवधिान में अब तक हुए हैं, लेकिन हंदिू राज करने वाले नेताओं ने भी कभी 28 (1) का संशोधन नहीं कयिा कि सब को धर्म की शिक्षा देने की छूट है। शंकराचार्य ने आगे कहा, 'जो हिन्दू बच्चा अपने धर्म को जानता ही नहीं है, वो क्या करेगा। अदना सा मुसलमान भी होगा न तो उसे अरबी, फारसी और ऊर्दू जानता होगा, लेकिन हमारा हंदिू, वो संस्कृत जानता है उसका सारा साहत्यि संस्कृत में है, तो वो कहां से जानेगा। अब कहते हैं, 'गजवा-ए-हंदि' हो जाएगा। वो लोग मुहमि चला रहे हैं कि सब को मुसलमान बना देंगे। वो बना ही देंगे क्योंकि वो अपने ग्रंथ पढ़-पढ़कर धार्मकि तर्क देना जानते हैं और हमारा बच्चा उनका जवाब जानता ही नहीं। ऐसी स्थिति में जब भी बातचीत होगी, वो कमजोर पड़ जाएगा।

### मोदी के 10 में से 7 मंत्री आरएसएस से

**नई दिल्ली,2 अगस्त।** राज्यसभा टीएमसी सांसद डेरेक ओब्रायन ने पीएम मोदी के कैबिनेट को लेकर सनसनीखेज दावा किया है। ओब्रायन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कैबिनट के 10 में से 7 मंत्री आरएसएस से आते हैं। इसके साथ ही टीएमसी सांसद ने यह भी कहा कि जिन राज्यों में बीजेपी की सरकार है, वहां के मुख्यमंत्री भी आरएसएस की पृष्ठभूमि से आते हैं। बता दें कि राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तारीफ की थी। इसे लेकर कांग्रेस समेत कई दलों ने अपनी आपत्ति दर्ज करवाई है। इसके बाद ज्ञरुष्ट सांसद ने मोदी कैबिनेट पर निशाना साधा है।

डेरेक ओब्रायन ने गुरुवार (1 अगस्त) को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हिंदुत्व संगठन के दूसरे सरसंघचालक एमएस गोलवलकर से आगे निकलने की कोशिश कर रहे हैं।

## नहीं चलेगी झूठ की दुकान: अश्विनी वैष्णव

**नयी दिल्ली, 2 अगस्त।** रेलवे की सुरक्षा को लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर 'झूठ की दुकान' चलाने का आरोप लगाते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि रेलवे में सुरक्षा की 'कवच' प्रणाली के आधुनिक संस्करण को देश के प्रत्येक किलोमीटर रेल नेटवर्क पर लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी. रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों पर लोकसभा में पिछले दो दिन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए वैष्णव ने यह भी बताया कि रेलगाड़ियों में सामान्य डिब्बों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए करीब ढाई हजार सामान्य कोच के उत्पादन का विचार सरकार ने किया है, 50 और अमृत ट्रेन के निर्माण का फैसला लिया गया है तथा कम दूरी वाले दो शहरों के बीच वंदे मेट्रो चलाई जाएंगी. उन्होंने कहा कि ट्रेनों की सुरक्षा के लिए स्वचालित रेलगाड़ी सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली दुनिया के अधिकतर देशों में 1970 और 1980 के दशक में लगाई गई थी, लेकिन ''दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस के 58 साल के कार्यकाल में और 2014 से पहले तक भारत के एक भी किलोमीटर रेलवे नेटवर्क पर यह प्रणाली नहीं लग पाई.'' उन्होंने कहा, '' हम मानते हैं कि कांग्रेस के समय रेलवे में कई प्रयोग किए गए, लेकिन जिस संवेदना के साथ या जिस भावना से काम होना चाहिए, नही किया गया.''

पश्चिम बंगाल के कुछ सदस्यों द्वारा ममता बनर्जी के रेल मंत्री रहने के दौरान लागू 'टक्कर रोधी उपकरण' प्रणाली का उल्लेख किए जाने पर वैष्णव ने कहा कि 2006 में देश के करीब 1500 किलोमीटर रेल मार्ग पर यह प्रणाली लगाई गई. उन्होंने कहा, ''दुर्भाग्य से इसका कोई सुरक्षा प्रमाणपत्र नहीं था और 2012 में इसे हटा दिया गया. काम करने की जैसी पद्धति, रेलवे में जैसी गंभीरता होनी चाहिए थी, तब नहीं थी, लेकिन आज है.'' विपक्ष के कुछ सदस्य इस पर आपत्ति जताते देखे गए. रेल मंत्री ने कहा, ''मैं यहां राजनीति नहीं करना चाहता, तथ्यों को सबके सामने स्पष्ट रूप से रखना चाहता हूं.'' उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद 'कवच' प्रणाली के बारे में विचार किया गया और 2016 में इसे लागू करने का निर्णय ले लिया गया. वैष्णव ने कहा कि 2019 में 'कवच' के लिए सबसे उच्चतम स्तर के प्रमाणपत्र को प्राप्त कर लिया गया जिसे प्राप्त करने की एक कठिन प्रक्रिया है. उन्होंने कहा, ''कोविड के बावजूद 2020 और 2021 में इसके आगे के परीक्षण हुए और 2022 में 3000 किलोमीटर रेल नेटवर्क की परियोजना में कवच का क्रियान्वयन किया गया और इस दौरान काफी कुछ सीखने को मिला. सभी बातों को ध्यान में रखते हुए 17 जुलाई 2024 को कवच का संस्करण 4.0 स्वीकृत किया गया है.''

वैष्णव ने कहा, ''हमारे पास इस तकनीक के तीन विनिर्माता हैं, दो नए विनिर्माता जुड़ने वाले हैं, 8000 से

### आधुनिक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल 2024 : पेरिस,पीव्ही सिंधु ने किया निराश

jasclaudius@gmail.com

## ध्यान रहे, ओलंपिक मुकाबले नहीं है अभ्यास के लिए

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बैडमिंटन में भारत की ओर से 2024 पेरिस के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में महिला व पुरुष वर्ग में एकल व युगल के लिए शटलर कोर्ट पर उतरे। पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन एकल में जबकि सात्विक रंकी रेड्डी व चिराग शेट्टी की जोड़ी युगल के मुकाबले के लिए उतरे। भारत के एचएस प्रणय को विश्व वरीयता में 13वां स्थान हासिल है जबकि लक्ष्य सेन को नीचे की वरीयता प्राप्त है। इसमें से एचएस प्रणय पदक की दौड़ से बाहर हो गए हैं। प्री-क्वार्टर फायनल में लक्ष्य सेन ने भारत के एचएस प्रणम को पराजित किया। महिला वर्ग में भारत की पीवी सिंधु भी चीन की शटल बिंग जिआओ से पराजित हो गई। सिंधु के लिए यह लगातार तीसरा अवसर था जब वे ओलंपिक खेलों में लगातार तीन पदक जीत सकती थी। चीन की खिलाड़ी को विश्व में आठवीं वरीयता प्राप्त थी जबकि पीवी सिंधु को 12वीं वरीयता प्राप्त है। हार-जीत तो अपनी जगह है लेकिन यह भी कटु सत्य है कि ओलंपिक खेल में प्रदर्शन करना याने सब कुछ दांव पर लगा देना है। यह कोई ऐसा प्लेटफार्म नहीं जहां पर आप अभ्यास करने आये हो यहां आपकी प्रतिष्ठा के साथ देश की भी प्रतिष्ठा जुड़ी होती है। पीवी सिंधु के 2-0 से एकतरफा पराजय ने भारत के खेल प्रेमियों को निराश किया है यह भी सत्य है कि ये वही सिंधु हैं जिन्होंने 2016 के रियो द जनेरियो ओलंपिक खेलों में



बैडमिंटन में महिला वर्ग के एकल इवेंट में रजत जीता फिर उसी करिश्मा को दोहराते हुए 2020 टोक्यो ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतकर भारत की पहली महिला एथलीट बनने का गौरव हासिल किया जिसने भारत की ओर से लगातार दो ओलंपिक खेलों में भाग लेते हुए दो पदक हासिल किया। इसमें पहले व्यक्तिगत खेलों के अंतर्गत कुश्ती में ऐसी उपलब्धि सुशील कुमार प्राप्त कर चुके हैं जिन्होंने 2008 के बीजिंग और 2012 के लंदन ओलंपिक खेलों दोनों में लगातार क्रमशः कांस्य व रजत पदक जीता था। वैसे बहुत से खेल विशेषज्ञ पीवी सिंधु की हार को यह कहकर गंभीरता से नहीं ले रहे हैं कि पीवी सिंधु जिससे पराजित हुई उसकी रेकिंग 8वीं है जबकि सिंधु की 12वीं है। यह सिर्फ मन को बहलाने के लिए ठीक है परंतु सिंधु की पराजय को खराब प्रदर्शन ही स्वीकार किया जाएगा। विश्व वरीयता से पदक प्राप्त करने को ही भारत के खिलाड़ियों का अच्छा या बेकार प्रदर्शन माना जाएगा तो भारत के सभी खेल पत्रकारों, खेल विचारकों को यह नहीं भूलना चाहिए कि 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों में अब तक निशानेबाजी के दो कांस्य पदक जीत चुकी मनु भाकर ने किस तरह निचले विश्व स्तरीय रैंकिंग के पश्चात पदक पर कब्जा जमाया उसकी तुलना करनी चाहिए। भारत की मनु भाकर को 10 मीटर एयर पिस्टल में विश्व में 26वीं वरीयता प्राप्त थी फिर भी उन्होंने एक नहीं दो पदक जीते। जबकि भारत के ही विश्व में इसी इवेंट में तीसरी वरीयता प्राप्त रीदम सांगवान को कोई पदक नहीं मिला। मनु भाकर के 10 मीटर पिस्टल मिश्रित वर्ग में कांस्य पदक विजेता दल में शामिल सरबजोत सिंह को 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में विश्व में 14वीं वरीयता प्राप्त है। इसके अलावा निशानेबाजी के 50मी. रायफल थ्री पोजिशन में विश्व में 62वीं वरीयता प्राप्त स्वप्निल कोसले ने भारत के लिए कांस्य पदक पर निशाना साधा। जबकि इसी वर्ग में विश्व में 23वीं वरीयता प्राप्त ऐश्वर्य प्रताप सिंह को कुछ भी हासिल नहीं हुआ। कहने का तात्पर्य यह है कि जब आपको अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है तो प्रत्येक एथलीट को उसे गंभीरता से लेना चाहिए। मौके का लाभ उठाकर भारत का नाम रौशन करने वाले मनु भाकर और स्वप्निल को बहुत-बहुत बधाई।

## लोकसभा में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के स्ट्रीट वेंडर्स की आवाज उठाई

**रायपुर,2 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में केंद्रीय आवास और शहरी विकास मंत्रालय द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजना का 82 हजार से ज्यादा हितग्राहियों को लाभ मिला है। जिसमे 20,134 हितग्राही राजधानी रायपुर से है। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना के बारे में जानकारी मांगी थी। बृजमोहन अग्रवाल ने जानकारी मांगी थी कि,



पीएम स्वनिधि के तहत छत्तीसगढ़ में किन-किन जिलों में लागू की गई है और कितने स्थानीय फेरीवालों को लाभ मिला है। साथ ही योजना के तहत महिला और पुरुष हितग्राहियों का अनुपात और आवंटित राशि कितनी है। जिसपर गुरुवार को केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने जानकारी दी कि, पीएम स्वनिधि एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जो सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में लागू है, इसके तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र को कोई निधि आवंटित नहीं की जा रही है। इस योजना के तहत ऋण सीधे ऋणदाता संस्थाओं द्वारा संवितरित किए जाते हैं। 24 जुलाई 2024 तक की स्थिति के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य में अनुसूचित जनजाति लाभार्थियों की संख्या 6600 है। देश भर में पीएम स्वनिधि योजना के तहत 45 फीसदी लाभार्थी महिलाएं हैं। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा योजना को दी गई मंजूरी के अनुसार, दिसंबर 2024 तक योजना के तहत पहली अवधि के ऋणों के लिए 42 लाख, दूसरी अवधि के ऋणों के लिए 12 लाख तथा तीसरी अवधि के ऋणों के लिए 3 लाख का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## एक नजर

### गबन के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**भिलाई, 2 अगस्त।** भिलाई निवेश के नाम पर एक व्यक्ति से आठ साल पहले 17 लाख रुपये लेकर गबन करने वाले आरोपित के खिलाफ भिलाई - 3 पुलिस ने प्राथमिकी की है पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अमानत में खयानत की धारा के तहत प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है जांच के बाद आरोपित की गिरफ्तारी की जाएगी भिलाई - 3 पुलिस ने बताया कि उत्तर वसुंधरा नगरे भिलाई-3 निवासी शिकायतकर्ता चंद्रिका सिंह यादव ने सेक्टर-6 निवासीं आरोपित बसंत साहू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है पीड़ित और आरोपित की पुरानी जान पहचान है आरोपित ने आठ साल पहले पीड़ित को बताया था कि वो मुंगेली में मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत काम कर रहा है उसमें उसे रुपयों की जरूरत है आरोपित ने ये भी कहा था कि वो एक साल में लाभ सहित उसके रुपये उसे लौटा देगा लेकिन आरोपित से पुरानी पहचान होने के कारण पीड़ित ने उसे 17 लाख रुपये दे दिए एक साल बीतने के बाद भी आरोपित ने रुपये नहीं लौटाए ।

### टिकिट की अवैध बिक्री, एक गिरफ्तार

**भिलाई, 2 अगस्त।** भिलाई निजी आइडी से रेलवे की टिकट बनाकर उसकी बिक्री कर वाले एक आरोपित को आरपीएफ की टीम ने गिरफ्तार किया है आरपीएफ ने आरोपित के खिलाफ रेल अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की है आरपीएफ से मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा टाकिज रोड रिसाली में आइ कैफे दुकान का संचालक विनोद कुमार श्रीवास अपनी निजी आइडी से रेलवे की आरक्षित टिकट कमीशन घर उपलब्ध करवा रहा था आरोपित अपनी निजी आइडी रजनी गाड्स से रेलवे की टिकट बना रहा था उसकी मोबाइल की जांच करने पर तीन टिकट भी मिले आरपीएफ ने आरोपित के पास से तीन नगर टिकट और इसमें प्रयुक्त मोबाइल जब्त किया है ।

### चोरी के आरोप में दो पकड़े गए



**भिलाई, 2 अगस्त।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र स्थित आकाशगंगा मोबाइल दुकान में चोरी करने वाले दो नाबालिग को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का मोबाइल, स्मार्ट वाच, ईयर बर्ड्स बरामद कर लिया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि दिलीप माखीजा निवासी वैशाली नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनका आकाश गंगा सुपेला में ओम सांई राम के नाम पर मोबाइल दुकान है 24 जुलाई की रात अज्ञात चोर ने दुकान में रखे मोबाइल, स्मार्ट वाच, ईयर बर्ड्स चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया दुकान एवं आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया हुलिया के आधार पर संदेहियो से पूछताछ किया गया ।

### बार में शराब के साथ परोसने रखा था फंगस वाला चिकन और मछली, 16 हजार का जुर्माना



**रिसाली।** बार-रेस्टोरेंट में दूषित खाद्य सामग्री मिलने पर रिसाली निगम ने संचालक से कुल 16000 जुर्माना वसूला। क्षेत्र के दो बीयर बार में मछली और चिकन में फंगस लगने पर जब्त किया। वहीं एक रेस्टोरेंट में बदबूदार मिठाई को जब्त कर विनिष्टीकरण की कार्रवाई की गई। दूषित खाद्य सामग्री से होने वाले बीमारी की रोकथाम के लिए निगम आयुक्त मोनिका वर्मा अभियान चला रही है। निगम के अधिकारी गुरुवार की सुबह आजाद मार्केट स्थित तिलक डेयरी पहुंचे। यहां पर डेयरी संचालक ऐसी मिठाई को बेचने रखा था, जिसमे से दुर्गन्ध उठ रही थी। अधिकारी उस समय हतप्रभ रह गए जब ब्लू हेवन बार के भीतर रखे फ्रिजर को खोला। फ्रिजर से फंगस लगे चिकन, मछली और ग्रेवी को जब्त किया गया। इसी तरह अंगूरी बार से भी दूषित खाद्य सामग्री को जब्त किया गया। बार संचालक दूषित खाद्य सामग्री को ग्राहक को परोसने रखा था। इस कार्रवाई में राजस्व विभाग प्रभारी संजय वर्मा, अमित चंद्राकर, मंगल कुर्रे, बिरेन्द्र देशमुख, विवेक रंगनाथ, टेकराम आदि शामिल थे। निगम अधिकारियों ने जांच के दौरान बार-रेस्टोरेंट की सफाई को भी चेक किया। किचन की दीवार पर भट्ठी से खाना बनाते समय निकलने वाले धुएं डस्ट की मोटी परत पाई गई। जिसे साफ करने 3 दिन का समय दिया गया है। दोबारा जांच में गंदगी मिलने पर दो गुना अर्थदंड वसूल करने की चेतावनी दी गई।

### जिले में अब तक 452.7 मिलीमीटर औसत वर्षा

**महासमुंद 2 अगस्त ।** महासमुंद जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 452.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा बसना तहसील में 531.8 मिलीमीटर, पिथौरा में 531.6 मिलीमीटर, महासमुंद में 501.3 मिलीमीटर, बागबाहरा में 430.1 मिलीमीटर, सरायपाली में 398.8 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 323.0 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। आज 01 अगस्त को 19.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में बसना तहसील में 49.6 मिलीमीटर, पिथौरा में 33.0 मिलीमीटर, सरायपाली में 30.0 मिलीमीटर, बागबाहरा में 4.2 मिलीमीटर, कोमाखान में 2.0 एवं महासमुंद तहसील में 1.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

# कलेक्टर ने महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं को पौधा वितरण कर पौधारोपण का संदेश दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कवर्धा,2 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों की सहभागिता कबीरधाम जिले में लगभग ढाई लाख छायादार एवं फलदार पौधा रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है।कलेक्टर जनमेजय महोबे, वन मंडलाअधिकारी शशि कुमार और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने महाराजपुर स्थित जिला पंचायत संसाधन भवन परिसर में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों को छायादार एवं फलदार पौधा वितरण कर इस अभियान की शुरूआत की। वहीं सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम ओडिया खुर्द में भी एक पेड़ मां के नाम पौधा वितरण का आयोजन किया गया। यह अभियान एक अगस्त से 15 अगस्त तक चलेगा। इस अवसर पर कलेक्टर सहित अधिकारियों ने पौधारोपण भी किया। कलेक्टर ने पौधा वितरण करते हुए अपने संक्षिप्त उद्बोधन में महतारी वंदन योजना की लाभार्थियों को कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एक पेड मां के नाम पौधा रोपण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए इस अभियान में महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों की सभागिता सुनिश्चित की जा रही है। जिले में महतारी वंदन योजना के लभभग ढाई लाख लाभार्थी है। उन भी लाभार्थियों को छायादार एवं फलदार पौधा का वितरण किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए कलेक्टर ने वनमंडलाअधिकारी शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रमा अधिकारी आनंद तिवारी, उद्यानिकीय अधिकारी आरएन पांडेय एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों तक पौधा पहुचाने और उनके द्वारा एक पौधा रोपण कराने और उन पौधों को सुरक्षित रखने सहित सभी विषयों पर चर्चा की गई है। कलेक्टर ने महिला एंव बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को जिले के सभी परियोजना मुख्यालयों में इस अभियान के तहत आयोजन करने के निर्देश दिए है।

## प्राथमिक शाला चंगोरी में मां के नाम पर रोपे गए पौधे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन,2 अगस्त।** शासकीय प्राथमिक शाला चंगोरी में एक पेड़ मां के नाम बच्चों ने अपने माता के साथ पौधे रोपित किया गया। एस एम सी के सदस्यों, पालक गण एवं शिक्षकों के द्वारा भी पेड़ लगाया गया। संस्था के प्रधान पाठक विरेंद्र कुमार साहू ने पेड़ों की महत्व एवं वर्तमान में पेड़ों की आवश्यकता के बारे में विस्तृत चर्चा किया। रोपित पौधे की देखभाल एवं सुरक्षा संबंधी योगेश वर्मा सहायक शिक्षक एवं सुश्री योगेश्वरी वर्मा सहायक शिक्षक के द्वारा शपथ दिलाया गया।

प्रधान पाठक विरेंद्र कुमार साहू के द्वारा बच्चों की जन्मदिवस पर पेड़ लगाने हेतु सभी बच्चों एवं पालको को प्रेरित किया गया। उक्त अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक विरेंद्र कुमार साहू, योगेश कुमार वर्मा, सुश्री योगेश्वरी वर्मा, दीपिका बंदे, सीता मानिकपुरी, ललिता कोसरिया एवं पालक गण की उपस्थिति रहा।

## महतारी वंदन योजना की छठी किश्त जारी 70 लाख महिलाओं के खाते में पहुंची राशि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 2 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक सशक्तीकरण के लिए शुरू की गई महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के खाते में आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जगदलपुर से पैसे खाते में ट्रासफर कर दिए. छटवीं किश्त के तौर पर मुख्यमंत्री ने 653 करोड़ 84 लाख की राशि जारी की. साथ ही महतारी वंदन *योजना से लाभान्वित महिलाओं को मां को समर्पित एक पेड़ मां के नाम से वृक्षा रोपन करने के लिए आवाहन किया गया 7 महतारी वंदन योजना का पैसा छत्तीसगढ़ की 70 लाख महिलाओं के खाते में पहुंचा है. सीएम विष्णु देव साय ने बीते दिनों ही कहा था कि 1 अगस्त को महतारी वंदन योजना की छटवी किश्त जारी कर दी जाएगी. और पैसा आज जारी कर दिया गया है 7 दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्य मंत्री का आभार व्यक्त करते कहा*.माताओं-बहनों के स्वाभिमान, सम्मान और उन्हे आर्थिक रूप से सक्षम बनाने का



लक्ष्य लेकर हमारी सरकार काम कर रही है। मोदी की गारेंटी और विष्णु के सुशासन से जानता की गारंटी पुरा हो रहा है महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं की खुशी ही हमारा संतोष है महिलाओं का सम्मान हमेशा भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने ही किया है जन धन खाता हो उज्वला योजना से सिलेंडर महिला के नाम राशन कार्ड महतारी वंदन योजना सभी जगह महिलाओं को सशक्त और आत्म निर्भर बनाने मोदी व विष्णुदेव सरकार ने चिंता की है महतारी वंदन योजना की छटवी किस्त माताओं के खाते में पहुंचा है इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व सभी कैबिनेट मंत्री आभार जताया।

### सेल चेयरमैन जल्द पूरा कराएं वेज रिवीजन : बीएकेएस

**भिलाई, 2 अगस्त ।** बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ के महासचिव अभिषेक सिंह ने 91 माह से अधूरा वेज रिवीजन जल्द पूरा कराने के लिए सेल चेयरमैन को पत्र लिखा है । उक्त पत्र में वेज रिवीजन के साथ साथ अन्य मुद्दों को भी जगह दी गई है । गौरतलब है कि बीएसपी सहित सेल अनाधिशासी कर्मचारियों का वेज रिवीजन जनवरी 2017 से अधूरा है । अक्टूबर 2021 में एनजेसीएस संविधान का उल्लंघन कर किसी तरह एमओयू किया गया परंतु उसके बाद आज तक एमओए नही किया गया है । जिसके कारण न तो अन्तिम रूप से एमजीबी, पर्क्स पर निर्णय हुआ है तथा न ही फिटमेंट एरियर तथा पर्क्स एरियर पर निर्णय हुआ है । यूनियन द्वारा सेल चेयरमैन के समक्ष उठाए गए मुद्दे - सही तरीके से शीघ्र वेज रिवीजन का एमओए किया जाय। सम्मानजनक पदनाम लागू किया जाय। सेल की सभी इकाइयों में सीक्रेट बैलेट चुनाव द्वारा , रिकॉगनाइज्ड यूनियन का चुनाव हो।

## खुर्सीपार में भारी विरोध के बावजूद अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई



**भिलाई, 2 अगस्त ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा संपदा न्यायालय के आदेश पर पुलिस बल की सहायता से अवैध कब्जेधारियों पर बड़ी कार्यवाही की गई। 1 अगस्त को खुर्सीपार के अवैध कब्जे वाले घरों को भारी पुलिस बल, पुलिस लाइन तथा खुर्सीपार थाना सहित कार्यपालक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में 100 लोगों से भी अधिक की टीम ने खाली कराया। इस टीम में एनफोर्समेंट, पीएचडी, सिविल के अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा महिला पुलिस सहित प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड शामिल थे। कार्यवाही के दौरान खुर्सीपार थाने की टी आई वेदांता पणिकर तथा कार्यपालक मजिस्ट्रेट गुरुदत्त पंचभाई उपस्थित थे। अवैध कब्जेधारियों पर बेदखली कार्यवाही करते हुए आवासों से अवैध कब्जेधारी निकाले गए एवं डिक्री आवासों पर अवैध कब्जे को खाली कराया गया। इन आवासों में विद्युत आपूर्ति को बंद कर दिया गया है। इन बीएसपी आवासों को अवैध रूप से कब्जा कर वहां बीएसपी प्रबंधन के बिना अनुमति निवास किया जा रहा था।

## कार्यशाला में बताया गया कचरे को कैसे सेग्रिगेट किया जाना चाहिए

**भिलाई, 2 अगस्त ।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में गुरुवार को सॉलिड वेस्ट कचरा संग्रहण के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें होटलों एवं हाउसिंग सोसायटियों से निकलने वाले कचरे को किस प्रकार से सेग्रिगेट किया जाए प्रशिक्षक द्वारा बताया गया। होटलों से जो भी गीला कचरा निकलता है उसका पर्याप्त मात्रा में वहीं पर आसानी से खाद बनाया जा सकता है। सभी होटलों के लिए यह अनिवार्यता है अपने कैंपस में ही गीले कचरे का निपटान करें। कोई भी होटल व्यवसायी, हाउसिंग सोसायटी एवं अस्पतालों द्वारा अपने यहां का कचरा इधर-उधर नहीं फेकेंगे और फेंकते हुए पाये जाने पर निगम द्वारा दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। सूखा कचरा नगर निगम के सफाई कर्मचारी को एक जगह एकत्रित करके देना है। अस्पतालों से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट पर्यावरण के लिए बहुत ही हानिकारक है इसको कहीं पर नहीं फेंकना है उसका निपटान वैज्ञानिक ढंग से करना है। खुले में मेडिकल वेस्ट फेंकते हुए पाये



जाने पर हॉस्पिटल के ऊपर दंडात्मक कार्यवाही करते हुए उनका गुमस्ता लाईसेंस, ट्रेड लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा। किसी भी अस्पताल, होटल व्यवसाय खोलने के लिए जब अनुमति मिलती है, तो उन सब बातों का बराबर उल्लेख रहता है, होटल व्यवसायी, अस्पताल, हाउसिंग सोसायटी पालन नहीं करते हैं, इसका उन्हें पालन अवश्य करना होगा। होटलों एवं अस्पतालों का नम्बरिंग होगा, जो बेस्ट करेंगे उनको निगम पुरस्कृत भी करेगी। जो लोग नहीं मानेंगे उनके खिलाफ कार्यवाही भी की जावेगी। प्रशिक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि सफाई में सबका सहयोग चाहिए। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। होटल व्यवसायी, अस्पताल, हाउसिंग सोसायटी के सदस्यों द्वारा आश्वासन दिया गया है कि सभी के द्वारा नियमों का पालन किया जायेगा। एक सुझाव आया कि सभी का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए, जिसमें कचरे का निष्पादन, उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों का आदि किस प्रकार से किया जा रहा है उसकी जानकारी का भी आदान-प्रदान होता रहे। एक दूसरे के बीच समन्वय स्थापित हो। प्रशिक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारी, होटलों के मैनेजर, निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि एवं हाउसिंग सोसायटी के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

### सेल-बीएसपी के साबरमती वेल्डिंग प्लांट ने बनाया नया रिकॉर्ड

**भिलाई, 2 अगस्त ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के साबरमती स्थित फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट (एफबीडब्ल्यूपी) ने जुलाई 2024 में 294 वेल्डेड रेल पैनल का उत्पादन कर अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन का नया कीर्तिमान बनाया है। एबीडब्ल्यूपी ने जून 2024 में 282 पैनल उत्पादन का पिछला रिकॉर्ड दर्ज किया था। वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक 260 मीटर लंबे वेल्डेड रेल पैनल के 15 रैक भारतीय रेलवे को भेजे जा चुके हैं, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में एफबीडब्ल्यूपी, साबरमती से 12 रैक भेजे गए थे। वर्तमान वित्त वर्ष में भेजे गए 15 रैक में जून माह में भेजे गए पांच रैक और जुलाई 2024 में भेजे गए।

## जन समस्या निवारण शिविर में 232 आवेदन आये मौके पर ही 122 आवेदनों का त्वरित निराकरण

**दुर्ग, 2 अगस्त।** नगर पालिक निगम द्वारा गुरुवार को बुद्ध विहार शंकर नगर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचे लोगों ने मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की मांग को लेकर आवेदन किया। किसी ने सड़क पर हुए गड्ढों की मरमत,किसी ने बंद स्ट्रीट लाइट को चालू किए जाने की मांग को लेकर आवेदन किया।शिविर में वार्ड 10,11,12 एवं 13 के नागरिकों को बुलाया गया था।महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त लोकेश चंद्राकर,पार्षद संजय कोहले,चंद्रशेखर चन्द्राकर,सतीश देवांगन,अजीत वैध ने शिविर में पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।शिविर कार्यक्रम में एडीएम अरवींद्र एक्का,एसडीएम मुकेश रावटे द्वारा शिविर के स्टालों में जाकर अधिकारी/कर्मचारियो से आवेदनों की संख्या एवं निराकरण से सम्बंधित जानकारी ली।शिविर में कुल 232 आवेदन मिले।लोगों ने नल कनेक्शन,राशनकार्ड व जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने, सड़कों पर हुए गड्ढों को पाटने,बंद स्ट्रीट लाइट को चालू किए जाने, गलियों की साफ-सफाई सहित अन्य कार्यों को लेकर आवेदन किया। प्राप्त आवेदनों में से 122 का निराकरण मौके पर किया गया।शेष निराकरण हेतु 110 आवेदनों को कार्रवाही कर निराकरण के निर्देश।शिविर में नगर निगम के कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली,बाजार अधिकारी ईश्वर वर्मा,शशिकांत यादव,सुरेंद्र बजाज सहित अन्य उपस्थित थे।महापौर धीरज बाकलीवाल ने जन समस्या निवारण पखवाड़ा शिविर के तहत,आवेदन लेने के साथ साथ,आवेदनों का तत्परता से निराकरण मुख्य उद्देश्य है।

## बीएसपी प्रबंधन ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**भिलाई, 2 अगस्त ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके को 31 जुलाई को उनकी सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी। समारोह में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रमोद बिनायके को सम्मानित किया। डॉ प्रमोद बिनायके, अपनी पत्नी डॉ नीलम बिनायके के साथ उपस्थित थे। इस अवसर पर हाल ही में मई 2024 में सेवानिवृत्त हुए संयंत्र पूर्व मुख्य महाप्रबंधक तपन कुमार, अपनी पत्नी के साथ उपस्थित थे, उन्हें भी निदेशक प्रभारी दासगुप्ता और



भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में अनिर्बान दासगुप्ता के साथ संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ सभी अपनी धर्मपत्नियों के साथ उपस्थित थे। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने बीएसपी प्रबंधन की ओर से डॉ प्रमोद बिनायके को भावभीनी विदाई दी तथा सेवानिवृत्ति के पश्चात उनके स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की। दासगुप्ता ने सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में लंबे सेवा अवधि के दौरान उनके सराहनीय योगदान के लिए डॉ बिनायके और तपन कुमार की सराहना भी की। डॉ प्रमोद बिनायके तथा तपन कुमार ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में अपने कार्यकाल के दौरान हुए अनुभव तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में भी बताया।

## भिलाई के हैंडबाल खिलाड़ी अमन राजभर ने भारतीय टीम का किया प्रतिनिधित्व



**भिलाई, 2 अगस्त ।** जॉर्डन हैंडबॉल फेडरेशन द्वारा 18वीं एशियन जूनियर पुरुष हैंडबॉल चैम्पियनशिप का आयोजन प्रिंसेस सुमाया हॉल, हाशमाइट किंगडम, अम्मान (जॉर्डन) में 14 से 25 जुलाई तक एशियन हैंडबॉल फेडरेशन के तत्वावधान में किया गया। उक्त चैम्पियनशिप में भाग लेने हेतु हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया द्वारा 25 सदस्यीय भारतीय दल को भेजा गया जिसमें 22 खिलाड़ी एवं 03 ऑफिसियल शामिल थे जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के इस्पात नगरी, भिलाई के हैंडबाल खिलाड़ी अमन राजभर ने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया। 18वीं एशियन जुनियर पुरुष हैंडबाल चैम्पियनशिप में अपने ग्रुप-3 में खेले गये 04 मैचों में से 01 मैच जीतकर 12वें स्थान पर रही। ग्रुप मैच में भारत अपने पहले मैच में चीन से 33-64 गोलों से पराजित हुई, दुसरे मैच में भारतीय टीम कतर से 36-50 गोलों से पराजित हुई, तीसरे मैच में भारतीय टीम ने हांगकांग को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 46-45 गोलों से जीत हासिल की । अमन राजभर की इस उपलब्धि पर बशीर अहमद खान, कोषाध्यक्ष - भारतीय फेंसिंग महासंघ, उपाध्यक्ष - छत्तीसगढ़ ओलम्पिक एसोसिएशन एवं महासचिव - छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन तथा समीर खान, महासचिव - छत्तीसगढ़ हैंडबाल संघ ने अपनी शुभकामनाएँ प्रदान की। इस अवसर पर अमन राजभर के पिता शिवजी राजभर, हैंडबाल के पूर्व राष्ट्रीय हैंडबाल खिलाड़ी सतपाल यादव उपस्थित थे।

## शिविर में पहुंचे दो लोगों का घर बनाने का होगा सपना पूरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रिसाली,2 अगस्त।** रिसाली के जनसमस्या निवारण शिविर में दो ऐसे परिवार का घर बनाने का सपना पूरा होगा, जिनकी माली हालत खराब है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन प्रस्तुत किया। पांचवा शिविर स्वामी आत्मानंद इंग्लीश मीडियम स्कूल में लगाया गया। खराब मौसम के बाद भी यहां 250 से अधिक लोग पहुंचे 195 ने मांग और 30 ने शिकायत का निराकरण कराने आवेदन प्रस्तुत किया। शिविर में आयुक्त मोनिका वर्मा ने ऐसे लोगों को तत्काल लाभ पहुंचाया जो निगम कार्यालय का चक्कर लगाने के बाद शिविर में पहुंचे थे। आयुक्त ने आवेदन के साथ दस्तावेज मंगाकर 9 लोगों का गुमास्ता लाइसेंस बनवाया। इसके अलावा 5 ऐसे नागरिक शिविर स्थल पहुंचे थे जो टैक्स जमा तो करना चाहते थे, लेकिन उनका आई.डी. नहीं बना था। शिविर स्थल पर आयुक्त के निर्देश पर आई.डी. बनाया गया। इसके अलावा शिविर में कुल 6 लोगों का आयुष्मान और 41 लोगों का आधार अपडेट किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर में पार्षद अनिल देशमुख, शैलेन्द्र साहू, मनीष यादव समेत विधायक प्रतिनिधि मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, भाजपा महामंत्री राजू जंघेल, दशरथ साहू मौजूद थे। अतिथियों ने रिसाली की जानवी सेन का अन्नप्रासन कराया। वहीं ऋतु साहू की गोद भराई रस्म अदा की।

## एक नजर

### यातायात पुलिस ने ट्रैफिक एडवायजरी जारी की

**राजनांदगांव 2 अगस्त।** आम जनता के आवागमन हेतु 8 अगस्त तक अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक श्री प्रदीप मिश्रा जी (सिहोर वाले) का कार्यक्रम प्रस्तावित है। आम जनता को यातायात के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे दृष्टिगत रखते हुए सुगम यातायात संचालन हेतु यातायात पुलिस राजनांदगांव द्वारा ट्रैफिक एडवायजरी (समय सुबह 06.00 बजे से रात्रि 20.00 बजे तक के लिये) जारी किया गया है। जो निम्नानुसार है- फरहद चौक से महामाया चौक की ओर, अम्बेडकर चौक से महामाया चौक की ओर, नंदई चौक से महामाया चौक की ओर सभी भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। डोंगरगांव, अं0चौकी, मोहला मानपुर की ओर से आने वाली सभी वाहन फरहद चौक से रेवाडीह की ओर से नेशनल हाईवे में जायेगें। डोंगरगांव, अं0चौकी, मोहला-मानपुर, खैरागढ़ की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों का पार्किंग स्थल कमला कॉलेज एवं गुरूनानक स्कूल रहेगी। रायपुर एवं दुर्ग की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों का पार्किंग स्थल कमला कॉलेज एवं गुरूनानक स्कूल रहेगी। आयेजन के दौरान चौखड़िया पारा से गौरव पथ मार्ग, कविता काम्पलेक्स से गौरव पथ, सर्किट हाउस से गौरव पथ मार्ग, शिवनगर से गौरव पथ की ओर आने वाले मार्ग, सागर नगर से गौरव पथ की ओर आने वाले मार्ग, गंज मंडी साहू सदन की ओर से आने वाले सभी वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगें। गुजराती स्कूल, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्कूल एवं साइंस कॉलेज के विद्यार्थी एवं शिक्षक अपने साथ अपना परिचय पत्र अनिवार्य रूप से साथ में रखेगे। सभी श्रद्धालु अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल में ही पार्किंग करेंगे एवं वाहन रोड में खड़ी कर आवागमन बाधित नही करेंगे।

### दो ब्राउन शुगर तस्कर कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़े



**राजनांदगांव 2 अगस्त।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों अवैध गांजा, शराब के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। कि इसी क्रम में आज दिनांक 01/08/2024 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ ब्राऊन शुगर रखकर राजनांदगाँव लखोली बाईपास के आसपास घूम रहे हैं। कि सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी कोतवाली एमन साहू एवं जिला सायबर सेल प्रभारी विनय परमार राजनांदगांव के नेतृत्व में संयुक्त रूप से टीम गठित कर मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर रेड किया गया जहाँ दो व्यक्ति संदिग्ध रूप से मिले जिनसे नाम पता पूछने पर अपना-अपना नाम 01 दीपेश साहू पिता स्व सुनील साहू उम्र 36 वर्ष निवासी संतरा बाड़ी स्टेशन रोड वार्ड नंबर 26 थाना मोहन नगर जिला दुर्ग छ.ग., 02 योगेश विश्वकर्मा पिता राजेश विश्वकर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी बुद्ध विहार गली नंबर 05 शंकरनगर वार्ड नंबर 09 थाना मोहन नगर जिला दुर्ग छ.ग. होना बताये।

### राज्य स्तरीय एडवांस कोर्स प्रशिक्षण में जिले के गाइड कैप्टन एवं रेंजर लीडर ने लिया भाग

**राजनांदगांव 2 अगस्त।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव श्री कैलाश सोनी के निर्देशन में राज्य स्तरीय एडवांस गाइड कैप्टन रेंजर लीडर प्रशिक्षण शिविर 23 से 29 जुलाई 2024 तक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र झांकी अभनपुर रायपुर में आयोजित किया गया। राज्य स्तरीय एडवांस कोर्स प्रशिक्षण में राज्य उपाध्यक्ष स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ श्री राजेन्द्र गोलछा एवं जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट श्री अभय कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में जिले के गाइड कैप्टन एवं रेंटर लीडर ने भाग लिया। जिले से गाइड कैप्टन श्रीमती ममता बोरकर, श्रीमती भारती साहू, श्रीमती मीना पटेल, श्रीमती सोमिन साहू, पदमनी गोस्वामी तथा रेंजर लीडर श्रीमती श्यामा झा ने राज्य स्तरीय एडवांस कोर्स प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### जिले में अब तक औसत 669.2 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव 2 अगस्त।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक औसत 669.2 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 30.2 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा डोंगरगांव तहसील में 48 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 9.8 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 29.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 34.2 मिमी, घुमका तहसील में 32 मिमी, छुरिया तहसील में 26.9 मिमी, कुमरदा तहसील में 30.7 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 48 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

### न्युवोको विस्टास ने वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में बिक्री और लाभ में बढ़ोतरी दर्ज की

**रायपुर 2 अगस्त।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की एक प्रमुख निर्माण सामग्री कंपनी ने 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही में बिक्री, आय और लाभ में बढ़ोतरी घोषणा की है। इसके साथ ही कंपनी ने वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही के अनऑडिटेड विस्तृत वित्तीय नतीजों को जारी किया है। 25 एमएमटीपीए की संयुक्त स्थापित क्षमता के साथ, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड भारत में पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह है और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनियों में से एक है। वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में कंपनी की कंसोलिडेटेड सीमेंट बिक्री मात्रा 4.8 एमएमटी रही। इसी अवधि के दौरान ऑपरेशंस से कंसोलिडेटेड आय 2,636 करोड़ रुपये रही। पहली तिमाही के लिए कंसोलिडेटेड एबिटिडा 348 करोड़ रुपये रहा।

# गांव. गरीब और किसानों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्धः साय



**रायपुर, 2 अगस्त।** छत्तीसगढ़ सरकार जल्द ही चरण पादुका वितरण योजना और सरस्वती सायकल योजना फिर से शुरू करने वाली है। आज जगदलपुर में कृषि महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इसकी घोषणा की। मुख्यमंत्री आज यहां जिला स्तरीय महिला सम्मेलन में पहुंचे थे। कार्यक्रम के दौरान श्री साय ने रिमोट का बटन दबाकर महतारी वंदन योजना की 6वीं किश्त की राशि 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में भेजी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जगदलपुर विधायक श्री किरण देव की मांग पर जगदलपुर शहर में लम्बे समय से अधूरे पड़े उच्च स्तरीय ऑडिटोरियम का निर्माण पूरा कराने के लिए 1 करोड़ की राशि भी मंजूर की। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से महतारी वंदन योजना की राशि खाते में जमा होने के मेसेज के आने की पुष्टि भी की।

कार्यक्रम में वन मंत्री श्री केदार कश्यप, महिला एंव बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े, चित्रकोट विधायक श्री विनायक गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, महापौर श्रीमती सफीरा साहू सहित पूर्व सांसद श्री दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक श्री सुभाऊ कश्यप, संभागायुक्त श्री डोमन सिंह, आईजी श्री सुन्दरराज पी., सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर विजय दयाराम के. ने बस्तर जिले में चल रहे विकास कार्यो और जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। दन्तेश्वरी माता के जयकारे से शुरू कर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि केन्द्र सरकार की भांति छत्तीसगढ़ की सरकार भी गरीबो के कल्याण, विकास और खुशहाली के लिए समर्पित है। मोदी की गांरटी के तहत गांव गरीब, किसान, महिला, युवा आदिवासी पिछड़े सभी वर्ग के विकास के लिए योजना चलायी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार ने कार्यभार संभालते ही कैबिनट की पहली बैठक में 18 लाख से अधिक आवासहीन परिवारों को पक्का मकान बनाने की स्वीकृति दी थी। तेन्दूपत्ता तोड़ने वालों को फायदा पहुंचाने के लिए इस बार साढ़े पांच हजार रूपए मानक बोरा की दर से पत्ता खरीदी की गई और पूरे सीजन पत्ता खरीदा गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तेन्दूपत्ते को बेचने के बाद होने वाले फायदे को भी बोनस के रूप में संग्राहकों को दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ खरीदने की गारंटी पूरी की है। 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की गई। मोदी की इस गारंटी के पूरे होने से छत्तीसगढ़ के किसानों को अच्छा फायदा हुआ है। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि प्रदेश के किसानों को 3716 करोड़ रूपए दो साल के बकाया धान का बोनस के रूप में भी भुगतान कर दिया गया है।

# महान समाज सुधारक व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे बाल गंगाधर तिलकः विकास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 2 अगस्त।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर 01 अगस्त गुरूवार को शहर कांग्रेस द्वारा संगोष्ठी सभा आयोजित कर उनके पुष्पाजंलि अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। संगोष्ठी सभा का संचालन करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने कहा उपस्थित कांग्रेस को बताया कि ''स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मैं उसे लेकर रहूंगा।'' की आवाज बुलंद करने वाले बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि पर नमन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन पर 01 अगस्त गुरूवार को स्थानीय कांग्रेस भवन में बाल गंगाधर तिलक की पुण्यतिथि मनाई। उपस्थित कांग्रेसजनों द्वारा तिलक जी के तैलचित्र पर माल्यापर्ण कर संगोष्ठी सभा की शुरूआत हुई। संगोष्ठी सभा को प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस महामंत्री झम्मन देवांगन, प्रज्ञा गुप्ता, मामराज अग्रवाल ने संबोधित किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को श्रद्धांसुमन अर्पित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी ने संगोष्ठी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बाल गंगाधर तिलक एक समाज सुधारक, भारतीय राष्ट्रवादी और




स्वतंत्रता सेनानी थे। स्वराज के प्रबल समर्थक के रूप में उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान लोगों को प्रेरित किया। उनके आदर्शों, साहस और दृढ़ संकल्प को हमेशा याद किया जाता है। इसलिए भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का उन्हें जनक कहा जाता है। तिलक जी ने गणेश उत्सव व शिवाजी उत्सव मनाने परंपरा की शुरूआत की इसका उद्देश्य सभी को एक साथ जोड़ने, जिससे हम एक समूह में एकत्रित हो और एक-दूसरे से संवाद हो और लोगों में एकता की भावना जागृत हो। संगोष्ठी सभा के पश्चात कांग्रेसजनों ने भरकापारा स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। संगोष्ठी सभा में कमलदास, जितेन्द्र सिन्हा, किशन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# बगैर परमिशन के होगी प्रदीप मिश्रा की कथा, प्रशासन ने नहीं दी अनुमति

- निगम आयुक्त ने कहा, एनओसी दी गई है, पुलिस विभाग जुटा तैयारियों में
- राजनांदगांव के ऑडीटोरियम से होगी ऑनलाइन कथा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 2 अगस्त।** मध्य प्रदेश सीहोर के कथावाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा 2 अगस्त से 8 अगस्त तक ऑनलाइन कथा वाचन का आयोजन राजनांदगांव के गौरव पथ स्थित ऑडिटोरियम से किया जा रहा है द्य जिसमें प्रशासन ने अब तक अनुमति नहीं दी है, लेकिन पुलिस विभाग तैयारी में जुट गया है। वहीं इस ऑनलाइन कथा के साथ-साथ ऑडिटोरियम में 750 लोगों के बैठने के लिए विशेष पास जारी किया जा रहा है। यह कथा दोपहर 1-00 बजे से 4-00 बजे के बीच होगी। जिसका प्रचार पुलिस द्वारा अपने स्त्ह्यह्न ग्रुप में भी किया गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कथा वाचन प्रदीप मिश्रा द्वारा राजनांदगांव के गौरव पथ स्थित आडीटोरियम में 2 अगस्त से 8 अगस्त तक ऑनलाइन कथा की जावेगी, साथ ही 700 लोगो के बैठने के लिए पास की सुविधा जारी की जा रही है। लेकिन पास निशुल्क है या शुल्क में दिया जाएगा ऐसी कोई भी जानकारी अभी स्पष्ट नही हो पाई है। लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पास तीन केटेगिरी में जारी किया जा रहा है जिसमे 10 हजार, 5 हजार और 3 हजार रुपए रखा गया है। इसके साथ ही 10 से 12 यजमान भी रहेंगे, जिसके लिए 5 लाख 51 हजार रुपए एक यजमान का रखा गया है ऐसी जानकारी सूत्रों से मिल रही है।

**निगम आयुक्त ने कहा, एनओसी दी गई है :** इस संबंध में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि नगर निगम द्वारा बनाए गए आडीटोरियम में कथा वाचन प्रदीप मिश्रा की ऑनलाइन कथा को लेकर एनओसी मांगी गई थी। जिसमें 700 लोगो के बैठने की व्यवस्था है, एनओसी दे दी गई है। परमिशन जिला प्रशासन द्वारा देना है। जिसकी जानकारी मुझे नही है।

**पुलिस विभाग जुटा तैयारियों में:** प्रदीप मिश्रा द्वारा 2 अगस्त से 8 अगस्त तक ऑनलाइन कथा वाचन किया जा रहा है। जिसमें सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस विभाग जुट गया है, पुलिस विभाग द्वारा स्त्ह्यह्न ग्रुप में प्रदीप मिश्रा का एक वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमे ऑनलाइन कथा के संबंध में जानकारी दी गई है। विभाग द्वारा आडीटोरियम को चारो ओर से बेरिकेटिंग कर बंद कर दिया गया है, जिससे वार्डवासियों के अलावा, 3 स्कूल, एक कॉलेज और हॉस्पिटल में आने जाने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। जिसके चलते पुलिस विभाग रुट डायवर्ट भी करने की तैयारी में जुट गया है।

**सनसिटी में रुकेंगे प्रदीप मिश्राः** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कथावाचक प्रदीप मिश्रा सनसिटी के कम्यूनिटी हाल में ठहरेंगे। जहा उनसे मिलने वालों की भीड़ ना हो उसे देखते हुए भी पुलिस विभाग ने सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। बता दे दी यहां पर डी मार्ट भी है, जहा सैकड़ो लोग रोज आना जाना करते हैं, जिससे उन्हें भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**आयोजन के सूत्रधार है दिनेश साहू :** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूरे आयोजन के सूत्रधार छुरिया निवासी दिनेश साहू है। उनके द्वारा ही राजनांदगांव के ऑडिटोरियम में ऑनलाइन कथा वाचन का आयोजन रखा गया है। सूत्र बता रहे हैं कि इसके अलावा पास की व्यस्था ही इन्ही के जिम्मे में है। जब पास एवम व्यवस्था के संबंध में उनके मोबाइल नंबर 8305922815 पर जानकारी चाही गई तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

### रियलमी ने 23,999 रुपये में रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी का अनावरण किया

**रायपुर 2 अगस्त।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में लंबे इंतजार के बाद सबसे आधुनिक उत्पाद - रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी, रियलमीवॉच एस2 और रियलमी बड्स टी310 पेश किए। रियलमी 13 प्रो सीरीज़ 5जी में दो मॉडल, रियलमी 13 प्रो 5जी और रियलमी 13 प्रो 5जी शामिल हैं। इसमें एआई के साथ अल्ट्रा क्लियर कैमरा है, जो इंप्रेशनिज़्म के महान मास्टर, क्लॉड मोनेट से प्रेरित आकर्षक डिज़ाईन के साथ अत्याधुनिक कैमरा टेक्नोलॉजी पेश करता है। रियलमी ने मिड से हाई एंड स्मार्टफोन बाजार में प्रमुख दिग्गज बनने की अपनी योजना के बारे में बताया था। यहमहत्वाकांक्षा तीन मुख्य क्षेत्रोंः विशाल मैमोरी पॉपुलराईज़ेशन, क्वालिटी अपग्रेड, और हमारे एआईयूआई पॉपुलाईज़र प्लान से स्पष्ट है। युवा यूज़र्स को गहराई से समझने वाले टेक ब्रांड के रूप में रियलमी का वादा है कि भविष्य की हर नंबर प्रो सीरीज़ में स्टैंडर्ड 512जीबी का मैमोरी विकल्प मिलेगा।

# नगर निगम का मवेशी धर-पकड अभियान, आज पकड़े 16 मवेशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 2 अगस्त।** घुमंतु मवेशियों की धर पकड के तहत नगर निगम का मवेशी धर-पकड़ अभियान में निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक चौराहो में घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज नंदई चौक, जिला चिकित्सालय के पास, गंज मंडी के सामने, महामाया चौक तथा आस पास के क्षेत्रों से 16 घुमन्तु मवेशियों की धर-पकड की गयी। शासन एवं जिला प्रशासन द्वारा भी घुमन्तु पशुओं को पकड़ने एवं पशु मालिकों को अपना मवेशी घर में बांध कर रखने समझाईस देने के निर्देश दिये गये है। निर्देश के अनुक्रम में निगम द्वारा प्रतिदिन धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने टीम गठित किये है, गठित टीम चौक चौराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में आज शहर के नंदई चौक, जिला चिकित्सालय के पास, गंज मंडी के सामने, महामाया चौक तथा आस पास के क्षेत्रों से 16 घुमन्तु एवं बैठे मवेशियों को पकड़ा गया। मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता है एवं उन्हें छोडने पर 570-570 रूपये संबंधित से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जाता है।आयुक्त श्री गुप्ता ने दुर्घटना से बचने मवेशी मालिक अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखने तथा चौक-चौराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि चौक-चौराहों व सड़कों पर खुला घुमते पाये जाने पर पशुओं को नगर निगम के अमला द्वारा पकड़कर कांजी हाऊस में बंद कर नियमानुसार शुल्क व जुर्माना भुगतान करने के उपरांत ही मुक्त कर संबंधित पशु पालकों को सौपा जायेगा। उन्होंने कहा कि निगम द्वारा अब लापरवाह पशु पालकों के विरूद्ध पशुपालक पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जावेगी, जिसके तहत वह प्रथम अपराध की दशा में जुर्माने से 10 रूपये से कम नहीं होगा किन्तु जो 50 रूपये तक का हो सकेगा और द्वितीय या पश्चातवर्ती अपराध की दशा में जो पिछले अपराध किये जाने के 3 वर्ष की अवधि के भीतर किया जाता है, जुर्माने से जो 25 रूपये कम नहीं होगा जो 1 सौ रूपये तक का दण्ड या कारावास जिसकी अवधि 3 माह तक की हो सकेगी अथवा दोनों दण्डों से दण्डित किया जायेगा।

# नगर निगम के अतिक्रमण तोड़ू दस्ते ने रास्ते में लगे ठेले हटाए गए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 2 अप्रैल।** नगर निगम सीमांतर्गत अवैध निर्माण एवं शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर प्रभावी रूप से रोकथाम करने के लिये निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने नगर निगम में अतिक्रमण दस्ता (तोडू दस्ता) का गठन किया है। गठित दल निगम सीमाक्षेत्र में अवैध रूप से किये गये अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही करते है। इसी कडी में आज चिखली थाना के पास, दीनदयाल कालोनी जाने वाले मार्ग से ठेला खोमचा को निमम व पुलिस की टीम ने हटाने की कार्यवाही किये। इस संबंध में आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि चिखली थाना के पास दीनदयाल कालोनी जाने वाले मार्ग में अतिक्रमण कर ठेला खोमचा लगाने की शिकायत प्राप्त हुयी, उक्त ठेलावालों को हटाने नोटिस दिया गया था, ठेला नहीं हटाने पर आज नगर निगम के अतिक्रमण तोड् दस्ता द्वारा पुलिस बल सहित हटाने की कार्यवाही की गयी। उन्होंने अतिक्रमण दस्ता से कहा कि शहर में जहॉ जहॉ पर अतिक्रमण किया जा रहा है, उन्हे तत्काल नोटिस देकर हटाया जाये और संबंधित के विरूद्ध निगम प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाये। अतिक्रमण हटाने के दौरान प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम व श्री दीपक महला, उप अभियंता श्री अनिमेष चंद्राकर व श्री तिलक राज ध्रुव, प्र.पटवारी श्री मिलीन्द रेड्डी व श्री गणेश झा सहित निगम तथा पुलिस बल उपस्थित था।



## समाचार संक्षेप

### मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए मोबाइल कैंप का आयोजन किया जा रहा

**राजनांदगांव 2 अगस्त।** शासन द्वारा श्रमिकों के समस्याओं का समाधान करने के लिए विकासखंडों के ग्राम पंचायतों में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। शासन द्वारा मोबाईल कैम्प के माध्यम से श्रमिक वर्ग हेतु संचालित श्रमिक पंजीयन, नवीनीकरण, संशोधन एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। निर्माण श्रमिकों, असंगठित कर्मकारों का पात्रतानुसार पंजीयन हेतु ऑनलाईन आवेदन किया जा रहा है। इसके अलावा कैम्प में आवेदनों तथा पंजीयन में आ रही समस्याओं का निराकरण भी किया जाएगा। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि जिले के समस्त विकासखंडों के जनपद पंचायतों में संचालित श्रम कल्याण केन्द्र, मोबाईल एप (श्रमेव जयते एप), नजदीकी लोकसेवा केन्द्र एवं इंटरनेट कैफे के माध्यम से पंजीयन व योजनाओं के ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकत हैं। श्रमिक पंजीयन एवं योजनाओं की अधिक जानकारी के लिए मुख्यमंत्री सहायता केन्द्र के हेल्प लाईन नंबर (टोल फ्री नंबर) 0771-3505050 पर संपर्क कर सकते हैं। राजनांदगांव जिले में अगस्त 2024 में विभिन्न ग्राम पंचायतों में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जहां से श्रमिक पंजीयन एवं योजना की जानकारी प्राप्त कर कर आवेदन कर सकते हैं। डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत 2 अगस्त को ग्राम जटकन्हार, 5 अगस्त को ग्राम धुसेरा, 7 अगस्त को ग्राम नागतराई, 9 अगस्त को ग्राम हरणसिंघी, 12 अगस्त को ग्राम बछेराभाठा, 14 अगस्त को ग्राम चौथना, 20 अगस्त को ग्राम अण्डी, 22 अगस्त को ग्राम चिद्दो, 27 अगस्त को ग्राम करवारी एवं 29 अगस्त को ग्राम भैसरा में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत 2 अगस्त को ग्राम अर्जुनी, 5 अगस्त को ग्राम कोटरासरार, 8 अगस्त को ग्राम अर्जुनी (जनसमस्या निवारण शिविर), 12 अगस्त को ग्राम रायतापायली, 14 अगस्त को ग्राम तुमड़ीबोड़, 20 अगस्त को ग्राम रूपाकाठी, 22 अगस्त को सोनेसरार, 24 अगस्त को ग्राम सुखरी, 27 अगस्त को ग्राम सालिकझिटिया, 29 अगस्त को ग्राम बड़चारभांठा एवं 31 अगस्त को ग्राम आरगांव में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा। छुरिया विकासखंड के ग्राम 2 अगस्त को ग्राम मगरधोखरा, 5 अगस्त को ग्राम बजरंगपुर, 8 अगस्त को ग्राम भर्रीटोला, 12 अगस्त को ग्राम घोघरे, 14 अगस्त को सीताकसा (गै.), 20 अगस्त को ग्राम लालूटोला, 22 अगस्त को ग्राम पुर्रामटोला, 23 अगस्त को ग्राम बेन्डारी (जनसमस्या निवारण शिविर), 27 अगस्त को ग्राम भेजराटोला, 29 अगस्त को ग्राम रंगीटोला एवं 31 अगस्त को ग्राम नांदियाखुर्द में मोबाईल कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

### नेहरू महाविद्यालय में मनाई गई प्रेमचंद जयंती




**डोंगरगढ़ 2 अगस्त।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 31 जुलाई बुधवार को प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के दिशा निर्देशन में हिंदी विभाग द्वारा गांव गरीब, किसान के दर्द को अपनी लेखनी में खुबसूरती से उतारने वाले उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी एवं प्रेमचंद जी का रचना संसार विषय पर विचाराभिव्यक्ति प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित किया गया । विचाराभिव्यक्ति प्रतियोगिता में स्नातक स्नातकोत्तर की छात्र-छात्राओं चांदनी कंवर द्वारा प्रेमचंद कृत कहानी ईदगाह ,अलीशा मानिकपुरी द्वारा कहानी संग्रह, चांदनी जंघेल द्वारा सौत कहानी, करण मेश्राम द्वारा कहानी पंच परमेश्वर ,मुस्कान मेश्राम द्वारा कहानी पूस की रात एवं विकास मेश्राम द्वारा उपन्यास निर्मला पर विचाराभिव्यक्ति किया गया। इसमें चांदनी कंवर एम.ए. हिंदी तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम ,विकास मेश्राम एम.ए हिंदी प्रथम सेमेस्टर ने द्वितीय तथा मुस्कान मेश्राम भाग 2 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । ऑनलाइन प्रेमचंद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 150 प्रतिभागी सम्मिलित हुए, उन्हें महाविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया गया । प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही रेवती द्वारा विजेता एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि मुंशी प्रेमचंद जी की रचनाएं प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद हैं ।

### इन्दिरा आईवीएफ रायपुर की सुचारू रूप से कार्यसेवाएं शुरू

**रायपुर 2 अगस्त।** इन्दिरा आईवीएफ रायपुर को माननीय हाईकोर्ट छत्तीससगढ़ से अंतरिम रोक दिये जाने के बाद इसका पूर्ण संचालन शुरू हो गया है। अब इन्दिरा आईवीएफ हॉस्पिटल रायपुर निःसंतानता उपचार की समस्त आधुनिक सुविधाओं के साथ शुरू हो गया है। हॉस्पिटल सभी रोगियों के देखभाल के लिए उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करते हुए रियायती दरों में सुगम आईवीएफ उपचार और सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन्दिरा आईवीएफ रायपुर हमेशा से ही अनुभवी विशेषज्ञों और अत्याधुनिक तकनीक द्वारा बेहतर प्रजनन उपचार प्रदान करने के लिए समर्पित रहा है। हाल ही में माननीय हाईकोर्ट ने इन्दिरा आईवीएफ रायपुर को अंतरिम में अपनी फर्टिलिटी सेवाओं को फिर से शुरू करने के आदेश दिये हैं, जिससे माता-पिता बनने की इच्छा रखने वाले दम्पतियों को उपचार एवं सहयोग करना जारी रख सकते हैं। इन्दिरा आईवीएफ रायपुर में, हम प्रजनन उपचार से जुड़ी भावनात्मक और शारीरिक चुनौतियों को समझते हैं। निःसंतानता उपचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटूट है और प्रत्येक रोगी को उनकी समस्या व जरूरत के अनुरूप व्यक्तिगत उपचार योजनाएँ प्रदान करने का प्रयास करते हैं।

श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड तथा आयुष्मान कार्ड शिविर में ही बना

# सिविल लाइन आंबेड़कर भवन के जनसमस्या निवारण शिविर में लोगों ने बिजली,पानी,सफाई, पीएम आवास, आधार कार्ड के लिए आवेदन किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 अगस्त।** वार्डवासियों की समस्या का निराकरण वार्ड में ही करने जन समस्या निवारण शिविर वार्डो में लगातार जारी है। शिविर में जहॉ बिजली, पानी सफाई, निर्माण कार्य तथा राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास का लाभ लेने आवेदन प्राप्त हो रहा है, वही वार्ड के लोग श्रमिक कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने भी आवेदन कर रहे है। आवेदकों को श्रमिक, आधार एवं आयुष्मान कार्ड वार्ड में ही बनाकर दिया जा रहा है। आज सिविल लाईन स्थित आम्बेडकर भवन में वार्ड नं. 16,17 व 18 के लिये आयोजित शिविर में मांग के 67 एवं शिकायत के 3 कुल 70 आवेदन प्राप्त हुये जिसमें 7 आवेदन का शिविर में ही




निराकरण किया गया तथा 8 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण भी कराये।

आज आम्बेडकर भवन सिविल लाईन में वार्ड नं. 16,17 व 18 के लिये आयोजित शिविर में 70 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें जल विभाग के पाईप लाईन विस्तार के लिये 3 प्रकरण आवेदन, राशन कार्ड के लिये 7 आवेदन में 3 नाम जोडने, 3 नये राशन कार्ड बनाने व 1 ए.पी.एल. से बी.पी.एल. कार्ड बनाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुये। इसी प्रकार स्वयं की भूमि में आवास निर्माण के लिये 32, पट्टा वितरण के लिये 4, तुलसीपुर में नाली सफाई के 1, तुलसीपुर के खम्भों में लाईट लगाने 3, शहरी आजीविका मिशन के तहत 10 हजार रूपये ऋण के लिये 1, महिला बाल विकास संबंधी 2 आवेदन प्राप्त हुये तथा नाली व सडक निर्माण की मांग के लिये 10 आवेदन प्राप्त हुये। इसके अलावा श्रमिक कार्ड पंजीयन 3, आधार कार्ड पंजीयन 2 तथा आयुष्मान कार्ड के 2 प्रकरणों का शिविर में ही निराकरण किया गया तथा मेडिकल मोबाईल यूनिट के माध्यम से 8 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

आज के शिविर में नेताप्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, वरष्ठि पार्षद श्री शिव वर्मा तथा श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा उपस्थित होकर सभी आवेदनों का निराकरण करने शिविर में उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित किये तथा जनसमस्या निवारण पखवाड़ा अंतर्गत वार्डो में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर शासन की योजना का लाभ लेने तथा अपनी समस्याओं का निराकरण करने वार्डवासियों से अपील किये।

ओलिंपिक में भाग लेने ही किसी देश के खिलाड़ियों के लिए एक सपना जैसा होता है क्योंकि यहां पर उनका मुकाबला विश्वस्तरीय चैंपियन खिलाड़ियों से होता है। अपने देश में खेलना और पदक जीतना और बात होती है, ओलिंपिक में खेलना और पदक जीतना और बात होती है। यहां मुकाबले में एक से बढ़कर एक खिलाड़ी होते हैं। सब अपने देश और विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी होते हैं। उनके साथ मुकाबला करने पर ही पता चलता है कि ओलिंपिक में एक पदक जीतना कितनी बड़ी चुनौती होती है। किसी भी देश के खिलाड़ी के लिए यहां पदक जीतना बहुत बड़ा सपना होता है, हर देश से बड़ी संख्या में खिलाड़ी इसमें भाग लेते हैं और उनमें से कुछ ही खिलाड़ी पदक जीतने वाले होते हैं। जो खिलाड़ी एक पदक भी जीते जाते हैं, वह विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बन जाते हैं। यहां पदक जीतना ही किसी खिलाड़ी के सर्वश्रेष्ठ होने का पैमाना होता है जो जितने पदक जीतता है,वह उतना ही सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी होता है। अपने देश का वह हीरो होता है क्योंकि जब कोई खिलाड़ी पदक जीतता है तो उस देश के हर आदमी का सिर गर्व से तन जाता है,उस वक्त ऐसी गौरव की अनुभूति होती है, उसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। भारत जैसे देश के हर खिलाड़ी के लिए ओलिंपिक में खेलना सपना होता है और एक पदक जीतना ऐतिहासिक उपलब्धि होती है, ऐसे में भारत की मनु भाकर ने दो मेडल जीतकर ऐसी खुशी दी है कि हर भारतीय खुशी के मारे गदगद है। यह वाकई में बहुत बड़ी उपलब्धि है क्योंकि पिछले सवा सौ साल में कोई भी भारतीय खिलाड़ी ऐसा नहीं कर सका था।मनु भाकर अब भारत की पहली महिला खिलाड़ी बन गई जिसने ओलिंपिक में दो पदक जीते हैं। इससे पहले 1900 में एन प्रिचर्ड ने दो सिल्वर मेडल जीते थे। मनु भाकर के पास अभी पदक जीतने का एक और मौका है, वह तीसरा पदक जीतती हैं वह नया रिकार्ड बना सकती हैं। वह पेरिस ओलिंपिक में पूरे आत्मविश्वास के साथ पदक जीतने के

## संपादकीय

# यही खुशी की बात है पदक तो जीत रहे

इरादे से पहुंची है दो पदक जीतकर उन्होंने बता दिया है कि इस बार हारने के लिए नहीं जीतने के लिए आई हैं। ओलिंपिक में किसी को इस बात की उम्मीद नहीं थी ओलिंपिक शुरु होने के पहले दिन ही भारत का नाम पदक सूची में आ जाएगा, मनु भाकर के ऐतिहासिक प्रदर्शन से यह संभव हो सका है। एक पदक जीतने के बाद उम्मीद की जा रही थी कि मनु भाकर और पदक जीतेगी और उसने सरबजोत साथ मंगलवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह सब आसान नहीं था, तब तो और भी आसान नहीं था जब पिछले ओलिंपिक में पिस्टल खराब हो जाने के कारण मनु भाकर को बहुत निराशा हुई थी। हार से जीत के शिखर का सफर बहुत ही मुश्किल होता है। इसमें खिलाड़ी को परिवार,सरकार व कोच के सहारे की जरूरत होती है। मनु का सभी ने सहयोग किया और इसी का परिणाम है कि आज मनु भाकर ने महिला होकर भी वह कर दिखाया जो अब देश की महिला खिलाड़ियों का सपना होता है। आनेवाले दिनों में मनु भाकर देश के खिलाड़ियों की रोल माडल होंगी। उससे देश के खिलाड़ी प्रेरणा ले सकेंगे कि हार के बाद सब कुछ खत्म नहीं हो जाता है। हार के बाद भी अपने आत्मविश्वास को बनाए रखा जाए और लक्ष्य जीत हो तो जीत हासिल की जा सकती है और ऐसी जीत हासिल की जा सकती है जिस पर परिवार को गर्व हो,देश को गर्व हो। ओलिंपिक में पदक तो पदक होता है, मनु भाकर,सरबजोत सिंह, स्वप्निल कुसाले ने कांस्य पदक जीता है तो कई लोग कह सकते हैं कि दूसरे देश के खिलाड़ी पहले दिन से ही गोल्ड व सिल्वर मैंस जीतते है तो हमारे खिलाड़ी गोल्ड व सिल्वर पदक क्यों नहीं जीतते हैं। एक दो दिन में ही चीन,जापान, फ्रांस, आस्ट्रेलिया, कोरिया के खिलाड़ी पांच से छह गोल्ड जीत चुके हैं और भारत ने दो कांस्य पदक ही जीते हैं तो इसकी वजह यह है कि खेलों पर जितना ध्यान और पैसा इन देशों में खर्च किया जाता है, उतना पैसा भारत अभी खर्च नहीं करता है। 2014 के बाद जिस तरह खेलों में पैसा खर्च किया जा रहा है,उसी का परिणाम है कि अब खिलाड़ी विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने लगे हैं और पदक भी जीतने लगे हैं। मनु भाकर जैसी एक खिलाड़ी को ओलिंपिक में पदक जीतना हो तो जरूरी हो जाता है कि उसे विश्वस्तरीय सुविधाएं मिले। उसके लिए करोड़ो रुपए खर्च किए जाए। देश में मनु भाकर जैसी खिलाड़ियों की कमी नहीं है,

विश्लेषण

अजय कुमार,लखनऊ

# राहुल ही नहीं, कोई भी अपनी जाति बताने में शर्मसार क्यों हो



हिन्दुस्तान की राजनीति में क्या राहुल गांधी होना ही काफी है। वह जो सवाल सबसे पूछते हैं,वही सवाल जब उनसे कोई पूछ लेता है तो इसमें उनकी इनसर्ट कैसे हो जाती है। कहीं ऐसा तो नहीं वह अभी भी मध्यकालीन सामंतवादी सोच से बाहर नहीं निकल पाये हैं। यह सच है कि राहुल ऐसे परिवार से आते हैं जिसने आजादी के बाद दशकों तक सामंतवादी सोच के साथ देश पर राज किया है, जिनकी ताकत इतनी हुआ करती थी कि देश में इनकी मर्जी के बिना पत्ता भी नहीं हिलता था। इनके एक इशारे पर प्रदेश की सरकारों की तकदीर बनती बिगड़ती थी। मुख्यमंत्री और सरकारें रातोंरात बदल और गिरा दी जाती थीं। इनके द्वारा राजशाही तरीके से देश को आपातकाल में झोंक दिया जाता था,जिनके द्वारा अपने हिसाब से देश की आजादी का इतिहास लिखवाया गया,जिसको चाहा अपमानित किया गया और जिसे चाहा सिर आंखों पर बैठा दिया गया। इसी लिये वीर सावरकर जैसे स्वतंत्र सेनानी को यह लोग अपमानित करते हैं सुभाष चन्द्र बोस को परेशान किया गया। कांग्रेस आज भी इसी सोच के साथ जी रही है कि जो वह कहें वही पत्थर की लकीर है,उसे कोई काट नहीं सकता है। इससे ज्यादा दुख की बात यह है कि इंडिया गठबंधन के कुछ सहयोगी भी इससे इत्तिफाक रखते हैं,जिसमें आजकल समाजवादी पार्टी के दूसरी पीढ़ी के नेता पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का नाम भी भी शीर्ष पर मौजूद है। मुलायम सिंह यादव जो ताउम्र कांग्रेस के खिलाफ लड़ते रहे,आपातकाल में जेल गये,उन्हीं के बेटे अखिलेश यादव तब उत्तेजित हो जाते हैं जब बीजेपी के नेता राहुल गांधी से उनकी जाति पूछ लेते हैं। वह सदन में चिल्लाने लगते हैं कि राहुल गांधी की जाति कैसे पूछी,जबकि राहुल-अखिलेश की जोड़ी अपनी राजनीति चमकाने के लिये समय-बेसमय किसी की भी जाति पूछकर उसका उपहास उड़ाने या उसके सहारे अपनी राजनीति चमकाने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। बहुत दिन नहीं हुए, जब यह दोनों नेता लोगों और विशेषकर अधिकारियों एवं मीडिया वालों की जाति पूछते थे, लेकिन जब लोकसभा में बीजेपी के एक नेता ने गोलमोल शब्दों में उनकी जाति पूछ ली तो वह उछल पड़े,जबकि राहुल का नाम लिये बिना बीजेपी के मंत्री अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में तंज कसा था कि जिन्हें अपनी जाति का पता नहीं, वे उसके गणना की मांग कर रहे है।यह बात राहुल और उनकी टीम के सदस्यों को इनती बुरी लगी कि इन्होंने हंगाम खड़ा कर दिया। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के नेता संसद के भीतर और बाहर आपे से बाहर हो गए। इनमें कांग्रेस के वे नेता भी है, जो लोगों की जाति जानने की राहुल गांधी की अपरिपक्त राजनीति को उनका मास्टर स्ट्रोक बताया करते थे। सवाल यही है कि कोई अपरिक्त नेता जब हर तफर घूम-घूमकर सबकी जाति जानने की कोशिश करेगा तो फिर उसे अपनी भी जाति बताने के लिए तैयार रहना चाहिए,जैसा भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी की जाति के बारे में पूछा था। राहुल गांधी इस कटाक्ष को अपना अपमान बता रहे है। यह वही राहुल हैं, जो चंद दिन पहले लोकसभा में भाजपा नेताओं को दुर्योधन, शकुनी आदि बताते में लगे हुए थे। इसके पहले वह एक जनसभा में यह कह चुके हैं कि प्रधानमंत्री मोदी तो ओबीसी हैं ही नहीं,जबकि इसके उलट तमाम लोग राहुल गांधी को तो हिन्दू ही नहीं मानते हैं।

यह एक सामान्य बात है कि किसी को भी दूसरों के साथ वैसा व्यवहार नहीं करना चाहिए, जैसा उसे अपने लिए पसंद न हो,लेकिन राहुल गांधी हों या फिर अन्य कुछ नेता इससे इत्तेफाक नहीं रखते हैं। अनुराग ठाकुर के बयान पर संसद में जो हंगामा हुआ, वह केवल राहुल गांधी का अपनी खीझ मिटाने और जनता का इस मुद्दें से ध्यान हटाने के अलावा कुछ नहीं था। यह हास्यास्पद ही है कि अनुराग ठाकुर के बयान का समर्थन करने के कारण कांग्रेस प्रधानमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस देने पर विचार ले आई।क्योंकि मोदी ने अनुराग के भाषण वाला वीडियो फारवर्ड कर दिया था। बहरहाल, संसद में आज जाति के नाम पर जो घमासान हो रहा है,उसकी नींव कांग्रेस ने बहुत पहले ही रख दी थी। आजादी के बाद कांग्रेस ही तो थी,जिसने अंग्रेजों के डिवाइड एंड रूल वाले फार्मूले को जिंदा रखा था। जातिवादी राजनीति का ही नतीजा है कि समाज बंटता जा रहा है।जब नेताओं को देश को जाति की राजनीति से बाहर लाने की कोशिश की जानी चाहिए, तब कुछ दलों और विशेष रूप से कांग्रेस के नेता जाति की राजनीति को तूल देकर समाज में विभाजन और वैमनस्य पैदा करने में लगे हुए हैं। वे यह कहकर जाति की गणना की मांग करने में लगे हुए हैं कि इससे ही समस्त समस्याओं का समाधान होगा और सामाजिक न्याय का लक्ष्य हासिल होगा। यदि जाति गणना इतनी ही आवश्यक थी तो दशकों का लक्ष्य हासिल होगा। यदि जाति गणना आवश्यक थी तो दशकों तक केंद्र की सत्ता में रही कांग्रेस ने ऐसा क्यों नहीं किया? प्रश्न यह भी है कि क्या लोगों की जाति जाने बिना उन्हें गरीबी से बाहर निकालने और शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के प्रश्न हल करना संभव नहीं? हर कोई इससे अच्छी तरह परिचित है कि जाति की राजनीति ने समाज को विभाजित करने के साथ सामाजिक न्याय की राह में मुश्किल पैदा की है, फिर भी कुछ नेता अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करने के लिए समाज को जातियों में बांटने में लगे हुए हैं। जातीय वैमनस्य के रूप में इसके दुष्परिणाम सामने है, लेकिन जातिवादी नेता यह देखने-समझने को तैयार नहीं। हमारे समाज में तो केवल दो ही जातियां होनी चाहिए-अमीर एवं गरीब और उनका ही पता लगाया जाना चाहिए।कांग्रेस हो या फिर समाजवादी पार्टी अथवा राष्ट्रीय जनता दल जैसी पार्टियों के नेता एक तरफ तो यह जातीय जनगणना की बात करते हैं,लेकिन जब मुसलमानों में जातीय मतभेद को लेकर सवाल पूछे जाते हैं तो इनके मुंह पर ताले पड़ जाते हैं। क्योंकि मुसलमानों में जातीय भेदभाव से इनका वोट बैंक बंट जायेगा। राहुल गांधी जैसे अपरिपक्त नेताओं को समझना चाहिए की जातीय भेदभाव करके वह कुछ समय के लिये अपनी राजनीति को आगे बढ़ा सकते हैं,लेकिन हमेशा ऐसा होने वाला नहीं है। आम चुनाव में भी यही बात नजर आई है।

राजनीतिक रणनीतिकार अतुल मालिकराम

## समाज पानी तो फिल्टर कर पीता है लेकिन खून नहीं

कैदियों के प्रति समाज का नजरिया अपराधी या पीड़ित के बीच नहीं बंटा हुआ है। यह एक कटु सत्य है कि समाज के लिए एक कैदी सिर्फ अपराधी हो सकता है पीड़ित नहीं। यही सोच समाज पर भारी पड़ रही है और न केवल अपराध बल्कि अपराधियों को भी जन्म दे रही है।

भारतीय समाज में कैदियों के प्रति नजरिया हमेशा बेहद जटिल और असंवेदनशील रहा है। जेलों में बंद कैदियों को हमारा समाज सिर्फ एक घोर अपराधी के रूप में ही देखता आया है, भले उनपर अपराध साबित हुआ हो या नहीं। यह नजरिया ना केवल कैदियों के पुनर्वास को मुश्किल बनाता है बल्कि उनके जीवन को और भी अधिक कठिन बना देता है। जिससे वह खुद को समाज से अलग किए गए व्यक्ति के रूप में देखने लगते हैं। किसी छोटे गुनाह के लिए भी जब हमारा समाज एक बंदी को स्वीकार नहीं करता तो जाहिर तौर पर वह खुद को एक बहिष्कृत शख्स के रूप में देखने लगता है। निश्चित रूप से यह स्थिति उसे सही रास्ते पर लाने के बजाय गलत रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए मजबूर करती है। इस प्रकार समाज की अस्वीकृति और तिरस्कार से तंग व खिन्न आकर वह धीरे-धीरे छोटे गुनाह से बड़े गुनाह की ओर कदम बढ़ाने लगता है और एक समय ऐसा आता है जब वह एक बड़े अपराधी के रूप में हमारे समाज के सामने खड़ा होता है। निश्चित रूप से इसके लिए वह व्यक्ति तो जिम्मेदार है ही लेकिन समाज का तिरस्कार भी उसे एक बड़ा अपराधी बनने में अपनी 100 फीसदी भूमिका निभाता है। कहा जाता है कि यह समाज पानी तो फिल्टर कर-के पीता है लेकिन खून पीने में किसी प्रकार के फिल्टर का इस्तेमाल नहीं करता। यह कथन समाज की उस क्रूरता को भी दर्शाता है जिसमें वह किसी भी व्यक्ति को बिना किसी ठोस सबूत के अपराधी मान लेता है और उसे सजा देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना। समाज के दोहरे चरित्र और मापदंड के चलते कैदियों की स्थिति सही दिशा में बढ़ने के बजाय और भी दयनीय हो गई है।

कैदियों के प्रति समाज का नजरिया अपराधी या पीड़ित के बीच नहीं बंटा हुआ है। यह एक कटु सत्य है कि समाज के लिए एक कैदी सिर्फ अपराधी हो सकता है पीड़ित नहीं। यही सोच समाज पर भारी पड़ रही है और न केवल अपराध बल्कि अपराधियों को भी जन्म दे रही है। कैदियों के प्रति इस तरह का नकारात्मक दृष्टिकोण जल्द से जल्द बदलने की आवश्यकता है। एक सामाजिक और जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमें यह भी समझने की जरूरत है कि हर कैदी एक इंसान भी होता है और उसे भी जीने का अधिकार है। पुनर्वास की प्रक्रिया में सहयोग कर के एक बेहतर समाज के निर्माण को अंजाम देने की आवश्यकता है।

यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम प्रत्येक कैदी को एक नए अवसर देने के लिए तैयार रहें ताकि वह अपने जीवन को सुधार सकें और एक सम्मानित नागरिक के रूप में पुनः समाज का हिस्सा बन सके। कुल मिलाकर देखें तो यह पूरी तरह समाज की सोच और नजरिए पर निर्भर करता है कि वह एक अपराधी को अपराध के रास्ते पर आगे बढ़ाना चाहता है या उसे सुधारने में मदद करना चाहता है। हमें अपनी सोच को बदलने की जरूरत है ताकि एक न्यायपूर्ण और दयालु समाज का निर्माण किया जा सके।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। अपनी सकारात्मक सोच को सार्थक कामों में लगायेंगे तो आपकी रचनातमक प्रतिभा सबके सामने खुलकर आएगी, लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ जायेगा। आज घर पर किसी चीज की मरम्मत करानी पड़ेगी। महिलाओं को घर के कार्यो से राहत मिलेगी। आज आपका आर्थिक पक्ष अच्छा रहेगा। शाम का समय भाई बहनों के साथ हँसी-मज़ाक में बितेगा। जीवनसाथी से आज आपको कोई खुशखबरी मिलेगी। जीवन में चल रही समस्यायें खत्म होंगी।

वृष राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र में आपके सहकर्मी और सीनियर आपकी परफॉरमेंस से खुश रहेंगे और आपकी तारीफ करेंगे। आज जिस बड़े लक्ष्य को पूरा करने की इच्छा है, उससे संबंधित रास्ता मिलेगा। आपके काम पर अंतिम परिणाम निर्भर करेगा। परिवार में चल रही समस्या को तुरंत सुलझाने की कोशिश करेंगे। समय का सही इस्तेमाल करके काम पूरा करें। आज सभी जरुरी काम आसानी से पूरा कर लेंगे। पिता ने व्यापार में जो जिम्मेदारिया दी हुई हैं उसे आप आसानी से निभा लेंगें। परिवार में सभी आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। साथ ही आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने कार्य में सुधार करने में रहेगा। आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा। बिजनेस में कोई बड़ी सफलता हाथ लग सकती है। आज आप कुछ नया काम स्टार्ट करने की सोच सकते है, लेकिन शुरू करने से पहले अपनों से बड़ों की सलाह जरूर ले लें।पारीवारिक मामले में आज आपका निर्णय कारगर साबित होगा। आज आपका मन आध्यात्म में अधिक लग सकता है। आज किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकते हैं। आज हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

कर्क राशिः आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज इस बात का खास ख्याल रखें की दूसरों से तभी दोस्ती करें और अपनी बाते शेयर करें जब उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें और उसे भली-भांति समझ लें। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पिता अपके बिजनेस में आपका सहयोग करेंगे। लोग आपकी प्रशंसा करेंगे, जिसे आप हमेशा से सुनना चाहते थे। नवविवाहितों को आज घूमने जाने का मौका मिलेगा। बुजुर्गों की सेहत का ख्याल रखें। आज घर में अचानक कोई महत्वपूर्ण चीज वापस मिल जायेगी। जिसे पाकर आपका मन खुशी से झूम उठेगा।

सिंह राशिः आज का दिन फायदेमंद साबित होने वाला है। आज आपको पहले किये गये छोटे-मोटे कार्यो से भी पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा। सफलताएं छोटी ही सही लेकिन निरंतर बनी रहेंगी, इससे आपका सकारात्मक विचार बनेगा। ऑफिस के कार्यो को करते समय फोकस बनायें रखें। आपको जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे अपनी समझदारी से बखुबी निभायेंगें। जो लोग प्रॉपर्टी डीलर हैं उनका काम अच्छा चलेगा, और आपका रूका हुआ पूरा पैसा आपको वापस मिलेगा। सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी।

कन्या राशिः आज का दिन आपके जीवन में खुशियां लेकर आया है। आज बच्चों को करियर के मामले में कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। अपने से बड़ों की बातें गौर से सुनें, भविष्य में आपके लिए फायदेमंद रहेगी। युवाओ को बढ़िया नौकरी मिलने की संभावना बन रही है। कारोबार में तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। जो लोग राजनीति से जुड़े हुए हैं उन्हे पुराने किये गये कार्यो में वाहवाही मिलेगी। इलेक्ट्रोनिक सामान खरीदना चाहते है तो आज का दिन अच्छा है। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

तुला राशिः आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। करीयर को बढ़ाने मे किये गये प्रयासों के चलते लाभ होगा 7 आज अपने प्रिय व्यक्ति की निकटता से आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। संतान की सफलता के कारण, घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। बच्चे आज किसी जरुरी काम में अपनी माता की मदद मागेंगे। जिससे उनके काम पूरे होंगे। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा। रुका हुआ काम पूरा होगा आपको मानसिक शांति मिलेगी।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज रुका हुआ धन वापस मिलेगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। आज आप समाजिक कार्यों में सहयोग देने की सोचेंगे। आज परिस्थितियों को ठीक से देखेंगे तो हर एक समस्या को हल कर पाएंगे। आज आप उन लोगों से दूरि बनाएंगे, जो आपके सीधेपन का लाभ उठाते हैं। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा सुखद रहेगी। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को पढ़ाई-लिखाई में शिक्षकों से मदद मिलेगी। लवमेट के साथ कहीं घूमने जायेंगे। छात्रों को आज सफलता मिलेगी।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज ऑफिस में सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज आपको काम को आसान तरीके से करने का रास्ता मिल सकता है। नई योजना पर काम शुरू हो सकता है। परिवार की जिम्मेदारी सही तरीके से निभाएंगे, जिससे आपके मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। पैसों से संबंधित समस्याएं दूर होगी। जो काम कठिन है, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रभावशाली लोगों का साथ मिलेगा। बिजनेस को आगे बढ़ाने के बारे में आप किसी से विचार-विमर्श करेंगे।

मकर राशिः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अचानक हुए धन लाभ से आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। दांपत्य जीवन में और मधुरता आएगी। आज गलत विचारों को दूर करके खुद में सुधार करेंगे। आज क्रोध को नियंत्रित करने की कोशिश करें। आज आपको नए अवसर मिलेंगे। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। समाज में आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन बढ़िया है। व्यापार में आज वृद्धि होगी। किसी पुराने क्लाइंट से अच्छा खासा लाभ मिल सकता है।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका कोई रुका काम पूरा होने से मानसिक शांति मिलेगी। आप काम करने के नए तरीको पर विचार करेंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज अपनी इच्छा शक्ति के बल पर योजनाओं पर काम कर पाएंगे। अहंकार से बचना होगा। जो बातें आपको बेहतर बनाती हैं, केवल उन पर ध्यान दें और खुद को सुधारें। आज जितनी पक्की आप योजना बनाएंगे, सफलता मिलने की संभावनाएं उतनी ज्यादा होंगी। आज भाई बहन के बीच में चल रही अनबन खत्म हो जाएगी, आपसी रिश्ता मजबूत बनेगा।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीदारी करने मार्केट जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है मेहनत के अच्छे परिणाम आपको हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जायेंगे जहाँ आपके अन्य दोस्त भी होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार-विमर्श करना पड़ सकता है, शत्रु पक्ष आपकी योजनाओं से प्रभावित होंगे।

## स्वस्थ मसूड़े के लिए जरूरी है मेंटेन ओरल हाइजिन

डॉ. एम एस नवाज ने जानकारी देते हुए बताया ओरल हाइजिन (मौखिक स्वच्छता) क्या होता है कैसे बनाए रखें क्यों महत्वपूर्ण है

मुंह और दांतो को को साफ व सेहतमंद रख कर रोगों को दूर रखना ओरल हाइजिन कहलाता है दांतों की सड़न, मसूड़ों की बीमारियों और



मौखिक कैंसर सहित अधिकांश मौखिक स्वास्थ्य स्थितियों को केवल मौखिक स्वच्छता बनाए रखने से रोका जा सकता है। शरीर में बैकेट्रिया के परवेश करने के लिए हमारा मुंह सबसे आसान जरिया है और ऐसे में इन्फेक्शन होने पर व अन्य अंगों के लिए घातक साबित हो सकता है उन्होंने ने बताया की हर साल, 1 अगस्त को भारत में मौखिक स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो कि इंडियन सोसाइटी ऑफ पीरियोडोंटोलॉजी के संस्थापक डॉ. जीबी शंकवलकर की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के महत्व और कई बीमारियों को रोकने के तरीकों के बारे में जागरूकता फैलाना है। मौखिक स्वास्थ्य हृदय रोग और मधुमेह सहित कई जटिल बीमारियों का कारण बन सकता है।

**मसूड़ों का संक्रमणः** जिसे पीरियोडोंटाइटिस कहा जाता है, मसूड़ों में दर्द सूजन और रक्तस्राव की समस्या होती है उचित ब्रशिंग की कमी के कारण दांतों की सतह पर मौजूद प्लाक कैल्सीफाइड हो जाता है, जिससे कैलकुलस नामक कठोर टार्टर बनता है। प्लाक और कैलकुलस दोनों ही मसूड़ों के ऊतकों और हड्डी को नष्ट कर देते हैं। इसके लिए अच्छी डेंटल हाइजीन एक उपाय है लेकिन यदि ये बड़ा रूप ले लेती है तो कभी-कभी सर्जरी भी आवश्यक होती है।

**खराब मौखिक स्वच्छता से होने वाली समस्या**

**मधुमेहः**पेरिओडोन्टाइटिस मधुमेह पर बहुत ही बुरा असर डालता है क्योंकि यह शरीर की इंसुलिन का उपयोग करने की क्षमता को कम कर देता है जिससे ब्लड शुगर स्तर बढ़ जाता है।

**हृदय रोगः** दैनिक मौखिक स्वच्छता दिनचर्या का पालन करने के बाद मुख्य में उपस्थित एवम मुख्य के द्वारा शरीर में परवेश करने वाले हानिकारक बैक्टीरिया की संख्या काफी कम हो जाती है।खराब मौखिक स्वच्छता कुछ हानिकारक बैक्टीरिया जैसे स्टैफिलोकोकस ऑरियस और स्ट्रेप्टोकोकस पाइोजेन्स के विकास के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करती है, जो रक्तप्रवाह में प्रवेश कर सकते हैं और संक्रामक एंडोकार्डिटिस का कारण बन सकते हैं। हृदय की मांसपेशियों या वाल्व (एंडोकार्डियम) की आंतरिक परत का संभावित रूप से घातक संक्रमण है।

**दांतों की सड़नः** दांतों की सड़न सबसे आम दंत रोगों में से एक है ड्ट गर्भावस्था संबंधी जटिलताएंः पेरिओडोन्टाइटिस गर्भावस्था के दौरान होने वाली सबसे आम समस्याओं में से एक है, जिसका यदि प्रबंधन न किया जाए तो समय से पहले जन्म और जन्म के समय कम वजन वाले शिशु का खतरा बढ़ सकता है।

**नियमित मौखिक स्वच्छता -ब्रश करना :** हर व्यक्ति को अपने दांतों को दिन में दो बार आवश्य ब्रश करनी चाहिए

**फ्लॉसिंगः** फ्लॉस एक धागा होता है जिसका उपयोग (इंटरप्रॉक्सीमल) दो दांतो के बीच फसे भोजन के कणों और प्लाक को हटाने में मदद करती है।

समायिक

सुनील कुमार महला

# डिजिटल डिटाक्स आज की जरूरत है !



स्कूली बच्चों में विडियो गेम्स की लत स्वयं बच्चों के लिए व उनके परिवार के लिए बहुत ही घातक सिद्ध हो रही है। सच तो यह है कि आज के समय में जब हम संचार क्रांति के युग में सांस ले रहे हैं ,तब घंटों ऑनलाइन गेमिंग की लत बच्चों को मानसिक रूप से बीमार बना रही है। दरअसल, कोरोना महामारी के बाद से बच्चों को मोबाइल यूज करने की ज्यादा लत लग गयी है। कहना ग़लत नहीं होगा कि कोरोना महामारी(कोविड-19) के दौरान हुए लॉकडाउन की वजह से बच्चों की कोचिंग व स्कूल की ऑनलाइन क्लासेज लगने लगी और बच्चों को एंड्रॉयड मोबाइल फोन या टैबलेट या कंप्यूटर देना माता पिता और अभिभावकों के लिए मजबूरी बन गया था। बच्चों को मोबाइल मिलने की वजह से वे ऑनलाइन गेमिंग के आदि हो गए और मानसिक तौर पर बीमार होने लगे हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ज्यादा समय तक ऑनलाइन गेम खेलने वाले बच्चों के व्यवहार में उग्रता आ जाती है, जिसके बाद उनमें तनाव बढ़ने लगता है। कुछ मामलों में उनको दौरे तक भी पड़ने लगते हैं। आज मोबाइल गेम्स के चक्कर में बच्चे अभिभावकों का कहना तक नहीं मानते हैं, क्यों कि आनलाइन गेम्स उन्हें आनंद व खुशी की अनुभूति प्रदान करते हैं। मोबाइल छीनने पर वे उग्र, कभी कभी तो हिंसक भी हो जाते हैं। आनलाइन गेम्स खेलने से बच्चे जहां एक ओर पढ़ाई से दूर होने लगे हैं वहीं पर दूसरी ओर इससे उनकी आंखों, दिमाग पर भी प्रभाव पड़ता है। वास्तव में ऑनलाइन गेम्स खेलने के कारण बच्चों की आंखों की रौशनी कम होना, मोटापा, लीपर्ि़ग ड़िसऑर्डर, ड़िप्रेशन, अग्रेसिवनेस, एकाग्रता में कमी जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। बहरहाल, यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो एक सर्वे के मुताबिक, भारत के 40 प्रतिशत अभिभावकों ने माना था कि उनके बच्चे सोशल मीडिया इस्तेमाल करने, वीडियोज देखने और ऑनलाइन गेम खेलने के आदि हैं। इन बच्चों की उम्र 9 साल से 17 साल के बीच है। इस सर्वे में शामिल 49 प्रतिशत अभिभावक मानते हैं कि उनके 9 साल से 13 साल के आयुवर्ग के बच्चे रोजाना 3 घंटे से ज्यादा समय इंटरनेट पर बिताते हैं। वहीं, 47 प्रतिशत अभिभावकों का मानना था कि उनके बच्चे को ऑनलाइन गेमिंग, सोशल मीडिया और शॉर्ट वीडियोज देखने की बुरी लत लग गई है। सर्वे में भाग लेने वाले 62 प्रतिशत अभिभावकों का मानना है कि उनके 13 साल से 17 साल के बच्चे प्रतिदिन 3 घंटे से ज्यादा समय स्माटफोन पर बिताते हैं। हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे जिले से एक बहुत ही चौंकाने व दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां एक पन्द्रह वर्षीय बालक ने एक बहुमंजिला इमारत की चौदहवीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि नाबालिग ने कथित तौर पर ब्लूव्हेल चैलेंज गेम की लत के चलते यह खतरनाक कदम उठाया है। मीडिया के हवाले से खबर आई है कि जिस बच्चे ने चौदहवीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी वह ऑनलाइन गेम खेलने का आदी था। यह भी बताया जा रहा है कि मृतक लड़का पढ़ाई में बेहद अच्छा था और हाल ही में उसने अच्छे अंकों के साथ 9 वीं कक्षा पास की थी। पिछले कुछ महीनों से उसे ऑनलाइन मोबाइल गेम खेलने की लत लग गई थी। आज इंटरनेट व आनलाइन का जमाना है। बच्चे आनलाइन गेम्स के चक्कर में फंसकर अपनी जान से हाथ धो रहे हैं। बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है और वे इन आनलाइन गेम्स के चक्कर में फंसकर ऐसे खतरनाक कदम उठा रहे हैं, जिसके बारे में सोचकर भी किसी का दिल कांप उठता है। दरअसल,आज विभिन्न प्लेटफार्म पर ऐसे आनलाइन गेम्स उपलब्ध हैं और बच्चे इनका आसानी से शिकार बन जाते हैं। वे खेल के मैदानों में न जाकर इंटरनेट के माध्यम से वर्चुअल गेम्स में रचे-बसे रहते हैं। सोशल नेटवर्किंग साइट्स, इंटरनेट, एंड्रायड फोन ने जहां हमें बहुत सी सुविधाएं प्रदान कीं हैं, वहीं दूसरी ओर इनके बहुत से खतरे भी हैं। आज न तो अभिभावकों के पास अपने बच्चों के लिए समय बचा है और न ही बच्चों के पास अभिभावकों के लिए समय है। जिंदगी की आपाधापी में हम बच्चों को खेल के मैदानों से नहीं जोड़ पा रहे हैं और न ही आज पहले के जमाने की भांति दादी-नानी की कहानियां ही बची हैं। परिवार भी आज संयुक्त नहीं रहे हैं अथवा कम ही परिवार हैं जो संयुक्त बचे हैं और इसका खामियाजा कहीं न कहीं हम सभी को भुगतना पड़ रहा है। एकल परिवार में हम आपसी संवाद कम ही करते हैं और स्वयं में ही व्यस्त रहते हैं। किसी को भी आज देखिए, सब सोशल नेटवर्किंग साइट्स व्हाट्स एप, फेसबुक, इंस्टाग्राम यू-ट्यूब, ट्विटर, गेम्स, इंटरनेट पर भी व्यस्त नजर आते हैं। इस वर्चुअल दुनिया में हम रम-बस से गये हैं और हमें हमारे आसपास के वातावरण तक का भी ध्यान नहीं रहता है कि कहां, क्या और कैसे हो रहा है ? बच्चे अपने में मस्त रहते हैं और हम अभिभावक अपने में। आज हमें यह चाहिए कि हम अपने बच्चों का ध्यान रखें कि वे कब, कहां क्या कर रहे हैं और क्या नहीं। सच तो यह है कि पुणे में हुई घटना की और कहीं पर भी पुनरावृत्ति न होने पाएं इसके लिए हमें यह चाहिए कि हम अपने बच्चों को ऑनलाइन गेमिंग की लत से बचाने के लिए उनके रोज के खेल का समय सीमित करें, हमें यह चाहिए कि हम गेमिंग डिवाइस को सोने से पहले बेडरूम से हटा दें, और बेकार ऐप्स को डिलीट कर दें और बच्चों से स्ट्रेस-फ्री एक्टिविटीज करवाएं। बच्चों को खेल के मैदानों से जोड़ें, उनके साथ समय समय पर संवाद करें, उनकी समस्याओं को जानें, समझें, उन्हें समझाएं,उनकी समस्याओं का मिल बैठकर समाधान करें। आज विभिन्न सेलिब्रिटी, क्रिकेटर, बड़े बड़े अभिनेता, अभिनेत्री , फिल्मी दुनिया के सितारे आनलाइन जुए के विभिन्न एप्स का प्रचार करते नजर आते हैं। भारी भरकर प्रचार से आनलाइन गेम्स की लोकप्रियता लगातार बढ़ती चली जा रही है।आज हमें हर कहीं ऐसे विज्ञापन जरूर देखने को मिल जाएंगे जिसमें ये प्रचार किया जाता है, 'घर बैठे लाखों, करोड़ों रुपये कमाएं।' बच्चे इन सबके बारे में समझ नहीं पाते हैं, क्यों कि समयाभाव के कारण हम अभिभावक बच्चों पर पर्याप्त ध्यान नहीं रख पाते हैं और बच्चों को गाइडेंस का अभाव रहता है। यह बहुत ही चिंताजनक है कि आज कम कीमत पर मोबाइल फोन और कनेक्टिविटी मौजूद हैं और इसकी वजह से ऑनलाइन जुए की लोकप्रियता न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में फैल रही है। वास्तव में विडियो गेम्स से जहां एक ओर हमारा धन व समय बर्बाद होता है वहीं दूसरी ओर इससे व्यक्तिगत, सामाजिक, शैक्षिक और व्यावसायिक जिम्मेदारियों सहित दैनिक कामकाज पर भी बहुत ही नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वास्तव में अभिभावकों, माता पिता को आनलाइन गेम्स के जोखिमों के बारे में जानना चाहिए और बच्चों को इसके प्रति आगाह करना चाहिए। हमें अपने बच्चों को जानकारी देनी चाहिए कि ये गेम दूसरे लोगों के साथ ऑनलाइन खेले जाते हैं और खास तौर पर नशे की लत वाले होते हैं क्योंकि इनका कोई अंत नहीं होता। आज प्रतिस्पर्धा का युग है और वीडियो गेम डिजाइनर, विभिन्न कंपनियां, मुनाफा कमाने की कोशिश करने वाले किसी भी अन्य व्यक्ति की तरह, हमेशा ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को अपना गेम खेलने के लिए प्रेरित करने के तरीके खोजते रहते हैं। वे इन गेम्स को इतना चुनौतीपूर्ण बनाकर ऐसा करते हैं कि कोई भी बार-बार इन्हें खेलने के लिए आते रहें। आज का युग इंटरनेट का युग है, वर्चुअल दुनिया का युग है और आज हमारी नियमित दिनचर्या में प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग के साथ इंटरनेट, स्माटफोन और गेमिंग जैसी समान चीजों की लत अधिक सामान्य होती जा रही है। शराब और अन्य किसी ड्रग्स के विपरीत, व्यक्तियों को गेमिंग में अतिरिक्त समय बिताने के खतरों के बारे में चेतावनी नहीं दी जाती है या ऐसी लत के चेतावनी संकेतों का एहसास नहीं होता है और हम या हमारे बच्चे या कोई भी इनका अत्यंत आसानी से शिकार बन जाते हैं, यह बहुत ही चिंताजनक है।

वैसे अट्ठारह साल से कम बच्चों के लिए साइबर कानून बनाए गए हैं। इसके अनुसार 13 साल से कम उम्र के बच्चे सोशल मीडिया में शामिल नहीं हो सकते।इतना ही नहीं,16 साल से कम उम्र के बच्चे माता-पिता और अभिभावकों के संरक्षण में ही सोशल मीडिया पर सक्रिय हो सकते हैं। गेमिंग में पैसे का लेन-देन और कारोबार होता है, इसलिए इंडियन कांट्रेक्ट एक्ट, मिजोरिटी एक्ट और डेटा सुरक्षा के प्रस्तावित बिल के अनुसार 18 साल से ऊपर की उम्र के बच्चे ही वैध एग्रीमेंट कर सकते हैं।इसलिए गेमिंग कम्पनियों का 18 साल से कम उम्र के बच्चों के साथ कारोबार ग़लत और ग़ैर-क़ानूनी है।बहरहाल,आनलाइन गेम्स देश का भविष्य खराब कर रहे हैं। धन व समय तो बर्बाद हो ही रहा है। आज युवाओं की जिंदगी भी दांव पर लगी है। इसलिए अभिभावकों को यह चाहिए कि वह अपने बच्चों की गतिविधियों पर पर्याप्त ध्यान रखें, उन्हें ज्यादा से ज्यादा समय दें, उनकी समस्याओं को सुनें, उन्हें खेल के मैदानों से अधिकाधिक जोड़े। अधिकाधिक किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करें। किताबें सबसे अच्छी मित्र होती हैं, यह बच्चों को बताया जाए। बच्चों को दादा-दादी नाना-नानी, अभिभावकों से कहानियां,किस्से सुनाए जाएं। बच्चों के मनोरंजन की पर्याप्त व्यवस्था हो। ऊपर बता चुका हूं कि बच्चों को खेल के मैदानों से जोड़ें। बच्चे क्रिकेट , वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो जैसे आउटडोर गेम खेल सकते हैं या स्विमिंग, जिम, पेंटिंग और कुकिंग आदि भी कर सकते हैं। बच्चों को जो काम अच्छा लगता हो मतलब कुछ क्रिएटिव वो कर सकते हैं। ये एक्टिविटी बच्चों को ऑनलाइन गेमिंग से अपना ध्यान हटाने में मदद करेंगी। बच्चों को चिड़ियाघर, म्यूजियम, किसी ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक व किसी पर्यटन स्थल की सैर कराई जा सकती है, उन्हें पिकनिक पर ले जाया जा सकता है।

## एक नजर

### मुंशी प्रेमचंद भारतीय साहित्य के अमूल्य सर्जकः मीना

**महासमुंद।** जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) महासमुंद में मुंशी प्रेमचंद की 144वीं जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य मीना पाणिग्राही के मार्गदर्शन एवं साहित्यिक प्रभारी टेकराम सेन के संयोजन में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य मीना पाणिग्राही ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद भारतीय साहित्य के अमूल्य सर्जक थे। उनके साहित्य में भारत की कृषि, ग्रामीण व्यवस्था, नारी सशक्तिकरण एवं ग्रामीण परिवेश की झलक के साथ भारतीय संस्कृति की अमूल्य छाप दिखती है।

संगोष्ठी के दौरान छात्र अध्यापक जसवंत सिदार ने प्रेमचंद की उपनाम पर चर्चा, शीतल साय द्वारा बलिदान उपन्यास पर चर्चा, अमन लहरे द्वारा ईदगाह, भूमिका ध्रुव, लक्ष्मी ध्रुव, निर्मला, सेवा सदन एवं प्रियंका यादव द्वारा पंच परमेश्वर पर विस्तार से चर्चा की गई। उक्त विचार गोष्ठी की समीक्षा करते हुए सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान द्वारा अंग्रेजी भाषा में अनुवाद कर बताया गया। उन्होंने कहा कि आज के परिदृश्य में प्रेमचंद का साहित्य अत्यंत प्रासंगिक है। व्याख्याता राजेश चंद्राकर, उमादेवी शर्मा ने विचार रखते हुए कहा कि मुंशी प्रेमचंद की कहानियां एवं उपन्यास पाठकों के लिए हृदय स्पर्शी के साथ साथ प्रेरणादायी है। साहित्यिक प्रभारी व्याख्याता टेकराम सेन उनकी छोटी छोटी कहानियों का वर्णन करते हुए कहा कि ईट, गारों एवं पत्थर से इतिहास नहीं बनता इतिहास होता है। व्यक्तित्व एवं कृतित्व का मुंशी प्रेमचंद की रचनाएं भारतीय साहित्य का अमूल्य धरोहर है। इस अवसर पर प्रमुख रुप से सहायक प्राध्यापक के सिंग व्याख्याता, संतोष साहू, कमलेश पांडेय, दुर्गा सिन्हा, सुमन दीवान, किरण कन्नौजे, तिलोत्मा प्रधान, लक्ष्मी सिन्हा, ईश्वर चंद्राकर, झरना साहू, कार्यालयीन स्टाफ से सुनील साहू, आकांक्षा, प्रदीप, राधा साहू, योगेन्द्र पांडे, मीना साहू, गरिमा राजपूत, तरुण चंद्राकर, अजय, उदित, हीरामन सहित छात्राध्यापकगण उपस्थित थे। संचालन छात्राध्यापक समृद्धि साहू, प्रियंका यादव एवं आभार प्रदर्शन ईश्वर चंद्राकर ने किया।

### नक्सली शहीदी सप्ताह के दौरान माओवादियों के स्मारक ध्वस्त



**बीजापुर, 2 अगस्त।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 01/08/2024 को जिला बीजापुर से डीआरजी एवं बस्तर फाइटर की टीम थाना मद्देड़ क्षेत्रान्तर्गत बंदेपारा- कोरंजेड़ की ओर अभियान पर निकली थी अभियान के दौरान संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बन्देपारा में माओवादियों द्वारा बनाए गए 15- 15 फिट ऊंचाई के 02 माओवादी स्मारक को ध्वस्त किया गया क्षेत्र में सघन गश्त सर्चिंग है जारी है।

### जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक में 47 वन अधिकार पत्रों पर हुआ अनंतिम अनुमोदन

**बीजापुर, 2 अगस्त।** इस वर्ष का जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की प्रथम बैठक कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें तीन नवीन सदस्य जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बी पुष्पा राव, श्रीमती जानकी कोरसा एवं श्रीमती पार्वती कश्यप का स्वागत किया गया।बैठक में कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय, डीएफओ श्री रंगानाथा रामाकृष्णा, सहायक आयुक्त डॉ. आनंद सिंह सहित समिति के सभी सदस्यों द्वारा सर्व सहमति से 47 वन अधिकार पत्र का अनंतिम अनुमोदन किया गया तथा शेष औपचारिकता को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिया गया।शेष प्रकरणों पर शीघ्र ही इसी माह आगामी बैठक कर निर्णय लिया जाएगा इस हेतु अनुभाग स्तर पर प्रकरणों का अनुमोदन कर जिला स्तर पर शीघ्र भेजने के निर्देश दिया गया।

### चिंतावागु नदी पर पुल निर्माण बजटीय प्रावधान में शामिल

**बीजापुर, 2 अगस्त।** भोपालपटनम ब्लॉक के चिंतावागु नदी पर 8 करोड़ की लागत से पुल निर्माण बजटीय प्रावधान में शामिल है।कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने बताया कि शासन स्तर पर पुल निर्माण हेतु बजट में प्रावधान किया गया है, जिनकी लागत 8 करोड़ है। शीघ्र प्रशासकीय स्वीकृति हेतु सचिव लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखा गया है।

### लोहा लोड वाहन के पलटने से घंटों बाधित रहा राष्ट्रीय राजमार्ग



**पत्थलगांव, 2 अगस्त।** लोहा लोडकर जा रही भारी वाहन के पलटने से राष्ट्रीय राजमार्ग 43 घंटो तक बाधित रहा,बाद मे हाईड्रा की मदद से वाहन को किनारे किया गया,जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग मे आवागमन सुचारू हो सका। ग्राम भाटामुडा के समीप लोहा लोडकर रायगढ से अंबिकापुर जा रही वाहन क्रमांक सी.जी.15 डी.जेड 8740 वाहन बीच सडक पर पलट गयी,जिसके बाद वहा दोनो ओर गाडियों की लंबी कतार लग गयी। इस घटना मे चालक परिचालक सुरक्षित है। बताया जाता है कि घटना का अंदेशा लगते ही उन्होने वाहन से छलांग लगा दी थी,जिसके कारण उन्हे मामुली चोट लगी,परंतु बीच सडक पर वाहन के पलटने से राष्ट्रीय राजमार्ग बाधित हो गया था। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिती को अपने नियंत्रण मे रखा हुआ था।

# फैमिली कांवड़िया संघ 5 अगस्त को होगा रवाना

## बाबा के भक्त बोल बम जाने को तैयार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खरसिया,2 अगस्त।** फैमिली कांवड़िया संघ खरसिया प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 85 से कांवड़िया बंधुओ के साथ 05 अगस्त को अशोक अग्रवाल (पत्रकार), सुनील बंसल एवं सुभाष पप्पू (ठेकेदार) के नेतृत्व में साउथ बिहार एक्सप्रेस से रवाना होंगे। फैमिली कांवड़िया संघ खरसिया का यह लगातार 36वां वर्ष है। जिसमें खरसिया के अलावा रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, चांपा, नैला, अंबिकापुर, लैलुंगा, पत्थलगांव, कांसाबेल, घरघोड़ा, रायगढ़, झारसुगड़ा एवं बरगढ़ से बोल बम कांवड़िया भक्त शामिल होंगे।

फैमिली कांवड़िया संघ के अशोक अग्रवाल (पत्रकार) ने बताया कि इस वर्ष हमारे कांवड़िया संघ के साथ भारत के प्रसिद्ध भजन गायक शिवम वैष्णव अपनी पूरी मिजिशियन टीम एवं साउण्ड सिस्टम के साथ बाबा के भजनो से सभी कांवड़िया बंधुओ को नचाने उपस्थित रहेंगे। हमारे सभी बम साथी सुल्तानगंज से गंगाजल उठाकर लगभग 100 कि.मी. की यात्रा बोल बम बोल बम के नारे के साथ पूरी करते है और बाबा बैद्यनाथ का गंगा जल से अभिषेक करते है। इसके पश्चात सभी बाबा बासुकीनाथ धाम जाकर भी जल चढ़ाते है। खरसिया क्षेत्र से अनेकानेक बाबा के भक्त विभिन्न दलो के माध्यम से जाकर प्रत्येक वर्ष बाबा को जलार्पण करते है और बाबा बैद्यनाथ अपने सभी भक्तो की मनोकामना पूर्ण करते है। पवित्र श्रावण मास में चारो ओर बोल बम के नारो की धूम मची हुई है। हर कोई भक्त कही न कही सोमवार के दिन बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ा कर प्रसन्न करता है एवं अपने मनोरथ पूर्ण करवाता है।

# महतारियों का हो रहा सम्मान, रक्षाबंधन से पहले महतारी वंदन योजना की 6वीं किस्त जारी:योगेश्वर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद,2 अगस्त।** गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश की महिलाओं को सौगात देते हुए महतारी वंदन योजना की 6वीं किस्त जारी की। प्रदेश की 70 लाख से अधिक महतारियों को योजना के तहत करीब 655 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई। इस पर महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि प्रदेश की सत्ता में काबिज हुई विष्णुदेव सरकार निरंतर मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है। राज्य में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार विकास के नए आयाम गढ़ रही है। सुशासन, समृद्धि और विकास के नए आयाम गढ़ने का संकल्प लेकर राज्य सरकार कार्य कर रही है। राज्य के हर वर्ग के लोगों के लिए योजना बनाकर उन्हें लाभ पहुंचाया जा रहा है।



महतारी वंदन योजना इसका बहुत बड़ा उदाहरण है। मार्च 2024 से प्रदेश की महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है। प्रतिमाह उनके बैंक खाते में एक हजार रुपए पहुंच रहे हैं। इस बार 01 अगस्त को राशि जारी की गई है। इससे माताओं को रक्षाबंधन से पहले सौगात मिली है। साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महतारी वंदन ऐप का भी शुभारंभ किया। इस ऐप के माध्यम से महिलाओं को हर महीने राशि किस खाते में मिली आदि जानकारी आसानी से मिल सकेगी। इसके अलावा महिलाएं इस ऐप के जरिए शिकायतें भी भेज सकती हैं। वहीं निराकरण की स्थिति भी देख सकती है। सरकार द्वारा योजनांतर्गत समय-समय पर जारी होने वाले दिशा-निर्देशों की सूचना भी मोबाइल ऐप के माध्यम से मिल सकेगी।

#### सबके लिए संकल्पित सरकार

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार के इस डबल इंजन की सरकार ने राज्य में विकास की नई गाथा लिख रही है। कृषक उन्नति योजना से किसान खुशहाल हो रहा है। गरीबों को पक्के मकान मिल रहे हैं। युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर बनाए जा रहे हैं। नक्सलियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर बस्तर को नक्सल मुक्त कराने का कार्य किया जा रहा है। इस प्रकार विष्णुदेव के नेतृत्व वाली सरकार राज्य के हर वर्ग के लिए काम कर रही है।

### मकान मालिक गये थे तीर्थ यात्रा, चोरों ने सोने के जेवरात की कर ली चोरी

**पत्थलगांव, 2 अगस्त।** मकान मालिक घर पर ताला लगाकर तीर्थ यात्रा करने निकले थे,जब वापस आकर देखे तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाने पर कमरे एवं अलमारी का ताला टूटा देखकर उनके होश उड गये। अज्ञात चोरो ने पुराना बर्फ फैक्ट्री गली मे रहने वाले पिंटु अग्रवाल पिता गणेश प्रसाद अग्रवाल के यहा से लगभग छः लाख रूपये के सोने चांदी के जेवरत एवं डेढ लाख रूपये नगद चोरी कर लिए। घटना बुधवार की देर रात को शहर के हदय स्थल पुराना बर्फ फैक्ट्री गली मे घटित हुयी है,यहा रहने वाले पिंटु अग्रवाल चार दिन पहले ही बनारस,अयोध्या की तीर्थ यात्रा पर निकले थे। वे गुरूवार की देर रात लगभग 1 बजे तीर्थ यात्रा कर अपने निवास वापस लौटे,उस दौरान उन्हे बाहर के मेन गेट का ताला टूटा मिला।

# विकसित छत्तीसगढ़ बनाने का सपना जल्द ही साकार होगा:संदीप



**महासमुंद,2 अगस्त।** जनसमस्या निवारण पखवाड़ा अंतर्गत शहर के विभिन्न वार्डों में शिविर का आयोजन सतत जारी है। बड़ी संख्या में नागरिक अपनी मांग व समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंच रहे हैं। जिनका विधिवत निराकरण की त्वरित पहल की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को महासमुंद के वार्ड क्रमांक 6,8,9 एवं 11 के नागरिकों के मांगों व स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए शिव चौक नयापारा में जनसमस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया गया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि संदीप दीवान, पार्षद देवीचंद राठी, महेंद्र जैन, हफीज कुरैशी, माधवी सिक्का, हरबंश सिंह, महेंद्र सिक्का, मोहन बावनकर, सुनीता साहू, फगुवा पटेल, गोपाल वर्मा, हेमकांति ठाकुर, अरविंद प्रहरे, सारिका यादव सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि दीवान ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में केंद्र सरकार के सहयोग से डबल इंजन की सरकार चल रही है। विकास के रास्ते में आगे बढ़ते हुए समृद्ध और विकसित राज्य बनाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में सुशासन स्थापित करने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं। स्वर्णिम छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने जनहितकारी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज सभी महिलाओं को बधाई, क्योंकि आज ही महतारी वंदन योजना की छठवीं किस्त उनके खातों में पहुंच रही है। उन्होंने उपस्थित जनों से अपील करते हुए कहा कि विकास की हर संभावनाओं को पूरा करने के लिए सब मिलकर विकसित छत्तीसगढ़ राज्य बनायेंगे।शिविर को पार्षद देवीचंद राठी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनता की 27 समस्याओं के समाधान के लिए मोर संगवारी एप्प लांच किया गया है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल संदर्भ योजनांतर्गत 12 बच्चों को मेडिकल किट वितरण किया गया। साथ ही महतारी वंदन के हितग्राहियों को एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत फलदार पौधों का वितरण किया गया।मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, पेयजल, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग से संबंधित आवेदनों के अलावा शिविर में जन्म-मृत्यु, शहरी आजीविका मिशन, समाज कल्याण, महिला बाल विकास, भवन अनुज्ञा, सामाजिक पेंशन, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण आदि से संबंधित 355 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जिसमें वार्ड नंबर 6 अंतर्गत मांग के 119 व 3 शिकायत, वार्ड नंबर 8 अंतर्गत 107 मांग व 05 शिकायत संबंधी, वार्ड नंबर 9 अंतर्गत मांग के 36 व एक शिकायत तथा वार्ड नंबर 11 अंतर्गत 81 मांग व 03 शिकायत सम्बंधी आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने शिविर में पहुंचे सभी आवेदकों से आवेदन पत्र लेकर उनके मांगों एवं समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जनप्रतिनिधियों द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# हिस्ट्रीशीटर अजय सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आदिवासी समाज लामबंद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 2 अगस्त ।** हिस्ट्रीशीटर अजय सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 5 हजार से ज्यादा आदिवासी समाज के लोग गुरुवार को जिला मुख्यालय में जुटे थे। रैली को जिले में निवासरत विभिन्न समुदाय का समर्थन भी मिला था।

सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने बताया कि भैरमगढ़ निवासी हिस्ट्रीशीटर अजय सिंह द्वारा अपने हथियारबंद सुरक्षा बल के साथ 16 जुलाई को बोरिंग पारा (पेरमा पारा) भैरमगढ़ निवासी आदिवासी युवक प्रकाश पांडे को 15 लाख रुपये की मांग के साथ जातिगत अप?मान जनक गाली और जान से मारने की धमकी दी गई। इसके साथ ही पास के क्रेसर प्लांट के काम करने वाले मुंशी तथा क्रेसर मालिक को अपमान जनक जातिगत गाली देते हुए वहाँ रखे मशीनों में आग लगाने की कोशिश की गई थी। जिसकी लिखित शिकायत पीड़ितों द्वारा 17 जुलाई को भैरमगढ़ पुलिस थाने में की गई थी। पीड़ितों की शिकायतों के बाद भी हिस्ट्रीशीटर अजय सिंह पर न कोई कार्रवाई की गई और न ही गिरफ्तार किया गया। अजय सिंह द्वारा लगातार सोशल मिडिया में अनर्गल बयान बाजी और सामाजिक पदाधिकारियों की झूठी शिकायतें कर भय का माहौल बनाया जा रहा है। इसके पूर्व भी अजय सिंह पर आदिवासी युवक जेम्स कुड़ियम को बीच सड़क में अपमान करने के उद्देश्य से मारपीट करने के आरोप लगे हैं इसके साथ ही लगातार आदिवासी और गैर आदिवासी जनप्रतिनिधियों पर अनर्गल आरोप लगा कर अपमान और परेशान करने, जिले के अधिकारी कर्मचारियों डराने, धमकाने तथा जान से मारने की कोशिश के आरोप लगे हैं। हिस्ट्रीशीटर अजय सिंह पर 25 से ज्यादा अपराधिक मामले दर्ज होने के कारण पूर्व में जिला बदर की कार्रवाई भी की गई थी।जग्गूराम तेलामी ने बताया कि समाज द्वारा राज्यपाल के नाम बीजापुर कलेक्टर को यहां कि सामाजिक समरसता को बाधित करने वाले हिस्ट्रीशीटर अजय सिंह पर तत्काल कार्रवाई करते हुए अविलंब गिरफ्तार करने की मांग करते हुए कहा कि गिरफ्तार नहीं होने पर 7 अगस्त को पूरे बस्तर संभाग में अजय सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी तथा आगामी 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर सभी ब्लाक मुख्यालयों विरोध दर्ज कराया जाएगा और भैरमगढ़ थाने का घेराव किया जाएगा। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।रैली निकाले जाने से पूर्व नए बस स्टैंड में आम सभा आयोजित की गई जहां संभागीय नेतृत्व के अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, बस्तर जिला अध्यक्ष गंगा नाग, बस्तर महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रुकमणी कर्मा, सीताराम मांझी, महार समाज अध्यक्ष सुरेश चंद्राकर सहित अन्य पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित किया।जिसके बाद संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली की शुरुआत की गई। रैली मुख्य मार्ग से गुजरते कलेक्टर कार्यालय पहुंची जहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। आक्रोशित समाज प्रमुखों ने कलेक्टर को ही ज्ञापन देने की बात पर अडिग थे जिसके बाद 10 सदस्यीय दल को प्रशासन ने कलेक्ट्रेड परिसर में प्रवेश दिया।जहां कलेक्टर अनुराग पांडेय ने समाज प्रमुखों को आस्वस्त किया कि जिले में कानून का ही राज होगा। सम्बंधित पर कार्रवाई के लिए पुलिस द्वारा प्रयाप्त साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जल्द कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने सरकार की विभिन्न योजनाओं में आदिवासी समुदाय की भागीदारी बढ़ाने आदिवासी युवकों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने आव्हान किया गया। इस दौरान बस्तर संभाग के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने कलेक्टर को आदिवासी समाज के ओर से पगड़ी बांध कर सम्मान किया गया।

# नगरपालिका के वार्डों में जनसमस्या निवारण शिविर लगाए जा रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 2 अगस्त ।** जन समस्या निवारण पखवाड़ा में नगर वासियों का जन सैलाब भारी मात्रा मे लगातार उमड़ने लगा है। पखवाड़ा शिविर में सबसे अधिक महिलाओं की संख्या देखने को मिला। पखवाड़ा शिविर में मांग, शिकायत और अन्य में से सबसे अधिक वार्ड वासियों ने मांग के तहत घर -बाड़ी का पट्टा के लिए आवेदन किया।

नगर पालिका परिषद् बीजापुर अंतर्गत जन समस्या निवारण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत दिनांक 01/08/2024 दिन गुरुवार को जैतालुर रोड स्थित हल्बा समाज भवन में शिविर का आयोजन किया गया , जिसमे वार्ड क्रमांक 05,06,07 एवं 08 के नागरिक अपनी मांग एवं समस्या लेकर शिविर स्थल में पहुचे , उपरोक्त जन समस्या समाधान शिविर के तहत नागरिको के द्वारा नविन नल कनेक्शन , पेंशन , जन्म मृत्तु प्रमाण पत्र, गली सडक , नाली निर्माण , साफ सफाई से सम्बंधित कार्यो , हेतु मांग किया जा रहा है ,साथ ही साथ संपत्ति एवं समेकित कर का भी भुगतान किया जा रहा है , जन समस्या समाधान शिविर में स्थानीय नागरिको की समस्या एवं मांगो का त्वरित निराकरण करने का प्रयास भी किया जा रहा है , इसके अतिरिक्त नागरिको का स्वास्थ जांच भी शिविर स्थल में स्वास्थ विभाग के सहयोग से किया जा रहा है ,जन समस्या समाधान शिविर के प्रारंभ से अब तक कुल 627 आवेदन विभिन्न मांग एवं समस्या हेतु प्राप्त हुए है , जिनके निराकरण की कार्यवाही भी निरंतर की जा रही है , उपरोक्त शिविर में नगर पालिका प्रेसिडेंट श्री बेनहूर रावतिया , पार्षद नन्द किशोर राणा , घासी राम नाग , संजय रिवानी , लछ्मन कदती एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए

### बीजादूतीर स्वयंसेवक जानकी चेरपा के सहयोग से परिवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से मिला 2 लाख का लाभ



**बीजापुर 2 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के सफल मार्गदर्शन मे बीजादूतीर कार्यक्रम संचालन किया जा रहा है। भोपालपटनम ब्लॉक के आवास पारा भट्पल्ली ग्राम की महिला तलाण्डी नागुबाई जो की लंबे समय से लकवा बीमार से ग्रसित थी। बीजादूतीर स्वयंसेवक जानकी चेरपा तलाण्डी नागुबाई के घर गृह भेट कर शारीरिक व मानसिक स्वास्थय एवं खान पान की सलाह देने पहुंची । परिवार के लोगों से चर्चा के दौरान पता चला की घर की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब है एवं नागूबाई के लकवा से बीमारग्रस्त अवस्था के कारण परिवार के लोग मानसिक तनाव व परेशानियों से ग्रस्त हैं ऐसे स्थिति मे निजी अस्पताल में इलाज कराना संभव नही था परिवार जन नागुबाई का इलाज नजदीकी स्वास्थय केंद्र के परामर्श से करवा रहे थे। स्वयंसेवक जानकी चेरपा ने स्वास्थय एवं मानसिक तनाव नही लेना और खान पान करने की उचित सलाह देते हुए परिवार जनों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के बारे में बताया। परिवार के सदस्य योजना के बारे में और आवेदन करने की प्रक्रिया भी नही जानते थे उन्हे जानकी चेरपा ने बताया की 436 रुपए मात्र से आप प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ ले सकते हैं और किसी भी स्थिति में मुत्यु होने पर 2 लाख तक लाभ मिल सकता है । जानकी चेरपा ने बीमार अवस्था के दौरान ही 45 वर्षीय तलाण्डी नागुबाई का फॉर्म भरवा दिया। एक माह के बाद तलाण्डी नागुबाई की मृत्यु हो गयी। स्वयंसेवक जानकी चेरपा ने मृत्यु संबंधी सभी दस्तावेज तैयार कर भारतीय स्टेट बैंक भोपालपटनम में क्लैम् किया। नॉमिनि शशिकला का बैंक एकाउंट नही होने के कारण पैसे का ट्रांजेक्शन नही हो रहा था इस दौरान शशिकला का खाता खुलवाने में सहयोग किया जिससे कुछ ही दिनों के बाद मृतक नागुबाई की पुत्री नॉमिनि शशिकला तलाण्डी के खाते में 2 लाख रुपए बैंक के ओर से मिला । 2 लाख का लाभ मिलने से घर की आर्थिक स्थिति को सुधार करने में सहयोग मिला। बीमा से मिले प्राप्त राशी से शशिकला ने अपने घर का मरम्मत करवाने में उपयोग किया एवं घर की आवश्यकता हेतु साइकल, मोबाइल कि खरीदी की । बीजादूतीर स्वयंसेवक जानकी चेरपा के प्रयासों से परिवार को 2 लाख की आर्थिक मदद मिली । जिला प्रशासन महिला एवं बाल विकास विभाग यूनिसेफ एवं छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति के संयुक्त रूप से बीजापुर जिलें में बीजादूतीर कार्यक्रम से जुड़े कई युवा युवती सामाजिक स्तर पर लोगों को सहयोग करने का कार्य सेवा भाव से निरंतर कर रहें हैं।

### टीबीमुक्त बीजापुर की ओर बढ़ते कदम

**बीजापुर 2 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत विश्व स्वास्थ्य संगठन (ड्ब्ल्ह) 2030, भारत शासन 2025 तक क्षय मुक्त करने के लक्ष्य को ध्यान रखते हुए, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मार्च 2023 को वाराणसी में आयोजित विश्व टीबी दिवस कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने हेतु पहल की गई है। भारत सरकार ने पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने हेतु जिला क्षय उन्मूलन केन्द्र बीजापुर शासन की महत्वकांक्षी कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालन करने में जिला बीजापुर के सामुदायिक सहभागिता और प्रभावी स्वास्थ्य सेवाओं के परिणाम स्वरूप जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं केन्द्रीय टीम द्वारा सत्यापन उपरांत भारत सरकार ने बीजापुर जिले के कुल 167 ग्राम पंचायतों में से 25 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया है। (तोयनार, पदेड़ा, तोड़का, मर्रामेट्टा, बडे तुंगाली, दरभा, केतुलनार, कोशलनार, कुटरू, माटवाड़ा, तोयनार, बडेकाकलेर, अर्जुनाल्ली, चेरपल्ली, सेण्ड्रापल्ली,पामगल, कोत्तापल्ली, मिनकापल्ली, संकनपल्ली, तिम्मापुर, पुतकेल, मल्लेपल्ली, गगनपल्ली, गलगम, कोण्डापल्ली) टीबी उन्मूलन के इस अभियान को सफल बनाने में जिले के स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग एवं जिला प्रशासन का सामूहिक प्रयास रहा।क्षय (टी.बी.) रोग का समय पर जांच एवं पूर्ण ईलाज होने पर क्षय रोग पर जीत आसान है, इसका जांच एवं ईलाज शासन के द्वारा समस्त शासकीय अस्पतालों में पूर्णतः निःशुल्क है। साथ ही क्षय रोग के मरीजों को शासन के द्वारा प्रोत्साहन राशि के रूप में राशि 750.00 एवं पोषण आहार के रूप में प्रति माह राशि 500.00 रू. बैंक खाते के माध्यम से भुगतान किया जाता है। क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को विशेष ध्यान रखते हुए कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के नेतृत्व में सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, सीएमएचओ डॉ.बी.आर.पुजारी के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. राजेन्द्र रॉय, श्री राजीव रंजन मिश्रा (डी.पी.एम.), 2025 से पहले जिला बीजापुर को क्षय मुक्त करने के लिए समर्पित है।

### बालम मंच पर साहित्य एवं संगीत की प्रतिभाओं का समागम



**बीजापुर 2 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर के साहित्यकारों एवं कला संगीत की प्रतिभाओं को तराशने एवं उन्हें उपयुक्त मंच देने के लिए बालम नामक मंच की परिकल्पना जिले के कवि बीरा राजबाबू एवं उनके साथी गायक सुजीत मजूमदार ने मिलकर किया। बालम संक्षिप्त नाम है जिसका पूरा नाम बीजापुर आर्ट लिटरेचर एंड म्यूजिक है। 31 जुलाई को मुंशी प्रेमचंद जी की 144 वीं जयंती एवं मोहम्मद रफी साहब की 44 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक शाम मुंशी प्रेमचंद एवं मोहम्मद रफ़ी के नाम का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पटवारी सदन में किया गया संध्या 7ः00 बजे से लेकर रात्रि 9ः30 बजे तक चले इस कार्यक्रम में सभी ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी एवं उपस्थित श्रोतागण ने भरपूर आनंद लिया। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना किया गया और कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। बीरा जी ने मुंशी जी एवं रफ़ी साहब के जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला।स्थानीय कवि अमितेश तिवारी ने मां मेरी अभिव्यक्ति के हित ज्ञान के भंडार दे दो के शब्दों से मां सरस्वती की स्तुति की और व्यंग रचना चासनी से डर शक्कर जहर लगता है बीमार हैं वो जिन्हें धर्म कहर लगता है की प्रस्तुति से सभी की तालियां बटोरी। जिले के नामचीन गायक योगेश जुमने ने मोहम्मद रफी साहब की आज मौसम बड़ा बेईमान है एवं मैं एक राजा हूं तू एक रानी है के गीतों से शमा बांधा । वेदांत जुमने ने चौधरी का चांद हो या आफताब हो गाकर दिल जीत लिया ।सुजीत मजूमदार ने हो रहेगा मिलन हमारा तुम्हारा बैजू बावरा फिल्म का गीतकर झूमने पर मजबूर किया।दुर्गेश साहू ने आज की युवा पीढ़ी पर व्यंग्य करते हुए छत्तीसगढ़ी में नशे पर शेरो शायरी की एवं छत्तीसगढ़ महतारी का यशगान किया । राजीव रंजन मिश्रा ने अपनी पत्नी पर रचना करते हुए पहले मरना तुम पीछे से मैं आऊंगा एवं कैसा है दांपत्य तुम्हारा जैसे कविताओं को प्रस्तुत कर सभी को गुदगुदाया। जगदीश झाड़ी ने आज पुरानी राहों से कोई मुझे आवाज ना दे गाकर महफिल को पुराने दौर में लेकर गए एवं स्वरचित गजल तुम्हे सामने बिठाकर दीदार चाहता हूं की बेहतरीन प्रस्तुति दी । पुरुषोत्तम चंद्राकर ने बीजापुर जिले की पीड़ा को अपने गीत के माध्यम से सामने रखा सिसकियां लेती है मैंना पहाड़ों के उन चोटों से यह है अपना बीजापुर जैसे गीत से माहौल को गंभीर बनाया। साथ ही निशांत झाड़ी ने दीवाना हुआ पागल सावन की घटा छाई जैसे गीत से तालियां बटोरी। जीवनलाल साहू ने रामेश्वर वैष्णव जी की छत्तीसगढ़ी गीत गांव की जिंदगी मां संगीत भरे हैं सुनाकर सभी ने वाह वाही लूटी। संतोष एंड्रिक ने खोया खोया चांद खुला आसमान की मनमोहक प्रस्तुति दी । डॉ. नीलकंठ जोशी ने हां तुम मुझे यूं भुला न पाओगे जैसे सदाबहार गीत को गाकर महफिल को और खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों ने भी बारी-बारी से कार्यक्रम के बारे में अपनी बात रखी एवं श्रोता बनकर आए डिप्टी कलेक्टर गीत कुमार सिन्हा ने छत्तीसगढ़ी गीत छैयां भुईयां ला छोड़ जवैयां तैं फिराबे कहां रे की मनमोहक प्रस्तुति देकर पूरा महफिल लूट लिया।कार्यक्रम का संचालन राजबाबू बीरा ने शेर शायरी से माहौल बनाकर किया ।एवं अपने जीवन के हिस्से का कर्ज लिखता हूं कभी खुद का कभी औरों का दर्द लिखता हूं , तथा एक बड़ा कवि होने का मतलब है पागल हो जाना गजल प्रस्तुत कर तालियां बटोरी श्रृंगार रस से सराबोर तुम कौन हो नाजनीन क्या चांद के पार से आई हो जैसे शेर पढ़कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# सेवानिवृत्त सहायक उप निरीक्षक नेतराम पटेल को दी गई विदाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 2 अगस्त।** थाना प्रांगण सिमगा में आज गुरूवार को सेवानिवृत्त सहायक उप निरीक्षक नेतराम पटेल का विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे ने नेतराम पटेल के उज्जवल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनका विभाग के प्रति किए गए उल्लेखनीय कार्यो की प्रशंसा करते हुए उन्हें शाल एवं श्रीफल से सम्मानित कर उपहार भेंट किया। थाना प्रभारी ने बताया कि नेतराम पटेल पुलिस विभाग मे 09 सितंबर 1991 को आरक्षक के पद पर भर्ती हुए तथा 31 जुलाई 2024 को सेवानिवृत्त हुए। वे पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना रायपुर में पदस्थ रहे।

तत्पश्चात 12 अगस्त 2013 को सहायक उप निरीक्षक के पद पर सिमगा थाना में पदस्थ हुए और सिमगा थाना के लिमतरा चौकी प्रभारी के पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इससे पूर्व पटेल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में थाना भाटापारा शहर, सुहेला, हथबंद, सिमगा तथा अभी वर्तमान में प्रभारी अधिकारी पुलिस सहायता केंद्र लिमतरा सिमगा में कार्यरत थे। इस दौरान सहकर्मीयों ने भी पटेल का सम्मान करते हुए पुलिस विभाग में उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए पुलिस विभाग को हमेशा मार्गदर्शन करते रहने निवेदन किया। प्रेस क्लब सिमगा द्वारा भी पटेल का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी योगिता बाली खापर्डे, एएसआई कुरैशी, एएसआई मार्कंडेय, यातायात प्रभारी नरेश कुमार कांगे, प्रधान आरक्षक संतोष वर्मा, प्रेस क्लब से राकेश श्रीवास, रिंकु लाल, योगेश ताम्रकार, सतीष जैन, विरेन्द्र ताम्रकार, देवेन्द्र जैन सहित पुलिस स्टाफ मौजूद थे।

## समाचार संक्षेप

### स्काउटिंग का प्रतिबिंब है स्कार्फ : सिन्हा

**छुरा, 2 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्काउटिंग स्वालंबन की सीख देता है। स्काउटिंग अनौपचारिक शिक्षा का एक रूप है जो कैंपिंग, वुडक्राफ्ट, जलीय विज्ञान, लंबी पैदल यात्रा, एडवेंचर, बैकपैकिंग, हाइकिंग, पायनियरिंग और खेल जैसे बाहरी गतिविधियों के माध्यम से युवाओं के शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक और आध्यात्मिक विकास पर केंद्रित है। स्काउटिंग आंदोलन के रूप में भी जाना जाता है। स्काउटिंग की पहचान विशेष वर्दी होता है जिसका उद्देश्य सामाजिक प्रतिष्ठा के सभी मतभेदों को दूर कर समानता प्रदान करना है। स्काउटिंग आंदोलन में स्कार्फपहनाना सम्मान का प्रतीक माना जाता है। सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं वरिष्ठ स्काउट मास्टर के.आर. सिन्हा ने वर्ल्ड स्कार्फडे की बधाई और शुभकामना प्रेषित करते हुए कहा कि स्काउटिंग के संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल के द्वारा वर्ष 1907 में 1 अगस्त से इंग्लैंड के ब्राउन सी द्वीप में आयोजित प्रथम कैंप की तिथि को स्मरण रखने के लिए वर्ल्ड स्कार्फडे मनाया जाता है।वर्तमान में पूरे विश्व के 216 से अधिक देशों में स्काउटिंग आंदोलन संचालित है। स्कार्फ स्काउटिंग यूनिफॉर्म का अनिवार्य अंग होने के साथ-साथ आपदा की परिस्थिति में स्काउट के लिए बहु उपयोगी है। सिन्हा ने आगे कहा कि स्काउटिंग आंदोलन का मूल उद्देश्य नवयुवकों के विकास में एक तरह योगदान करना है। जिससे उनकी पूर्ण शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक तथा आध्यात्मिक अंतःशक्तियों की उपलब्धि हो।वे व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार नागरिक के रूप में तथा स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सदस्य के रूप में उपयोगी सिद्ध हो सके।विदित हो कि वरिष्ठ स्काउट मास्टर के.आर. सिन्हा के कुशल मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और नेतृत्व में कई स्काउट-गाइड राष्ट्रपति व राज्यपाल अवार्ड से सम्मानित हो चुके हैं।



### खाद्य विभाग की टीम ने दुकानों में दबिश देकर 14 नग घरेलू गैस सिलेंडर किए जब्त

**बलौदाबाजार, 2 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में खाद्य विभाग द्वारा घरेलु एवं वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के अवैध भण्डारण पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को प्रभारी जिला खाद्य अधिकारी अमित शुक्ला के नेतृत्व में बलौदाबाजार नगर के दुकानों में दबिश देकर अवैध रूप से भण्डारण किया गया 14 नग भरे हुए घरेलु गैस सिलेंडर जब्त किया गया। खाद्य अधिकारी ने बताया कि बलौदाबाजार नया बस स्टैंड स्थित अंजू किराना स्टोर एवं राज आटा चक्की से क्रमशः 06 नग जिसमें 4 नग गैस सिलेंडर इण्डेन व 2 नग एचपी भरे हुवे प्राप्त हुए।इसी प्रकार राज आटा चक्की से 08 नग जिसमे 6 नग सिलेंडर इंडेन व 2 नग सिलेंडर एचपी के प्राप्त हुए जिसे जप्त कर माँ बमलेश्वरी गैस एजेंसी बलौदाबाजार को सुपुर्द किया गया जिसे द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस(प्रदाय वितरण विनियमन) आदेश 2000 के प्रावधानो के उल्लंघन करने पर उक्त 14 भरे हुए घरेलू गैस (14.2 चद्द) को जप्त कर कार्यवाही की गई। इस दौरान खाद्य निरीक्षक गुलशन अनंत सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।



## एक नजर

### भाजपा कार्यकर्ता से हजारों रुपये की अवैध वसूली

**सिमगा, 2 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के ब्लाक मुख्यालय सिमगा में भरष्ट नौकरशाहों पर भाजपा सरकार का खौफनहीं। भाजपा कार्यकर्ता नौकरशाहों को बतौर रिश्वत देने को मजबूर हैं, ।नगर का एक प्रमुख भाजपा कार्यकर्ता ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि पिछले कांग्रेस शासनकाल से नगर में कुंडली मारकर बैठे एक नौकरशाह द्वारा कार्यालय की सारी औपचारिकताऐं पूरी करने के बाद उनसे साठ हजार रुपये बतौर रिश्वत लिया गया है। उस समय उक्त नौकरशाह के सांथ एक अन्य संबंधित नौकरशाह भी उपस्थित था। मिली पुख्ता जानकारी के अनुसार हजारों रुपये की उक्त लेनदेन चार लोगों के बी च हुई है। नौकरशाहों द्वारा भाजपा कार्यकर्ता से ही हजारों रुपये की अवैध वसूली से सुशासन और भरष्टाचार मुक्त भाजपा सरकार की पोल खुल गई है। जिम्मेदार नौकरशाहों द्वारा ली गई हजारों रुपये रिश्वत की चर्चा संबंधित कार्यालय और चौक चौराहों में जारों पर है। बताते चलें कि संबंधित नौकरशाह कांग्रेस शासनकाल में अपने आपको कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री का नजदीकी बताता रहा है, अब सवाल यह उठता है कि भाजपा शासन में किसका करीबी है जो बेखौफहजारों रुपये की अवैध वसूली करने में मशगूल है।

### कबीर सागर तालाब की निर्माणाधीन दीवार गिरने के कारणों का जांच के लिए दल गठित

**बलौदाबाजार, 2 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विगत दिनों हुई भारी बारिश के कारण राजस्व अनुविभाग सिमगा अंतर्गत ग्राम दामाखेड़ा में कबीर सागर तालाब की निर्माणाधीन दीवार गिर गई है। दिवार गिरने की जांच हेतु कलेक्टर दीपक सोनी ने अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते की अध्यक्षता में जाँच दल का गठन किया है। जाँच दल में एसडीएम सिमगा अंशुल वर्मा, कार्यपालन अभियंता पीएम ग्राम सड़क योजना बलौदाबाजार चंद्रभान सिंह तंवर एवं कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलौदाबाजार आर.आर. महिलांगे शामिल है।जाँच दल जाँच पश्चात् अपना रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

### नाबालिग को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने वाले गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 2 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 31 जुलाई को प्रार्थी ने थाना सिटी कोतवाली में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि इसकी नाबालिक पुत्री 31 जुलाई को घर में किसी को बिना बताए कहीं चली गई है। आसपास पता तलाश करने पर नहीं मिल रही है। कि रिपोर्ट पर थाना गिधौरी में गुम इंसान क्र. 27/2024 तथा अपराध क्र. 154/2024 धारा 137 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज होते ही गुम इंसान पतासाजी की त्वरित कार्यवाही करते हुए कुछ ही घंटों में बालिका को 31 जुलाई को ही खोजबीन कर आरोपी आशुतोष के कब्जे से बरामद किया गया। बालिका से पूछताछ करने पर आरोपी आशुतोष उम्र 21 साल निवासी ग्राम भारतपुर थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वारा नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाकर, उसके सांथ घटना दिनांक से लगातार दुष्कर्म करना पाया गया। नाबालिक बालिका के कथन के आधार पर प्रकरण में धारा 64, 87 बीएनएस एवं 04, 06 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई है। पुलिस द्वारा आरोपी आशुतोष को 1 अगस्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।



## कलेक्टर के निर्देशों का भी नहीं हो रहा है असर

# जल जीवन मिशन योजना का बंठाधार

## टंकी तो बनी पर नल से ही नहीं आ रहा है पानी

- छुरा ब्लाक में जल जीवन मिशन का बुरा हाल
- कही टंकी लीकेज तो कहीं पाइप लाइन अधूरी
- ठेकेदार स्टैंड पोल निर्माण में मार रहे है डंडी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 2 अगस्त।** जल जीवन मिशन के तहत घर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने को लेकर पी एच ई विभाग के अधिकारी कितने गंभीर है इसका जीता जागता उदाहरण देखने को मिल जायेगा छुरा ब्लाक मे यहां जिम्मेदार अधिकारियो ने मानो ठेकेदार को भ्रष्टाचार कि खुली छूट दे रखी है ब्लाक मे चल रहे अधिकतर पानी टंकी निर्माण एक साल बीतने के बाद भी आधे अधूरे पड़े हुए है।

इधर ग्रामीण शुद्ध पेयजल के लिये नल के टोटीयो से शुद्ध जल मिलने कि आस लगाये बैठे है लेकिन विभागीय अधिकारी और ठेकेदार कि मिलीभगत से मोदी सरकार कि महत्वकांक्षी योजना पूरी तरह फैल होते नजर आ रही है।जल जीवन मिशन योजना के तहत 2024 तक हर घर शुद्ध जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन जिम्मेदार अफसरों के लापरवाही के चलते अभी तक आधा काम भी पूर्ण नहीं हो पाया है कई ग्रामो मे ठेकेदार द्वारा सिर्फ गलियों मे पाइप लाइन बिछाकर कार्य बंद कर दिया गया है।

ग्राम पंचायत कोसमी के आश्रित ग्राम नरतोरा मे ठेकेदार द्वारा गलियों मे एक वर्ष पहले पाइप लाइन बिछा दिया गया है जबकि एक साल बीतने के बाद भी टंकी निर्माण के लिये गड्ढे तक नहीं खोदा गया है, वही पी एच ई विभाग के अधिकारियो द्वारा ठेकेदार को भ्रष्टाचार करने कि खुली छूट दे दी गई है ज़ब अधिकारियो के पास घटिया निर्माण कि शिकायत लेकर जाते है तो अधिकारी जांच कराने कि बात कहकर भूल जाते है ग्राम पंचायत टोनहीडबरी के सुंदरपारा मे ठेकेदार ने विभाग से जल्दी पैसा निकलने के चक्कर मे प्लास्टिक पाइप के पाइप मे नल लगाकर जमीन मे गाड़ दिया है जबकि ठेकेदार को पांच बाई पांच का कांक्रीट से चबूतरा निर्माण किया जाना था लेकिन जिम्मेदार अधिकारी के आशीर्वाद से ठेकेदार ने सिर्फ जमीन मे सीधे पोल गाड़कर पैसा निकाल लिया इससे यह साबित होता है कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ब्लाक मे चल रहे कार्यो कि मानिटरिंग नहीं कर रहे है जिसका फायदा जमकर ठेकेदार उठा रहे है ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी पीएचई विभाग के मुख्यकार्यपालन अभियंता को नहीं है।

गरियाबंद पीएचई विभाग के मुख्यकार्यपालन अभियंता पंकज जैन से मिलकर सुंदरपारा मे ठेकेदार द्वारा स्टैंड पोल निर्माण मे किये गये भ्रष्टाचार कि शिकायत कि थी जिसपर एक सप्ताह के भीतर जांच कराने कि बात कही गई थी लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी जांच करने कोई अधिकारी नहीं पहुंच पाया है, इससे यह साबित होता है कि जिले के जिम्मेदार अधिकारी जानबूझ कर ठेकेदार को बचाने मे लगे हुए है।



### पाइप लाइन व स्टैंड पोल निर्माण में है मलाई, टंकी निर्माण में नहीं बचता है पैसा

जानकारों का कहना है कि जल जीवन मिशन के तहत बन रहे टंकी निर्माण के कार्य मे ज्यादा पैसे नहीं बचते इसलिये ज्यादातर ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन, और स्टैंड पोल का निर्माण कार्य जल्दी जल्दी करके कार्य रनिंग दिखाकर विभाग से रनिंग पेमेंट निकाल लेते है फिर कई जगहों पर ठेकेदार द्वारा या तो टंकी का निर्माण कार्य अधूरा छोड़ देते है या फिर टंकी का कार्य अपने मनमर्जी से धीरे धीरे कर रहे है।

### कलेक्टर के आदेश की हो रही अवहेलना

जिले के कलेक्टर दीपक अग्रवाल के द्वारा हर सप्ताह अधिकारियो कि बैठक लेकर जल जीवन मिशन के निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय सीमा पर कार्य करवाने का निर्देश देने के बाद भी पीएचई विभाग के अधिकारी निर्माण कार्यो को लेकर गंभीरता से नजर नहीं आ रहे है जिस गति से निर्माण कार्य चल रहा उससे यह लगता है कि केंद्र सरकार 2024 तक हर घर पानी पहुंचाने का लक्ष्य शायद ही 2024 तक पूर्ण होगा?

# चोरी का आरोपी गिरफ्तार, नकदी जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 2 अगस्त।** स्वामी टेहुमल कॉलोनी हेमू कल्याणी वार्ड के एक घर मे हुई की घटना मे शहर पुलिस को सफलता मिली जिसमे पुलिस ने एक चोर को धर दबोचा एसपी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतत् मानिटरिंग कर टीम को दिशा निर्देश दिया। शहर टी.आई.परिवेश तिवारी ने बताया आरोपी तोरवा बिलासपुर से गिरफ़्तार किया गया इस दौरान मुख्य आरोपी का नाम भी सामने आया है। गिरफ्तार आरोपी सेंडी चौहान संतोष चौहान पिता टीकाराम 21 साल देवरीडीह तोरवा बिलासपुर का निवासी है। मुख्य आरोपी फरार है. जिसकी पतासाजी की जा रही है, तिवारी ने बताया अज्ञात चोर की तलाश मे 500 सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये जिससे चोरो का सुराग मिला वहीं तीन पुलिस की टीम ने दिन रात एक करके चोरी की पतासाजी मे गंभीरता से काम किया। एसडीओपी एसडीओपी एश्वर्य चन्द्राकर व टी.आई.शहर परिवेश तिवारी ने खुद ही बिलासपुर मे टीम को लीड किया व रात भर सर्चिंग करके आरोपी तक़ पहुंचने मे महती भूमिका निभाई आरोपी से घटना के समय प्रयुक्त कपड़े, ऑरेंज साफा, मोबाइल के साथ बंटवारे मे मिली रकम 25000/-मे से 20000/-जप्त किया गया. फरार मुख्य आरोपी व अन्य की तलाश जारी है।




**न्यायालय नायब तहसीलदार सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.**

क्रमांक/ / ना.तह./वा./24
सिमगा, दिनांक 22/07/2024
रा.प्र.क्र RD202324500603100008/ अ/6 23-2024
ग्राम- दरचुरा प.ह.नं. 10

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमेन्द्र कुमार लहरे पिता सोनउ लहरे निवासी ग्राम दरचुरा तहसील सिमगा के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109,110 छ.ग.भू.रा. संहिता के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक कि बुआ स्व. धानबाई पति विशाल सतनामी के नाम पर ग्राम दरचुरा प.ह.नं. 10 तहसील सिमगा में कृषि भूमि खाता क्रमांक 367 में खसरा नंबर 1895 रकबा 0.202 हे. तथा खाता क्रमांक 622 में ख.नं. 1468, 1540/1 रकबा 1.108. 0.643 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 1.751 हे. राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। आवेदक की बुआ धानबाई की मृत्यु दिनांक 03/07/2024 को हो चुकी है। आवेदक की बुआ स्व. धान बाई ने अपने जीवनकाल में एक पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 18/10/2021 को पंजीयन कार्यालय सिमगा में दो गवाहों के समक्ष निष्पादित कर अपने नाम की समस्त चल अचल सम्पत्ति को आवेदक के नाम वसीयतनामा के मध्य से प्रदान कर दिया है। आवेदक पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर अपने बुआ के नाम की उपरोक्त भूमि को उनकी अंतिम इच्छानुसार अपने नाम पर दर्ज करने हेतु निवेदन किया गया है। आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, बी-1, खसरा की छायाप्रति संलग्न किया गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 14/08/2024 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
सिमगा



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202405092200089**

विषयः- अ-27
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः- 2023-2024
करवारी प.ह.न. 00022 [274/8(2.0230हे.)]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार - फिलोमिना पूर्ती, फिलिप पूर्ती, सेम्युल पूर्ती, स्मृति पूर्ती, बीना मसीह परसिवल पूर्ती, अशोककुमार, प्रशिला पूर्ती, सुनीलकुमार, रेखा पूर्ती, कुसुमलता, आशीष पुर्ती,
अनावेदक पक्षकार -अशोककुमार, रेखा पूर्ती, बीना मसीह, आशीष पुर्ती, सुनीलकुमार कुसुमलता, स्मृति पूर्ती, प्रशिला पूर्ती, सेम्युल पूर्ती, फिलोमिना पूर्ती, परसिवल पूर्ती, फिलिप पूर्ती.

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक परसिबल पूर्ती आ. स्व. प्रमोद कुमार पुर्ती एवं अन्य 07 सभी निवासी वार्ड नंबर 03 खैरागढ़ रोड नाका के पास डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा दिनांक 24/05/2024 को सी.टी. सीरीज क्रमांक सी.टी. 20232442040800007 भूईयां (लोक सेवा केन्द्र) के माध्यम से अपने शामिलात स्वामित्व की भूमि ग्राम करवारी प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. बेलगांव तहसील डोंगरगढ़ स्थित खसरा नंबर 274/8 रकबा 2.0230 हे. कृषि भूमि आवेदकगण एवं सुनील कुमार पुर्ती आ. स्व. जीवनप्रकाश पूर्ती एवं अन्य 02 के मध्य अंश के आधार पर खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.08.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26/07/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़



**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ :- जिला राजनांदगांव तहसील-डोंगरगढ़ प.ह.न.-00012 छीपा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202324420405400001

**ईश्तहार**

तहसील डोंगरगढ़ के प.ह.न. 00012 के अंतर्गत ग्राम छीपा के वर्तमान भूमिस्वामी खेलूराम पिता/पति-पिता-जोहन पता-छीपा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 409/2(0.0160), 49/3(0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता नाबा. लिलेश्वर वर्मा पिता/पति-बिरबल वर्मा पालक पिता बिरबल पता-निवासी ग्राम छीपा, तहसील डोंगरगढ़ , नाबा. पंकज वर्मा पिता/पति-बिरबल वर्मा पालक पिता बिरबल पता-निवासी ग्राम छीपा, तहसील डोंगरगढ़ के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23/08/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आम मुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31/07/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202407092200022**

विषयः-ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्ः-2023-2024
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- राजकुमार,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार आ. फंदुराम जाति मोची सा. डोगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्री सुशीला आ. राजकुमार का जन्म दिनांक 15.01.1986 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 06.08.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/07/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़


# संयुक्त टीम ने कोचिंग संस्थाओं का लिया जायजा सुविधाएं व सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 2 अगस्त।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर सोमवार को प्रशासनिक टीम द्वारा जिले के शहरों में संचालित कोचिंग संस्थाओं का निरीक्षण कर मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम द्वारा कोचिंग संस्थाओं में उपलब्ध सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, लाइब्रेरी, प्रवेश क्षमता आदि का जायजा लेकर जरुरी निर्देश दिए। बलौदाबाजार नगर में एसडीएम अमित कुमार गुप्ता एवं एसडीओपी निधि नाग के नेतृत्व में तहसीलदार, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सीएसपीडीसीएल, नगर पालिका अधिकारी की संयुक्त टीम ने प्रोफेजनल स्टडी सेंटर, बिलासपुर पीएससी एकेडमी, सहज़ एकेडमी, नरेन्द्र सेन कोचिंग, सेड़ी ट्रेनिंग सेंटर, आई सेक्ट कम्प्यूटर सेंटर, हेड वे कोचिंग, केशरवानी कोचिंग क्लासेस का निरीक्षण किया। इसी तरह कसडोल में एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा विक्ट्री इंस्टिट्यूट, गुरु कौटिल्य एकेडमी एवं स्टडी पॉइंट ट्यूशन सेंटर का निरीक्षण किया गया। सिमगा में आर्यन कम्प्यूटर सहित अन्य कोचिंग संस्थाओं का निरीक्षण किया गया। निरक्षण के दौरान संस्था के कमरों में पर्याप्त रौशनी, पेयजल, बालक -बालिका शौचालय, फर्नीचर, वेंटीलेशन, पार्किंग, अग्निशमन यन्त्र, सुरक्षा ऑडिट, बेसमेंट आदि की जानकारी ली गई।




**कार्यालय प्राचार्य,**
**शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भानपुरी,**
**जिला-बस्तर (छ.ग.)**

☎ 07867-299221 ✉:- itibhanpuri@gmail.com

क्रमांक-औप्रसं/भान./स्था./निविदा/सु.गा./2024/239/ भानपुरी, दिनांकः 29/07/2024

**//निविदा निरस्तीकरण सूचना//**

कार्यालय का पत्र क्रमांकः औप्रसं/भान./स्था./निविदा/सु.गा./2024/221/ भानपुरी, दिनांक 19/07/2024 एवं निविदा क्रमांक 01 दिनांक 19.07.2024 द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भानपुरी जिला बस्तर (छ.ग.) के परिसर की संपूर्ण सुरक्षा हेतु सुरक्षा एजेंसी के माध्यम से सुरक्षागार्ड रखे जाने हेतु दिनांक 12.08.2024 शाम 5:00 बजे तक प्रतिष्ठित सुरक्षा एजेंसी से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की गई थी।

अतएव उपरोक्त के संबंध में इस संस्था हेतु आमंत्रित निविदा अपरिहार्य कारणों से निरस्त की जाती है।

प्राचार्य
शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
भानपुरी, जिला-बस्तर (छ.ग.)

जी-242501529/4



**कार्यालय कलेक्टर, जिला- बीजापुर, छत्तीसगढ़**
**अल्पकालिक द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**
**(जिला निर्माण समिति)**

निविदा क्र./19 बीजापुर, दिनांक 31/07/2024

कलेक्टर, जिला बीजापुर की ओर से जिला खनिज संस्थान न्यास अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों को जिला निर्माण समिति के माध्यम से लोक निर्माण विभाग में दिनांक 01.01.2015 से प्रचलित एस.ओ.आर. (भवन निर्माण कार्य के लिए) दर प्रतिशत दर के आधार पर तथा लोक निर्माण विभाग में एकल पद्धति से पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमा. लागत राशि रू. (रू. लाख में) | अमानत राशि (रू.में) |
|---|---|---|---|
| 1 | उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य 1. कैका, वि.ख. बीजापुर 2. डोडीतुमान वि.ख. बीजापुर 3. पालनार वि.ख. 4. कोंडापल्ली, वि.ख. उसूर 5. पुसबाका, वि.ख. उसूर 6. भुर्री वि.ख. भैरमगढ़ 7. परकेली वि.ख. भैरमगढ़ 8. नुगूर वि.ख. भैरमगढ़ 9. कुंगलेर वि.ख. भैरमगढ़ | 14.33 प्रति ईकाई | 10700.00 प्रति ईकाई |

महत्वपूर्ण निर्देश :-

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि | - | 12/08/2024 सायं 5.00 बजे तक |
| निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | - | 20/08/2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की अंतिम तिथि | - | 20/08/2024 अपरान्ह 3.30 बजे तक |
| टेंडर फार्म का मूल्य | - | 750.00 प्रति फार्म |
| कार्य पूर्ण करने की समय सीमा | - | 03 माह |
| ठेकेदारों की श्रेणी | - | डी-श्रेणी या उससे ऊपर |

निविदा प्रपत्र कलेक्टर कार्यालय जिला निर्माण समिति शाखा बीजापुर में आवेदन के साथ ऊपर दर्शाये अनुसार निविदा प्रपत्र के मूल्य का डिमाण्ड ड्राफ्ट, चेक एवं नगद जो कि कलेक्टर बीजापुर के नाम से एवं बीजापुर में देय हो (जो वापसी योग्य नहीं है)।

टीपः- निर्माण के संबंध में अन्य आवश्यक विशेष नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालय के सूचना पटल में या वेबसाईट www.bijapur.gov.in पर उपलब्ध है।

कलेक्टर
जिला बीजापुर

जी-242501516/4

## एक नजर

### नए डीजीपी की नियुक्ति अधर में

**रायपुर, 2 अगस्त(मुख्य नगर संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ में नए पुलिस कॉप की तलाश शुरू हो गई है। गृह विभाग के नए निर्देशानुसार जिन आईपीएस अधिकारियों की सेवा 25 वर्ष हो चुकी है वे पुलिस महानिदेशक पद पर नियुक्त हो सकते हैं। वर्तमान डीजीपी अशोक जुनेजा का कार्यकाल 5 अगस्त को समाप्त हो रहा है। नए डीजीपी की पैनल में पवनदेव गौतम, अरुण देव गौतम एवं दीपांशु काबरा का नाम शामिल किया गया है। इसके अलावा अन्य तीन अधिकारियों का नाम भी जोड़ा जाना है। कैट से बाहर हुए जीपी सिंह की बहाली नहीं हो पाई है जिसके कारण वे अब इस पद की दौड़ से बाहर हो गए हैं।

### राज्यपाल डेका राज्यपालों के त्रिदिवसीय सम्मेलन में हुए शामिल

**रायपुर, 2 अगस्त ।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की अध्यक्षता में राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में 1 से 3 अगस्त तक आयोजित राज्यपालों के त्रिदिवसीय सम्मेलन में राज्यपाल श्री रमेन डेका सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति श्री जगदीश धनखड़, श्रीमती रानी डेका काकोटी भी उपस्थित थीं। समारोह में देश के सभी राज्यों के राज्यपाल उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 603.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर, 2 अगस्त ।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 603.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 02 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1435.0 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 258.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 393.0 मिमी, बलरामपुर में 623.5 मिमी, जशपुर में 421.8 मिमी, कोरिया में 443.7 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 414.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 521.6 मिमी, बलौदाबाजार में 663.5 मिमी, गरियाबंद में 620.9 मिमी, महासमुंद में 465.8 मिमी, धमतरी में 641.1 मिमी, बिलासपुर में 568.2 मिमी, मुंगेली में 626.6 मिमी, रायगढ़ में 488.0 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 271.8 मिमी, जांजगीर-चांपा में 542.1 मिमी, सक्ती 444.2 कोरबा में 736.6 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 529.0 मिमी, दुर्ग में 380.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 483.9 मिमी, राजनांदगांव में 682.2 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 811.9 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 462.2 मिमी, बालोद में 758.7 मिमी, बेमेतरा में 372.0 मिमी, बस्तर में 711.6 मिमी, कोण्डागांव में 697.4 मिमी, कांकेर में 889.4 मिमी, नारायणपुर में 777.4 मिमी, दंतेवाड़ा में 830.4 मिमी और सुकमा जिले में 958.3 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

### इलेक्ट्रिकल व पॉवर ट्रांसमिशन में 12 एमएम वायर रॉड को भारतीय मानक ब्यूरो से सर्टिफिकेशन

**रायपुर, 2 अगस्त।** जब भी इलेक्ट्रिकल व पॉवर ट्रांसमिशन की बात आती है, तो सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा होता है बेहतर गुणवत्ता वाले एल्युमीनियम वायर रॉड का। ऐसा वायर रॉड, जो न सिर्फ बेहतरीन चालकता सुनिश्चित करे, बल्कि हल्का और टिकाऊ भी हो। इसे बनाने वाली प्रमुख कंपनी वेदांता एल्युमीनियम ऐसे तमाम सवालों के जवाब देने के लिए तत्पर है, जिसके भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को), कोरबा, छत्तीसगढ़ में बनने वाली 12 एमएम वायर रॉड को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा प्रमाणित किया गया है। वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ जॉन स्लेवन ने कहा, वेदांता एल्युमीनियम, भारत एल्युमीनियम उद्योग की पहली कंपनी है, जिसने अपने अनेक एल्युमीनियम उत्पादों के लिए बीआईएस प्रमाणन हासिल किए हैं। यह नया प्रमाणन बेमिसाल उत्पाद क्वालिटी एवं एल्युमीनियम उद्योग में निरंतर नवाचार हेतु कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम निरंतर ऐसे आला दर्जे के एल्युमीनियम उत्पाद प्रस्तुत करने पर अपना ध्यान केन्द्रित करते हैं, जो उच्चतम मापदंडों को पूरा कर सकें।

### निधन

#### शेख अमीर



**रायपुर।** भारतीय खाद्य निगम के सेवानिवृत कर्मचारी शुक्रवारी बाजार गुढियारी निवासी शेख अमीर का 83 वर्ष की उम्र में 1अगस्त की रात निधन हो गया।उन्हें शुक्रवार को मौदहापारा कब्रस्तान में असर की नमाज के बाद सुपुर्दे खाक किया जाएगा। जनाजा शाम चार बजे उनके निवास से निकलेगा। वे भारतीय खाद्य निगम के सेवानिवृत कर्मचारी सफी मोहम्मद के भाई,पत्रकार शेख इस्माइल,शेख अनवर के पिता थे।

# वार्डों का परिसीमन: राजपत्र में शीघ्र जारी होगी अधिसूचना

## रायपुर नगर निगम में चुनाव लड़ने वाले महत्वाकांक्षी नेता सक्रिय

**हाईकोर्ट में लंबित परिसीमन के मामले पर फिलहाल प्रकाशन पर रोक**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 2 अगस्त।** नगरीय निकाय प्रशासन द्वारा प्रदेश की विभिन्न नगरीय निकायों में चुनाव के लिए वार्डों के परिसीमन के दावा-आपत्ति सुनवाई के पश्चात इसका शीघ्र ही प्रकाशन राजपत्र में कर दिया जाएगा। जिन चार नगरीय निकायों राजनांदगांव, कुम्हारी, तखतपुर और कवर्धा के परिसीमन का मामला हाईकोर्ट में लंबित है उनका प्रकाशन रोक दिया गया है।

नगर निगम रायपुर सहित 13 नगर पंचायतों एवं पालिकाओं के चुनाव कराने के लिए परिसीमन के लिए दावा-आपत्ति मंगाई गई थी अब उसकी समय-सीमा समाप्त हो गई है। अधिकारियों के अनुसार कुल 184 नगरीय निकायों का चुनाव कराया जाना प्रस्तावित है। इनमें से राजनांदगांव नगर निगम के अलावा तखतपुर, कुम्हारी तथा कवर्धा के परिसीमन के मामले को लेकर हाईकोर्ट में सुनवाई हो रही है। इसलिए यहां पर परिसीमन का मामला लटक गया है। राजपत्र में वार्डों के नई सीमा का प्रकाशन होने के बाद मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम शुरू हो जाएगा। राज्य में नगरीय निकाय चुनाव कराने के लिए कलेक्टर को दावा आपत्ति सुनने के लिए अधिकृत किया गया है। रायपुर नगर निगम के विभिन्न वार्डों के पार्षदों का कहना है कि नए परिसीमन से कई राजनीतिक समीकरण बनेंगे। रायपुर नगर निगम में 600 से अधिक दावा-आपत्तियां दर्ज की गई है। राजपत्र में प्रकाशन होने के बाद वार्ड के आरक्षण की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। ज्ञात रहे राज्य में नगरीय निकाय चुनाव कराने की घोषणा चालू वर्ष के नवम्बर माह में कर दी जाएगी।

**चुनाव लड़ने वाले संभावित प्रत्याशी वार्डों में सक्रिय**

राजधानी में पार्षद पद का चुनाव लड़ना काफी प्रतिष्ठापूर्ण हो गया है इसलिए सभी वार्डों में भाजपा और कांग्रेस के चुनाव लड़ने वाले संभावित प्रत्याशी काफी सक्रिय हो गए हैं। नए परिसीमन के तहत वार्डों की नई सीमाएं बनाई गई है। जिसके कारण विभिन्न जाति व वर्ग के प्रत्याशी भी अपना दावा ठोक रहे हैं। माधव राव सप्रे वार्ड के पार्षद विरेन्द्र देवांगन का कहना है कि नई सीमा बनाने के बाद शासकीय दस्तावेजों में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन कराना होता है। प्रति पांच वर्ष में यह परिसीमन किया जाता है कि जिससे नागरिकों को परेशानी हो रही है। महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के अलावा अन्य वार्डों की सीमा बदली गई है। राज्य में रायपुर, बिलासपुर तथा रायगढ़ में चुनाव लड़ने वाले महापौर पद के प्रत्याशी भी इस समय मुख्यमंत्री के यहां परिक्रमा कर रहे हैं। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय चुनाव कराया जाएगा। वार्डों के परिसीमन का प्रकाशन राजपत्र में होने के पश्चात मुख्य सचिव की अनुशंसा के पश्चात ही चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

# धान की रोपाई में आई तेजी

## सर्वाधिक वर्षा बीजापुर में व सबसे कम वर्षा सरगुजा में



**70 प्रतिशत बोआई का काम हुआ पूर्ण**

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 2 अगस्त।** प्रदेश में अनवरत वर्षा के कारण नदी-नाले उफान पर है। वहीं बांध और जलाशय लबालब हो गए हैं। रोपाई कार्य में तेजी आ गई है। पूरे प्रदेश में रिकार्ड औसत के अनुसार बीजापुर में सबसे ज्यादा और सरगुजा में सबसे कम वर्षा हुई है।

कृषि विभाग के अनुसार राज्य में कुल 38 लाख हेक्टेयर में धान की बोआई कराने का लक्ष्य है। लेकिन इस वर्ष इसे घटाकर 30 लाख हेक्टेयर कर दिया गया है। राज्य में सर्वत्र वर्षा होने के कारण अभी तक सात लाख 33 हजार एकड़ में रोपा का काम चल रहा है। इसके अलावा यहां पर कई जिला में जहां कम वर्षा हुई है वहां पर भी बोवाई का काम अंतिम चरण पर है। कृषि विभाग ने किसानों को पोटाश, यूरिया का उपयोग करने की सलाह दी है। अभी तक 70 प्रतिशत से अधिक बोवाई का कार्य पूरा हो चुका है। मौसम खुलने के बाद बियासी का काम शुरू किया जाएगा। धान के पौधों को पानी आवश्यकता होती है। फिलहाल पर्याप्त वर्षा हो गई है। सिंचाई विभाग के अनुसार राज्य के रविशंकर जलाशय परियोजना, केलो, हसदो तथा खूंटाघाट, तांदुला जलाशयों में भी लबालब पानी भर गया है। जशपुर जिले की मौसमी नदी राजपुरी और डोरका में भी पानी पुल के ऊपर से बह रहा है जिसके कारण जशपुर के आसपास का मार्ग अवरुद्ध हो गया है। इधर गरियाबंद, बीजापुर में भी अत्यधिक वर्षा होने के कारण कई सड़कों पर इसका प्रभाव पड़ा है। बीजापुर जिले की कई सड़कों की डामर की परतें उखड़ गई है।

मौसम विभाग के अनुसार बीजापुर में 1435 तथा सरगुजा में 425 मिमी वर्षा हुई है। रायपुर में 521 मिमी, भरतपुर-सोनहत तथा बैकुंठपुर में वर्षा का रिकार्ड कम दर्ज किया गया है। रायपुर जिले के कृषि उपसंचालक के अनुसार यहां पर भी बोवाई का काम शतप्रतिशत पूर्ण हो चुका है। किसान सहकारी समितियों से खाद का उठाव कर रहे हैं।

# विकास शिक्षा महाविद्यालय डूमरतराई के छात्रों व अध्यापकों ने किया पौधारोपण



**रायपुर 2 अगस्त।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक पेड़ मॉ के नाम पर लगाने के आव्हान पर आज विकास शिक्षा महाविद्यालय डूमरतराई के छात्रों व अध्यापकों ने वृक्षारोपण किया। पर्यावरण संरक्षण के महत्व व आवश्यकता को देखते हुए विकास शिक्षा महाविद्यालय के छात्रों व अध्यापकों ने महाविद्यालय परिसर में श्री अजय तिवारी जी अध्यक्ष महन्त लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय एवं डॉ. सुरेश शुक्ला अध्यक्ष विकास शिक्षण संस्थान के आतिथ्य में महाविद्यालय परिसर में आम व जामुन के पौधे अपनी-अपनी माता जी के नाम लगाए । इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यापकगण श्रीमती संगीता दुबे, अनुकृति शुक्ला, हिमलता साहू, वर्षा अग्रवाल, डेनिता साहू, वंदना यदु, खुशबू बाला, डोलेश्वरी होता, उमेश साहू बृजेश कुमार एवं छात्राध्यापकगण आरजू तिर्की, जागृति साहू, निशा, प्रीति डहरिया, पूनम, सीतेश्वरी, वीणा, चेतना विजयलक्ष्मी, लिलेश्वरी, हिमांशु, गुलशन, निरज हमेश्वर, राहुल, तिलक सूरज संदीप मोनिका प्रियंका, रूपाली, पद्मनावा, तन्मयआशुतोष जिज्ञासा महेश्वर, निलेश, पायल एवं अन्य वृक्षा रोपण में उपस्थित थें।

# सरकार उद्योगों और आम उपभोक्ताओं के लिए बढ़ाए बिजली के दाम वापस ले: दीपक बैज

**सरकार के तुगलकी निर्णय से 2 लाख मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट**



**रायपुर 2 अगस्त।** कांग्रेस ने मांग किया है कि सरकार उद्योगों और आम उपभोक्ताओं की बिजली के दामों की बढ़ोतरी को तत्काल वापस ले। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार के तुगलकी निर्ण के कारण राज्य की लौह उत्पादन इकाईयां बंद हो गयी है। इनमें काम करने वाले 2 लाख से अधिक मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने उद्योगों को राहत देने तथा उद्योगों में काम करने वाल छत्तीसगढ़िया मजदूरों की रोजी-रोटी बचाने के लिये उद्योगों के बिजली के दामों में विशेष रियायत दिया था ताकि छत्तीसगढ़ की लौह इकाईयां पड़ोसी राज्य से सस्ते में उत्पादन कर सके और राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाली लौह इकाईयों की मदद हो। इसके साथ ही कांग्रेस सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को भी 400 यूनिट तक की बिजली के दामों को आधा कर राहत प्रदान किया था। किसानों को 5 एचपी तक पंप के लिये बिजली मुफ्त मिलती थी। भाजपा की सरकार आने के बाद सरकार के आिर्थक कुप्रबंधन के कारण सभी वर्गो के बिजली के दाम बढ़ गये है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बिजली के साथ भाजपा सरकार आने के बाद जनता को पूरे 24 घंटे बिजली नहीं मिल रही है। पूरे प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती हो रही है। 7 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटो बिजली गोल हो जाती है। भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थायें। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। प्रदेश के अनेक जिलों में तो पूरी रात बिजली कटौती हो रही है। भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 24 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी। रवि फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलता था। कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे 5 साल में प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रु. तक की बचत हुई थी। 1000 रू. महीना महिलाओं को देकर भाजपा सरकार बिजली बिल के रूप में दुगुना वसूल रही है।

## जीएसटी काउंसिल के ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स टीम में ओपी चौधरी बनाए गए सदस्य

**रायपुर, 2 अगस्त।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी जीएसटी में सुधार के लिए हाल ही में जीएसटी काउंसिल के लिए ग्रुप ऑफमिनिस्टर्स का पुनर्गठन किया गया है। इस नए गठन में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस ग्रुप में दो राज्यों के उप मुख्यमंत्री समेत कुल आठ सदस्य शामिल हैं। नई दिल्ली जीएसटी काउंसिल की ओर से जारी पत्र के अनुसार, जीएसटी में सुधार के लिए यह पुनर्गठन किया गया है। ग्रुप का संयोजक महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री अजित पवार को बनाया गया है। उड़ीसा के उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के साथ पांच अन्य राज्यों के वित्त मंत्रियों को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। चौधरी को सदस्य बनाए जाने से छत्तीसगढ़ के वित्तीय दृष्टिकोण और अनुभव को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। वे लगातार राज्य के वित्तीय प्रबंधन और जीएसटी के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सुधार कर रहे हैं, जो इस समिति की कार्यप्रणाली को और सशक्त बनाने में मददगार साबित होगी। इस समिति का मुख्य उद्देश्य जीएसटी कानून, प्रक्रियाओं और नीतियों को प्रभावी बनाने के लिए सिफारिशें प्रदान करना है। यह सुनिश्चित करना है कि जीएसटी व्यवस्था सभी राज्यों की आर्थिक स्थितियों और जरूरतों के अनुरूप हो, जिससे समग्र आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

## श्रमिकों को अब नहीं करना होगा इंतजार सिंगल क्लिक पर जारी होगी राशि

**रायपुर, 2 अगस्त।** अब श्रम विभाग के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने वाले हितग्राहियों को राशि के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। मुख्यालय से अब एक क्लिक पर राशि जारी होगी। श्रम मंत्री सह अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल श्री लखन लाल देवांगन की अध्यक्षता में आज नवा रायपुर स्थित बोर्ड कार्यालय में हुई संचालक बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। लंबे समय से जानकारी मिल रही थी कि मुख्यालय से हितग्राहियों को राशि समय से जारी कर दी जाती है, लेकिन जिलों में आबंटित करने में देरी होती है।

इससे हितग्राहियों को बार-बार विभाग के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसपर श्रम मंत्री श्री देवांगन ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द से जल्द एक ऐसी प्रणाली बनाए जिससे हितग्राहियों को एक क्लिक में उनके खाते में राशि पहुंच सके। बैठक में श्रमायुक्त सह सचिव श्रम विभाग श्रीमती अलरमेल मंगई डी, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल सचिव श्रीमती सविता मिश्रा, समेत विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना के तहत अब ऑफलाइन और ऑनलाइन भी कोचिंग मिलेगी। वर्तमान में 10 जिलों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जा रही है। ब्लॉक और तहसील क्षेत्र के बहुत सारे ऐसे श्रमिक परिवार के बच्चे जो कोचिंग करना चाहते हैं, लेकिन दूरी अधिक होने की वजह से काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# प्रदेश में नवीन औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने पर जोर: उद्योग मंत्री

**रायपुर, 2 अगस्त।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने सीएसआईडीसी की बैठक में कहा है कि प्रदेश की नई औद्योगिक नीति 01 नवम्बर 2024 से लागू होगी। नई औद्योगिक नीति के आधार पर यहां निवेश करने का एक बड़ा आकर्षण होगा, जो न केवल राज्य के विकास को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को और मजबूती प्रदान करेगा। इससे प्रदेश में बेहतर औद्योगिक वातावरण का निर्माण होगा और प्रदेश के निवासियों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खनिज संसाधनों से भरपूर छत्तीसगढ़ में उद्योग धंधे स्थापित करने की भरपूर संभावनाएं हैं। छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) के संचालक मण्डल की 152वीं बैठक वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री सह अध्यक्ष सीएसआईडीसी श्री लखन लाल देवांगन की अध्यक्षता में उद्योग भवन में संपन्न हुई। बैठक में सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग श्री अंकित आनंद, संचालक नगर तथा ग्राम निवेश श्री सौरभ कुमार, सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक श्री पी. अरूण प्रसाद, वित्त विभाग के उप सचिव श्रीमती पूजा शुक्ला मिश्रा उपस्थित थे। बैठक में निम्नानुसार महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

नवा रायपुर, अटल नगर सेक्टर-22 में मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप 141.84 एकड़ में फार्मास्युटिकल पार्क की स्थापना किये जाने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। पार्क की स्थापना से नवीन निवेश के साथ - साथ स्थानीय रोजगार को बढावा मिलेगा। जिला जांजगीर-चांपा के ग्राम गतवा, बिर्रा एवं सिलादेही में निगम के आधिपत्य की 881.60 एकड भूमि पर आदर्श औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। जिला जांजगीर-चांपा के ग्राम भागोडीह, ग्राम मुक्ताराजा, ग्राम सरहर एवं ग्राम रिस्दा में निगम के आधिपत्य की भूमि में 245.29 एकड़ में आदर्श औद्योगिक क्षेत्र एवं 111.02 एकड में टैक्सटाईल पार्क की स्थापना हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। जिला-राजनांदगांव के ग्राम बिजेतला की 421.9 एकड़ भूमि में नवीन आदर्श औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

## मूक-बधिर बच्चों ने रोपे पौधे

# अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**रायपुर 2 अगस्त।** भले ही वे बोल-सुन नहीं पाते हैं किंतु उन्हें इस बात का अहसास है कि जीवन के लिए साफ-सुथरा पर्यावरण अत्यंत जरूरी है और साफ हवा तथा पानी के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है। बजाज कालोनी, न्यू राजेन्द्र नगर में अर्पण कल्याण समिति द्वारा संचालित अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल के मूक-बधिर बच्चों ने शाला परिसर में पौधे रोपकर अनुकरणीय कार्य किया है। पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन रायपुर रॉयल राउंड टेबल 317 तथा रायपुर रॉयल लेडिस सर्कल 197 ने संयुक्त रूप से किया था। इस अवसर पर स्कूल के छात्र दस वर्षीय लक्ष्य वर्मा के कान में श्रवण यंत्र लगाया गया। इससे वह सुनने तो



लगेगा ही साथ ही एक वर्ष तक निरंतर स्पीच थेरेपी देने से वह बोलने भी लगेगा। दोनों संस्थाओं के पदाधिकारियों व सदस्यों ने बच्चों के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। बच्चों को बिस्किट व चॉकलेट का वितरण कर छात्रावास के लिए जरूरत की सामग्रियां दी गई।

बच्चों ने खुद के द्वारा बनाए गए खूबसूरत फ्लावर पाट विकास आरआरआरटी 317 एवं शिखा गोयल चेयरमेन आरआरएलसी 197 को सम्मानपूर्वक प्रदान किए। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर डॉ. राकेश पाण्डेय ने बहरेपन को रोकने महत्वपूर्ण जानकारी दी। अर्पण कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा ने शाला की गतिविधियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में विकास छुगानी, गौरीशा राजपाल, जूही, तेजिंदर राजपाल, प्रगति, आरूषि अग्रवाल आदि मौजूद थे। आभार प्रदर्शन प्राचार्य कमलेश शुक्ला ने व्यक्त किया। संचालन स्कूल की को-ऑर्डिनेटर सीमा छाबड़ा ने किया।

## इन्दिरा आईवीएफ रायपुर की सुचारु रूप से कार्यसेवाएं शुरू

**रायपुर 2 अगस्त।** इन्दिरा आईवीएफ रायपुर को माननीय हाईकोर्ट छत्तीससगढ़ से अंतरिम रोक दिये जाने के बाद इसका पूर्ण संचालन शुरू हो गया है। अब इन्दिरा आईवीएफ हॉस्पिटल रायपुर निःसंतानता उपचार की समस्त आधुनिक सुविधाओं के साथ शुरू हो गया है। हॉस्पिटल सभी रोगियों के देखभाल के लिए उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करते हुए रियायती दरों में सुगम आईवीएफ उपचार और सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन्दिरा आईवीएफ रायपुर हमेशा से ही अनुभवी विशेषज्ञों और अत्याधुनिक तकनीक द्वारा बेहतर प्रजनन उपचार प्रदान करने के लिए समर्पित रहा है। हाल ही में माननीय हाईकोर्ट ने इन्दिरा आईवीएफ रायपुर को अंतरिम में अपनी फर्टिलिटी सेवाओं को फिर से शुरू करने के आदेश दिये हैं, जिससे माता-पिता बनने की इच्छा रखने वाले दम्पतियों को उपचार एवं सहयोग करना जारी रख सकते हैं। इन्दिरा आईवीएफ रायपुर में, हम प्रजनन उपचार से जुड़ी भावनात्मक और शारीरिक चुनौतियों को समझते हैं। निःसंतानता उपचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटूट है और प्रत्येक रोगी को उनकी समस्या व जरूरत के अनुरूप व्यक्तिगत उपचार योजनाएँ प्रदान करने का प्रयास करते हैं। सफलता के प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, हॉस्पिटल निसंतानता से प्रभावित दम्पतियों का उन्नत तकनीकों से उपचार का एक विश्वसनीय केंद्र बना हुआ है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26